ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26 पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये

**सुविचार**

जो बाहर की सुनता है वो बिखर जाता है, जो भीतर की सुनता है वो संवर जाता है!

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

रांची, सोमवार 23.09.2024 वर्ष 11, अंक 261 RNI No. - JHAHIN/2014/59110



प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



# विधायक पुष्पा देवी ने जेएसएलपीएस के कार्यक्रम में किया शिरकत

## विधायक ने चार किमी पथ निर्माण का किया शिलान्यास



**दीपक दुबे @ प्रभात मंत्र**

**पाटन :** पाटन छतरपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक पुष्पा देवी ने पाटन के सुगना पंचायत में जेएसएलपीएस समूह संकुल सेमरी कार्यालय मे आयोजित वार्षिक कार्यक्रम में शामिल हुई। कार्यक्रम की शुरुआत विधायक पुष्पा देवी सगुना मुखिया मंजू देवी, समाज सभी सुरेंद्र सिंह, बीपीएम के द्वारा दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस कार्यक्रम में विधायक ने कहा की समूह से जुड़ी हुई सभी बहने अच्छे तरीके से काम कर रही है। सभी जेएसएलपीएस समूह के बहनों को विधायक के द्वारा सम्मानित किया गया।इसी कार्यक्रम के दौरान सुगना पंचायत के साकन पीढ़ी गांव में मुख्य पथ से लेकर महूलिया गाँव तक चार किमी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास विधायक पुष्पा देवी ने की। मौके पर जिला परिषद के विधायक प्रतिनिधि उमेश सिंह, युवा समाजसेवी रंजीत कुमार सिंह, राकेश सिंह संदीप सिंह, चंदन सिंह संतोष सिंह आशीष सिंह, टोनी सिंह उदय सिंह, अनिल सिंह, संजय सिंह, नितेश सिंह, जमुना सिंह मनोज राम, रंजन कुमार, भरत राम, राम सूरत माझी विक्की सिंह, महेंद्र सिंह, नवीन सिंह, सुनील पाण्डेय, प्रवीण पाण्डेय समेत सैकड़ो लोग मौजूद थे।

# परिवर्तन यात्रा पर हुआ चर्चा, कार्यकर्ताओं में दिखा उत्साह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाटन :** छतरपुर पाटन विधानसभा क्षेत्र के विधायक पुष्पा देवी और पूर्व सांसद भाजपा नेता मनोज कुमार ने पाटन मंडल के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में परिवर्तन यात्रा के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा हुई। 24 तारीख को होने वाले परिवर्तन रैली का तैयारी पाटन मंडल में किया गया। जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष संजय सिंह ने किया। इस बैठक में अनुसूचित जाति के प्रदेश महामंत्री प्रभात भुइयां, जिला कार्यकारिणी सदस्य अशोक तिवारी, अरुण दुबे, मंडल मंत्री आनंद सिंह, मंडल उपाध्यक्ष प्रदीप चंद्रवंशी, महिला मंडल अध्यक्ष पूनम देवी, बबल प्रसाद, ओमप्रकाश पांडे, यमुना प्रसाद, भाजपा नेता राजू सिंह, मंडल महामंत्री अर्जुन दुबे, गणेश सिंह, पंचायत अध्यक्ष गुड्डू सिंह, अंजय सिंह, कामता सिंह, भाजपा नेता जैनेंद्र यादव, विनोद पांडे, समेत दर्जनों कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

# जायन्ट्स ग्रुप के सदस्यो ने किया पौधा रोपण



**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जायन्ट्स इंटरनेशनल सेवा सप्ताह के तहत रविवार को जायन्ट्स ग्रुप के सदस्यों ने शारदा मंदिर के प्रांगण में पौधरोपण किया। जायन्ट्स ग्रुप के सदस्यों ने आम, जामुन, कटहल आदि फलदार पौधा लगाया। मौके पर जायन्ट्स अध्यक्ष रंजन कुमार छोटू, राहुल जायसवाल, सुजीत कुमार अग्रवाल, शुभम कुमार, प्रमोद कुमार, हीरालाल प्रसाद, मुकेश भगत, वार्ड पार्षद राजेश कुमार उपस्थित थे।

# बोलेरों व बाइक की टक्कर में झामुमों के प्रखंड अध्यक्ष सहित तीन हुए घायल



**केतार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना अंतर्गत राजघाटी, बिमोड, चीरकुटहा के समीप रविवार को बोलेरो व बाइक की टक्कर में तीन लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए।प्राप्त जानकारी के अनुसार केतार झामुमों के प्रखंड अध्यक्ष बलीगढ़ के मोटनगवा गाँव निवासी 60 वर्षिय कामेश्वर सिंह पिता स्व0 मुंद्रिका सिंह व केतार बाजार निवासी 62 वर्षीय सुरेश प्रसाद पिता जय कृष्ण प्रसाद एक ही बाइक से दोनों लोग रविवार 10 बजे के करीब केतार थाना की ओर से घर लौट रहे थे इसी क्रम में केतार की ओर से आरही भवनाथपुर के मकरी गांव निवासी पर्व जिलापरिषद सह भाजपा जिला उपाध्यक्ष उमेन्द्र यादव स्वयं चला रहे बोलेरो वाहन से बकरी बचाने के क्रम में आरही बाइक में टक्कर मारदी। जिससे बाइक पर सवार दोनों लोग गिरकर ज़ख्मी हो गए साथ ही बोलेरों में बैठी उमेंद्र यादव की पत्नी केतार शाचरता विभाग के बीपीएम अनिता प्रकाश घायल हो गई।जानकारी पा कर थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी घटना स्थल पर पहुंचे और जख्मी हुए लोगो को तत्काल निजी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भवनाथपुर भेज दिया साथ ही वाहन को जब्त कर थाना लेगए। सूचना पाकर झामुमों नेता सह पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर पहुचे और घायल हुए लोगो का हाल-चाल जाना साथ ही चिकित्सको से बेहतर इलाज हेतु वार्ताएं की। भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सको ने प्राथमिक इलाज के पश्चात बेहतर इलाज हेतु कामेश्वर सिंह एवं सुरेश प्रसाद को गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया। उक्त दोनों लोगो का चोट पैर, घुटना, पसली सहित अन्य जगहों पर लगी है।

# विधायक ने वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** जमशेदपुर से पलामू होकर पटना तक जाने वाली बंदे भारत एक्सप्रेस का परिचालन शुरू हो गया. गढ़वा रोड स्टेशन पर रविवार को बंदे भारत एक्सप्रेस के स्वागत हेतु काफी संख्या में लोग एकत्रित हुए.झारखंड के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सह विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने आज गढ़वा रोड स्टेशन पर बंदे भारत एक्सप्रेस को हरा झंडा दिखाकर गंतव्य के लिए रवाना किया.श्री चंद्रवंशी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी व रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा झारखंड को वन्दे भारत ट्रेन का सौगात दी गई है, जिसका लाभ पलामू को भी हुआ है. वरीय रेल अधिकारियों ने बताया कि यह बंदे भारत एक्सप्रेस जमशेदपुर से खुलकर बरकाकाना जंक्शन, डाल्टनगंज, गढ़वा रोड, सोन नगर, गया भया पटना तक जायेगी. अभी यह एक्सप्रेस सप्ताह में एक दिन चलेगी. प्रत्येक रविवार सुबह 11.50 बजे गढ़वा रोड़ पहुंचेगी जो पटना के लिए जायेगी. वहीं सोमवार को शाम 5 बजे के लगभग पटना से गढ़वा रोड़ आयेगी. मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र यादव,सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय, डॉ बी पी शुक्ला, विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय, राम, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अमरेश तिवारी, संतोष राम, प्रमोद दिक्षीत, छोटन सिंह, अनिल पासवान, केयास चौधरी, सुरेंद्र माला कार, ज्वाला गुप्ता, शिववंश मिश्रा, विकास चौबे, उपेंद्र तिवारी सहित कई लोग मौजूद थे।

# किसान संकल्प महापंचायत की तैयारी पूरी, किसान उत्साहित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** किसान ब्रिगेड हुसैनाबाद द्वारा आयोजित किसान संकल्प महापंचायत की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। आगामीआज जपला के अनुमंडल मैदान में यह ऐतिहासिक महापंचायत आयोजित की जाएगी। इस कार्यक्रम को लेकर विधानसभा क्षेत्र के कोने-कोने से किसान, मजदूर, बेरोजगार युवा और महिलाएं बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए उत्सुक हैं। सभी का एक ही उद्देश्य है–नए, भ्रष्टाचार मुक्त हुसैनाबाद का निर्माण और किसान, मजदूरों के अधिकारों की रक्षा।किसान संकल्प महापंचायत में विभिन्न ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा होगी, जिसमें किसानों के अधिकार, भ्रष्टाचार उन्मूलन, बेरोजगारी, युवाओं के भविष्य और महिलाओं के सशक्तिकरण के विषय शामिल हैं। इस महापंचायत का मुख्य उद्देश्य किसानों और मजदूरों की समस्याओं पर सरकार और प्रशासन का ध्यान आकर्षित करना है, साथ ही भविष्य के लिए एक नए मार्ग की नींव रखना है। आयोजन की संयोजक समिति के अनुसार, यह महापंचायत हुसैनाबाद क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगी। सभी वर्गों के लोग इस आयोजन में भागीदारी सुनिश्चित कर रहे हैं और इस महापंचायत को सफल बनाने के लिए तैयार हैं। किसान ब्रिगेड हुसैनाबाद की ओर से सभी माताओं, बहनों, बेरोजगार युवा साथियों, किसान और मजदूर भाइयों से अपील है कि वे इस महापंचायत में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं। आइए, मिलकर एक नए और बेहतर हुसैनाबाद की नींव रखें।आपकी सहभागिता से ही बदलाव संभव है, और इस बदलाव का संकल्प इस महापंचायत से प्रारंभ होगा।

# बूढ़ीवीर में मेडिको लीगल अवरनेस का शिविर का आयोजन




**चैनपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला विधिक सेवा प्राधिकार व जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में रविवार को मेडिको विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन चैनपुर प्रखंड के बूढ़ीवीर पंचायत में किया गया। जिसके तहत गरीब लाचार लोगों को चिकित्सकों के द्वारा मुक्त इलाज व दवा का वितरण किया गया। इस मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान ने कहा कि मेडिको लीगल अवेयरनेस कैंप के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचकर लोगों को स्वास्थ्य सुविधाओं का जानकारी दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसके माध्यम से लोगों को मुफ्त उपचार के साथ-साथ दवा वितरण किया जा रहा है।साथ ही स्वास्थ्य के प्रति लोगों को जागरूक भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज गांव देहात में लोग दवा से ज्यादा डायन ओझा के चक्कर में पड़कर जान गवा बैठते हैं।डायन भुत कोई चीज नही है यह एक अंधविश्वास है।इससे बचे व लोगों को जागरूक होने की जरूरत है ।उन्होंने कहा कि बीमार पड़ने की स्थिति में सबसे पहले चिकित्सकों का परामर्श लेना चाहिए। इस मौके पर पीएलभी करण थापा, विनय प्रसाद, श्रीकांत तिवारी आदि लोगों ने भी जिला विधिक सेवा प्राधिकार से प्रदत सुविधाओं के बारे में जानकारी दी साथ ही कहा कि कोई भी व्यक्ति किसी भी तरह का समस्या को जिला विधिक सेवा प्राधिकार के पास रख सकते हैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के माध्यम से उनके समस्याओं का समाधान किया जाता है।इस मौके पर दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

# युवा बाल संघ के अध्यक्ष बने जयशंकर गुप्ता व सचिव रवि यादव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद शहर के रेलवे कॉलोनी स्थित आशुतोष धाम में दुर्गा पूजा युवा बाल संघ समिति एवं आम लोगो की एक बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता रजनीश कुमार ने की। बैठक में सर्वसम्मति से मां दुर्गा पूजा को सम्पन्न कराने के लिए एक पूजा समिति का गठन किया गया। इसमें जयशंकर गुप्ता को अध्यक्ष, रवि यादव को सचिव, प्रमोद मेहता को उपाध्यक्ष, रामलाल साव को उप सचिव, सन्नी विश्वकर्मा, जिशु कुमार को कोषाध्यक्ष, रोहित कुमार यादव व सोनू कुमार को उप कोषाध्यक्ष, राजा कुमार, मुरारी गुप्ता, टुकी कुमार को पंडाल व्यवस्थापक, पंकज, ऋषि, सुधांशु, दूलार को प्रसाद व्यवस्थापक, छोटू शर्मा, छोटू पासवान व कौशल कुमार को कलश यात्रा व्यवस्थापक, जबकि प्रकाश अग्रवाल, राजेश्वर सिंह, बिजय सिंह, रवि कुमार गुप्ता, सुजीत मेहता को संरक्षक, वही राहुल, सुभाष, गोल्डेन, प्रदीप, मोदन वाल, रितिक, मोनू, ऋषभ, मोहित, दीपू, सैनिक, कुर्बान, रूपक व अजय को सक्रिय सदस्य मनोनीत किया गया।

# जात धर्म की नही सिर्फ विकास की बात करता हूं : अभिमन्यु सिंह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** वरीय समाजसेवी सह राजनेता अभिमन्यु सिंह उर्फ बबलू सिंह ने रविवार को विश्रामपुर नगर परिषद के झगरूआ, उरसुला, लकड़ही सहित कई गांवों का दौरा किया.इस दौरान उन्होंने लोगों की समस्या सुनी और समाधान हेतु सार्थक प्रयास करने का भरोसा दिया. श्री सिंह ने युआवों के आग्रह पर अपनी ओर से खेल सामग्री भी उपलब्ध कराई.इसके अलावा उन्होंने दो जगह पर अंजू अभिमन्यु के नगर टीम द्वारा आयोजित नुक्कड़ सभा को भी संबोधित किया. कहा कि हम जात धर्म की नही सिर्फ विकास की बात करने आए हैं. औरों की तरह राजनीत मेरे लिए कोई व्यापार नही बल्कि सेवा का माध्यम है. हमारी इच्छा है कि विश्रामपुर की तस्वीर और तकदीर बदले, जिसमे सभी का सहयोग जरूरी है. सभा मे कई लोगों अंजू अभिमन्यु टीम में शामिल हुए. मौके पर अंजू अभिमन्यु टीम के नगर अध्यक्ष श्याम बिहारी विश्वकर्मा, प्रवीन सिंह, ओम प्रकाश यादव, कन्हाई मेहता, विनोद विश्वकर्मा, छठु भुइयां, विश्वनाथ भुइयां, अवधेश रावत, विनोद भुइयां, मुन्ना कुमार, योगेंद्र कुमार, कामता प्रसाद, चंदन कुमार, पंकज कुमार, दिलीप कुमार, आदित्य कुमार, अनिता देवी, रवींद्र पांडेय सहित कई लोग मौजूद थे।

# आजसू पार्टी का गढ़वा रंका व भवनाथपुर विस में चुनाव लड़ने का निर्णय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** आजसू पार्टी जिला कमेटी के बैठक पार्टी के अस्थाई जिला कार्यालय गढ़वा में जिलाध्यक्ष दीपक शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने अपने अपने विचार व्यक्त किए। सर्वसम्मति से गढ़वा-रंका एवं भवनाथपुर विधान सभा चुनाव लड़ने का निर्णय लिया गया। सभी पदाधिकारी एवं प्रखंड प्रभारियों को निर्देश दिया गया कि बुथ कमेटी गठन में तेजी लाते हुए 5 अक्टूबर तक बुथ कमेटी का गठन कर जिला कमेटी को सौंपे। गढ़वा एवं भवनाथपुर विधानसभा से चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशी आगामी 27 सितंबर तक जिला अध्यक्ष के पास बायोडाटा के साथ आवेदन कर सकते हैं। 28 सितंबर को गढ़वा रंका का विधानसभा क्षेत्र के ग्राम प्रभारियों का सम्मेलन करने का निर्णय लिया गया है। बैठक को संबोधित करते हुए दीपक शर्मा ने कहा कि यह चुनाव कार्यकर्ताओं के बदौलत हम जीत सुनिश्चित करेंगे। इस अवसर पर पार्टी के जिला प्रधान सचिव त्रिपुरारी सिंह, केंद्रीय सचिव चंपा देवी केंद्रीय सदस्य नंदू ठाकुर, डॉ इस्तेयाक रजा, राजू प्रसाद, डॉ रविंद्र नाथ ठाकुर, प्रदेश संयोजक युवा आजसू, जिला प्रवक्ता गोरख नाथ चौधरी, विकास कुमार, रामाशंकर बेजियर, श्रवण राम आदि उपस्थित थे।

# प्रखंड ग्राम सभा मंच की बैठक हुई संपन्न



**सिमडेगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** ठेठईटांगर प्रखंड में ग्राम सभा मंच को लेकर ठेठईटांगर प्रखंड की विशेष बैठक रखी गई जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष सिप्रियन समद के द्वारा किया गया , बैठक में अध्यक्ष सिप्रियन के द्वारा ग्राम सभा का अधिकार, पंचायत एवं ग्राम सभा के बीच में दूरी को लेकर चर्चा हुई साथ ही वन उपज, आदि में ग्राम सभा को महत्व नहीं देने पर भी चर्चा की गई एवं साथ ही मानव तस्करी ,शिक्षा, व्यापार ,एवं सामाजिक बातों पर भी चर्चा किया गया द्य इन सब में कई प्रकार के कमियों को बताते हुए उस पर सुधार लाने की बातें कही गई, साथ ही साथ सभी राजस्व ग्राम में ग्राम सभा को सशक्त एवं मजबूत बनाते हुए कमेटी विस्तार पर विशेष ध्यान दिया गया द्य कई राजस्व ग्रामों में तिथि निर्धारित किया गया ताकी वहां जाकर जिला कमेटी या प्रखंड कमेटी के सदस्यों के उपस्थिती में ग्राम सभा समिति का गठन किया जाएगा एवं सभी ग्राम सभा समिति बन जाने के बाद एक वृहत रूप से कार्यशाला आयोजन करने को लेकर के चर्चाएं की गई द्यमौके पर ग्राम सभा मंच के जिला अध्यक्ष समर्पण सुरीन, प्रमुख सह जिला ग्राम सभा मंच के सदस्य बिपिन पंकज मिंज, प्रखंड ग्राम सभा मंच के अध्यक्ष सह बंबलकेरा ग्राम प्रधान सिप्रियन समद, ग्राम प्रधान अजर कुल्लू, ग्राम प्रधान दशरथ सिंह, ग्राम प्रधान प्रभा बरला, ग्राम सभा सचिव बीरबल बड़ाईक, ग्राम प्रधान लोरेंतुस सोरेंग, ग्राम प्रधान जगन्नाथ कालो, मुंजनी देवी, अनिमा जोजोवार, प्रिसिला डुंगडुंग, रजनी बागे, जोर्जिना समद, आदि मौजूद थे।

# श्री सर्वेश्वरी समूह मानव मात्र की सेवा करना सिखलाता है



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** श्री सर्वेश्वरी समूह मानव मात्र की सेवा करना सिखलाता है हम सबों को श्री सर्वेश्वरी समूह के छत्र छाया में आकर उच्च कोटि का जीवन निर्माण करना चाहिए उक्त बातें श्री सर्वेश्वरी समूह के स्थापना दिवस के अवसर पर स्थानीय सर्वेश्वरी समूह शाखा नगर ऊंटरी में गोष्ठी को संबोधित करते हुए डेंटल कॉलेज के कुलपति डॉ दिनेश सिंह ने कही। उन्होंने कहा कि अघोरेश्वर महाप्रभु के विचारों पर चलकर मनुष्य अपना उद्धार कर सकता है। श्री सर्वेश्वरी समूह समाज में व्याप्त कुरूतियो दहेज प्रथा, छुआछूत, नशाखोरी, उसके मिटाने के लिए जन जागरण का कार्य किया करते हैं। इसलिए हम सब अपने परिवार, अपने अपने बच्चों को सर्वेश्वरी समूह से जोड़े और अघोरेश्वर के छत्रछाया में उनके उज्जवल भविष्य का निर्माण करने का काम करें। उन्होंने कहा कि असाध्य रोग से पीड़ित लोगों के लिए विभिन्न स्थानों पर कैंप लगाते है चाहे वह मिर्गी के बीमारी हो चाहे अन्य असाध्य रोग से पीड़ित हो। गोष्ठी को प्रो प्रशांत सहाय, पारस नाथ सिन्हा,सोमनाथ प्रसाद, मंत्री आनंद जायसवाल, ने संबोधित किया।मौके पर संयुक्त मंत्री नागेंद्र प्रसाद, संजीव सिन्हा, नवनीत सिन्हा, मनोज प्रताप देव, दुर्गेश सिन्हा, परशु गुप्ता, गोल्डन कुमार, सुशील सिन्हा, टुन्नु प्रसाद, अरुण यादव, आशा श्रीवास्तव, कुमकुम देव, आशा जायसवाल, छाया सिंह, सोनी देवी, दुर्गा कुमारी, प्रिया यादव, नीलम यादव सहित अन्य लोग उपस्थित थे। गोष्ठी का संचालन प्रचार मंत्री राजेंद्र यादव ने किया। इससे पूर्व प्रातः पांच बजे समूह के सदस्यों ने प्रभात फेरी निकाला जो शहर के नरखोरियां, हालीवंता, हुलहुला, मेन मार्केट होते हुए जंगीपुर तक होते हुए वापस आश्रम आया इस दौरान सदस्यो ने श्री सर्वेश्वरी समूह 21 सितंबर स्थापना दिवस अमर रहे। जबकि शाखा के मंत्री आनंद जायसवाल के द्वारा समूह का ध्वजारोहण के पश्चात सफलयोनी का सामूहिक पाठ किया गया। दोपहर में सामूहिक भंडारे का आयोजन किया गया जिसमे हजारों लोगों ने प्रसाद पाया।

# सत्संग उपासना केंद्र के प्रांगण में सत्संग का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** श्री श्री ठाकुर अनुकूलचन्द्र जी के अनुयायियों द्वारा सत्संग उपासना केंद्र के प्रांगण में सत्संग का आयोजन किया गया। सत्संग का आयोजन बन्देपुरुषोतम ध्वनि, शंख ध्वनि के बीच दीप प्रज्वलित कर किया गया।इसके बाद समवेत नाम जप, ध्यान, सत्यानुशरण ग्रंथ व नारी नीति ग्रंथ का पाठ किया गया। संगीतांजली कार्यक्रम में सत्यवंती देवी, चंचला गुप्ता, अनिता सिन्हा, पूजा देवी, मुस्कान कुमारी ने भक्ति मूलक भजन प्रस्तुत किया। इष्टचर्चा करते हुये सत्संगी अखिलेश प्रसाद ने कहा कि प्रत्येक मनुष्य को अपने संस्कार का ज्ञान होना चाहिये। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति श्री श्री ठाकुर जी का दीक्षा ग्रहण करते हैं, दीक्षा ग्रहण करते समय जो संकल्प कराये जाते हैं, उन संकल्प को याद रखना चाहिये। सभी दीक्षित लोगो को अपने कर्त्तव्य पथ पर चलना चाहिये। ऋत्विक विजय नंदन सिन्हा ने कहा कि सत्संग जीवन का आधार है। सत्संग आश्रम देवघर से सभी जिलों का भ्रमण करते हुये एक डीपी वर्क्स की टीम यहां आयेगी। उनका स्वागत करना चाहिये। वे लोग गढ़वा जिला के सभी क्षेत्रों का भ्रमण करेंगे तथा जहां जहां सत्संगी वृन्द हैं, उनसे संपर्क स्थापित करेंगे। उन्होंने कहा कि हम सबों का कर्तव्य है कि हम लोग उनकी सहायता करें। सत्संगी को सत्संग के माध्यम से अवश्य जुड़ना चाहिये। सद्ग्रन्थ का पाठ करने से मन और बुद्धि तीक्ष्ण हो जाती है, मन एकाग्रचित्त हो जाता है। ऋत्विक धृतिसुन्दर लाल ने कहा कि डीपी वर्क सभी सत्संगियों को करना है। सत्संग में गीता देवी, वृंदा देवी, उषा देवी, दीप माला, निर्मला जायसवाल, माला जायसवाल, प्रभा देवी, प्रमिला देवी, सुजय, विजय, संजय मेहता, प्रीतम, शिवम, धृतिदीप्त, राजकुमार, अजय दा, पप्पू जायसवाल, शक्तिदास सिन्हा, रिशु कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26 पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

रांची, सोमवार 23.09.2024 वर्ष 11, अंक 261

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

**सुविचार**

जो बाहर की सुनता है वो बिखर जाता है, जो भीतर की सुनता है वो संवर जाता है!

## क्विक न्यूज

### तालाब में नहाने गए दो मासूम की डूबने से हुई मौत

**जालौन :** जालौन में रविवार को एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां पर जालौन कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला चुर्खी बाल में बने तालाब में चूर्खीबाल मोहल्ले का निवासी सोहिल उर्फ कल्लू 10 वर्ष और अकरम उर्फ नाजिर अली उम्र करीब 11 वर्ष अपने दो अन्य साथियों के साथ मोहल्ले के ही चुर्खीबाल में बने तालाब में नहाने गया था। जैसे ही नहाते नहाते हुए गहरे तालाब में चले गए और डूब गए। चारों किशोर को तालाब में डूबता देख आसपास के लोगों ने छलांग लगाते हुए डूब रहे किशोर को बाहर निकाला और उन्हें तत्काल इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जालौन में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने अकरम उर्फ नजीर तथा सोहिल उर्फ कल्लू को मृत घोषित कर दिया।

### वरिष्ठ साहित्यकार कमलेश भारतीय को मिला साहित्य रत्न सम्मान

**हिसार :** साहित्यकार व हरियाणा ग्रंथ अकादमी के पूर्व उपाध्यक्ष कमलेश भारतीय को नोएडा में आयोजित मरवाहा लिटरेरी फेस्टिवल में साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए साहित्य रत्न सम्मान प्रदान किया गया है। कमलेश भारतीय को यह सम्मान मरवाहा स्टुडियो व फिल्केम व पत्रकारिता संस्थान के संचलक संदीप मरवाहा ने रविवार को प्रदान किया। कमलेश भारतीय मूलत ~ पंजाब के नवांशहर के रहने वाले हैं पर पिछले 27 साल से हिसार मे रह रहे हैं। उन्हें पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी के हाथों श्रेष्ठ कृति सम्मान, हरियाणा साहित्य अकादमी व पंकस अकादमी, जालंधर से श्रेष्ठ पत्रकारिता सम्मान और पंजाब के भाषा विभाग से वर्ष की सर्वोत्तम कथा कृति सम्मान सहित अनेक सम्मान मिल चुके हैं।

### मुंबई एयरपोर्ट पर 3.12 करोड़ रुपये का सोना और हीरा बरामद, तीन गिरफ्तार



**मुंबई :** सीमा शुल्क विभाग की टीम ने मुंबई एयरपोर्ट पर दो अलग-अलग मामलों में कुल 3.12 करोड़ रुपये के सोने और हीरे के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनमें करीब 1.58 करोड़ रुपये कीमत का 2.286 किलोग्राम सोना और 1.54 करोड़ रुपये का हीरा शामिल है। इस मामले की गहन छानबीन कस्टम विभाग की टीम कर रही है। मुंबई कस्टम सूत्रों ने रविवार को बताया कि कस्टम ने पहले मामले में दुबई से मुंबई आ रहे एक संदिग्ध यात्री को रोका और उसके पास से तस्करी के 24 कैरेट सोने की 12 छड़ें (कुल वजन 1400 ग्राम) बरामद किया। इस सोने की अनुमानित कीमत 97,00,236 रुपये है।

### भारतीय शतरंज टीम ने ओपन वर्ग में जीता स्वर्ण, इतिहास में पहली बार हासिल की यह उपलब्धि

**नई दिल्ली :** भारत ने शतरंज ओलंपियाड 2024 में ओपन वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया। इस टूर्नामेंट में यह भारत का पहला स्वर्ण है। इससे पहले भारत ने 2022 में कांस्य पदक जीता था। यह टूर्नामेंट घरेलू सरजमीं पर ही आयोजित किया गया था। वहीं, 2014 में भारतीय टीम ने कांस्य पदक जीता था।भारतीय टीम में गुकेश, प्रज्ञानंद, अर्जुन एरिगैसी, विदित गुजराती, पेंटाला हरिकृष्णा और श्रीनाथ नारायणन (कप्तान) शामिल थे। अर्जुन एरिगैसी और डी गुकेश ने अपने-अपने मुकाबलों में जीत हासिल की और दूसरे स्थान पर रहने वाले चीन ने अमेरिका के खिलाफ दो अंक गंवाए, जिससे भारत को फायदा मिला और पदक जीतने में कामयाबी मिली।

### ईरान की कोयला खदान में गैस लीक होने के बाद हुआ भयानक विस्फोट, 51 लोगों की हुई मौत

**तेहरान :** पूर्वी ईरान में एक कोयला खदान में मीथेन गैस लीक होने के कारण हुए विस्फोट में कम से कम 51 लोगों की मौत हो गई और बड़ी संख्या में लोग घायल हुए हैं। ईरान की सरकारी मीडिया ने अपनी एक खबर में रविवार को यह जानकारी दी। सरकारी समाचार एजेंसी 'आईआरएनए' ने अपनी खबर में बताया कि राजधानी तेहरान से करीब 335 किलोमीटर दूर दक्षिण पूर्व में तबास में स्थित एक कोयला खदान में शनिवार देर रात यह दुर्घटना हुई है जिसमें 51लोग मारे गए हैं। इसमें कहा गया है कि अधिकारियों ने आपात कर्मियों को घटनास्थल भेजा है। हादसे के वक्त खदान में करीब 70 लोग काम कर रहे थे।

**रांची का तापमान**

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 38° |
| न्युनतम | 26° |

### आतंकवाद व चीन सागर को लेकर क्वॉड नेताओं ने जाहिर की चिंता

# हिंद-प्रशांत हमारी प्राथमिकता: पीएम मोदी

**एजेंसी**

**न्यूयार्क :** क्वाड शिखर सम्मेलन में सभी चार देशों भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया के राष्ट्राध्यक्ष ने एक संयुक्त बयान जारी किया। जिसमें सभी नेताओं ने आतंकवाद और हिंसक उग्रवाद पर चिंता जाहिर की। इसके अलावा क्वाड नेताओं ने पूर्वी और दक्षिण चीन सागर की स्थिति पर अपनी राय रखी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि क्वाड किसी के खिलाफ नहीं है बल्कि यह नियमों पर आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था और संप्रभुता के सम्मान के पक्ष में है। प्रधानमंत्री मोदी ने शिखर सम्मेलन में कहा,स्वतंत्र, खुला, समावेशी और समृद्ध हिंद-प्रशांत हमारी प्राथमिकता है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने अपने गृहनगर विलमिंगटन में वार्षिक क्वाड शिखर सम्मेलन की मेजबानी की। क्वाड समिट में ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज और जापान के प्रधानमंत्री फुमिओ किशिदा शामिल हुए।प्रधानमंत्री मोदी ने कहा,हमारा संदेश स्पष्ट है कि क्वाड कायम रहेगा, सहायता करेगा, साझेदारी करेगा और पूरक बनेगा। उन्होंने कहा,हमने मिलकर स्वास्थ्य सुरक्षा, महत्वपूर्ण एवं उभरती प्रौद्योगिकियों, जलवायु परिवर्तन, क्षमता निर्माण जैसे क्षेत्रों में कई सकारात्मक एवं समावेशी पहल की हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि क्वाड के नेता ऐसे समय में एकत्र हुए हैं जब पूरी दुनिया तनाव और संघर्षों से घिरी हुई है। ऐसे समय में क्वाड का अपने लोकतांत्रिक मूल्यों के साथ मिलकर काम करना पूरी मानव जाति के लिए अहम है। प्रधानमंत्री मोदी अमेरिका की तीन दिवसीय यात्रा पर हैं।

#### पूर्वी और दक्षिण चीन सागर पर रखी अपनी बात

पूर्वी और दक्षिण चीन सागर का जिक्र करते हुए क्वाड नेताओं ने कहा, हम पूर्वी और दक्षिण चीन सागर की स्थिति को लेकर गंभीर रूप से चिंतित हैं। हम विवादित विशेषताओं के सैन्यीकरण और दक्षिण चीन सागर में बलपूर्वक और डराने-धमकाने वाले युद्धाभ्यासों के बारे में अपनी गंभीर चिंता व्यक्त करना जारी रखते हैं। हम खतरनाक युद्धाभ्यासों के बढ़ते उपयोग सहित तट रक्षक और समुद्री मिलिशिया जहाजों के खतरनाक उपयोग की निंदा करते हैं। हम अन्य देशों की अपतटीय संसाधन दोहन गतिविधियों को बाधित करने के प्रयासों का भी विरोध करते हैं। हम इस बात की पुष्टि करते हैं कि समुद्री विवादों को शांतिपूर्वक और अंतर्राष्ट्रीय कानून के अनुसार हल किया जाना चाहिए।



#### यूक्रेन युद्ध पर की चर्चा

यूक्रेन में जारी युद्ध को लेकर भी क्वाड नेताओं ने चिंता जाहिर की है। उन्होंने कहा,हम यूक्रेन में चल रहे युद्ध पर अपनी गहरी चिंता व्यक्त करते हैं, जिसमें भयानक और दुखद मानवीय परिणाम शामिल हैं। हम में से प्रत्येक ने युद्ध शुरू होने के बाद से यूक्रेन का दौरा किया है और इसे प्रत्यक्ष रूप से देखा है। हम अंतर्राष्ट्रीय कानून के अनुरूप एक व्यापक, न्यायसंगत और स्थायी शांति की आवश्यकता को दोहराते हैं, जो संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के सम्मान सहित संयुक्त राष्ट्र चार्टर के उद्देश्यों और सिद्धांतों के अनुरूप है।

#### आतंकवाद पर जाहिर की चिंता

आतंकवाद और हिंसक उग्रवाद को लेकर क्वाड नेताओं ने संयुक्त बयान में कहा,हम आतंकवाद और हिंसक उग्रवाद की सभी रूपों और अभिव्यक्तियों में स्पष्ट रूप से निंदा करते हैं। जिसमें सीमा पार आतंकवाद भी शामिल है। हम ऐसे आतंकवादी हमलों के अपराधियों के लिए जवाबदेही को बढ़ावा देने के लिए मिलकर काम करने के लिए प्रतिबंद्ध हैं। हम मुंबई और पठानकोट में 26/11 के हमलों सहित आतंकवादी हमलों की निंदा करते हैं। साथ ही, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद 1267 प्रतिबंध समिति की ओर से उचित रूप से नामित करने की हमारी प्रतिबद्धता को दोहराते हैं।

## परीक्षा के नाम पर उचित नहीं है इंटरनेट सेवा को बाधित करना : हाई कोर्ट

### सरकार को हाई कोर्ट का आदेश, फैसला से पहले लेनी होगी स्वीकृति




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड कर्मचारी आयोग द्वारा 21 और 22 सितंबर को आयोजित सीजीएल परीक्षा के दौरान पूरे राज्य में इंटरनेट सेवा बाधित करने के राज्य सरकार के आदेश पर नाराजगी जताते हुए हाईकोर्ट ने सेवा को तत्काल बहाल करने का आदेश दिया. हाई कोर्ट के अधिवक्ता धीरज कुमार ने बताया कि रविवार के दिन इस मसले पर आकस्मिक सुनवाई करते हुए जस्टिस आनंद सेन और जस्टिस अनुभा रावत चौधरी की अदालत ने राज्य सरकार के इस फैसले पर नाराजगी जताई और स्पष्ट निर्देश दिया कि इस तरह का फैसला लेने से पहले हाई कोर्ट की स्वीकृति जरूरी होगी. हाई कोर्ट ने यह भी कहा कि परीक्षा के नाम पर पूरे राज्य में इंटरनेट सेवा को बाधित करना कहीं से भी उचित नहीं है.हाई कोर्ट ने इस मामले में राज्य सरकार के गृह सचिव को सशरीर उपस्थित होने का निर्देश दिया था. हाई कोर्ट ने आदेश की उस कॉपी को भी मांगा है जिसमें सुबह 4 बजे से शाम 3:30 बजे तक इंटरनेट सेवा बाधित रखने का जिक्र है. मामले की अगली सुनवाई 6 सप्ताह बाद होगी. हाई कोर्ट के इस आदेश के बाद दोपहर 2 बजे के करीब इंटरनेट सेवा बहाल हो गई.

#### क्या था सरकार का आदेश ?

20 सितंबर की शाम गृह विभाग की प्रधान सचिव वंदना दादेल के हस्ताक्षर से एक आदेश जारी हुआ था कि 21 और 22 सितंबर को सीजीएल परीक्षा को निष्पक्ष और कदाचार मुक्त करने के लिए सुबह 8 बजे से 1:30 बजे तक पूरे राज्य में इंटरनेट सेवा बंद रहेगी. आदेश में कहा गया था कि परीक्षा के दौरान अफवाह उड़ाने और प्रश्न पत्र लीक करने की संभावना बनी रहती है.इसी आधार पर 21 सितंबर को सुबह 8 बजे से 1:30 तक इंटरनेट सेवा बंद भी थी.लेकिन राज्य सरकार के इस फैसले को गलत बताते हुए अधिवक्ता राजेंद्र कृष्ण ने रजिस्टार जनरल के माध्यम से एक्टिंग चीफ जस्टिस को पत्र के जरिए सूचित किया था.उनके पत्र के आलोक में उसे जनहित याचिका में तब्दील कर सुनवाई के लिए बेंच गठित किया गया था. 21 सितंबर को खंडपीठ ने इंटरनेट सेवा बहाल करने से इनकार कर दिया था.

## 5 लुटेरे गिरफ्तार, हथियार गोली व 54 ग्राम सोना बरामद




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू जिले के छतरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत छतरपुर-जपला मुख्य मार्ग के मदनपुर से शनिवार को पांच लुटेरों को गिरफ्तार किया गया। उनके पास से हथियार, गोली एवं एक सोना व्यवसायी के पास से लूटा गया 54 ग्राम सोना बरामद किया गया। लुटेरों ने चार बिहार और एक झारखंड का अपराधी शामिल हैं। गिरफ्तार लुटेरों में हरिहरगंज के अररूआ खुर्द का राकेश कुमार, बिहार के कुटुंबा थानांतर्गत छोटकी सिमरी का पंकज पासवान व राहुल कुमार, नबीनगर के दास मुहल्ला का विशाल सोनी उर्फ गोलू सोनी व विकास सोनी शामिल हैं।विशाल सोनी औरंगाबाद में आभूषण दुकान चलाता है और लुटेरा गैंग के साथ भी जुड़ा हुआ था।

एसपी रीष्मा रमेशन ने रविवार को अपने कार्यालय में पत्रकारों को बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि छतरपुर-जपला मुख्य मार्ग के मदनपुर में हथियारों से लैश 10 अपराधी पेट्रोल पंप लूटने के लिए योजना बना रहे हैं। सूचना पर छतरपुर के एसडीपीओ नौशाद आलम के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंचीं तो सभी भागने लगे। पांच लुटेरों को पकड़ लिया गया और गैंग के सरगना सहित पांच भाग निकले। पुलिस को गिरफ्तार अपराधियों के पास से 7.65 एमएम की एक पिस्टल व 54 ग्राम सोना बरामद हुआ है।

## कड़े सुरक्षा के बीच जेएसएससी सीजीएल परीक्षा संपन्न

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा निष्पक्ष, कदाचार मुक्त और शांतिपूर्ण परीक्षा कराने के लिए समीक्षा बैठक कर सभी जिलों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये थे।



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) सीजीएल परीक्षा-2023 राज्य में शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। रांची के 136 केंद्रों पर रविवार को परीक्षा आयोजित हुई, जिसमें 61236 परीक्षार्थियों में 41186 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। वहीं, 20050 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। पहले दिन रांची में 60920 परीक्षार्थियों में 19427 परीक्षार्थी शामिल हुए थे। परीक्षा का आयोजन तीन पाली में सुबह 8-30 बजे से शाम पांच बजे तक हुआ। झारखंड कर्मचारी चयन आयोगद्वारा आयोजित झारखण्ड सामान्य स्नातक स्तर योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 21 और 22 सितंबर को राज्य के कुल 823 केन्द्रों पर आयोजित की गई। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा निष्पक्ष, कदाचार मुक्त और शांतिपूर्ण परीक्षा कराने के लिए समीक्षा बैठक कर सभी जिलों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये थे। मुख्यमंत्री के निर्देश पर डीजीपी अनुराग गुप्ता ने निष्पक्ष और कदाचार मुक्त परीक्षा आयोजित कराने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। परीक्षा के दौरान राज्य में विधि-व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रहे इसलिए प्रत्येक जिला में अस्थायी नियंत्रण कक्ष स्थापित किए गये थे। इस अवधि में सभी जिलों के कन्ट्रोल रूम पुलिस मुख्यालय के कंट्रोल रूम से जुड़े रहे तथा पल-पल की सूचना साझा की जा रही थी।जेएसएससी सीजीएल परीक्षा को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम थे। इस बार परीक्षा का डबल लेयर सिक्योरिटी में संपन्न कराया गया। प्रश्न पत्र सील बंद बक्से में कोड रहित ताले में बंद था। परीक्षा संबंधी गोपनीय सामग्री स्ट्रांग रूम में सीसीटीवी की निगरानी में सील बंद कर गई थी।

## 20 लाख के इनामी चार नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**एजेंसी**

**दंतेवाड़ा :** लोन वर्राटू अभियान से प्रभावित होकर चार इनामी माओवादियों ने फोर्स के आगे हथियार डाल दिए. सरेंडर करने वाले सभी नक्सलियों पर कुल 20 लाख का इनाम था. सरेंडर करने वाले नक्सलियों में हुंगा तामो उर्फ तोमो सूर्या, हुंगा तामो, माड़वी आयते और विज्जे वंजाम हैं।




इनमें नक्सली दंपत्ति भी शामिल हैं. पुलिस ने बताया कि सरेंडर करने वाले नक्सली दंपत्ति नक्सलियों के रीजनल कंपनी नंबर दो के लिए काम कर रहे थे. नक्सली पति पत्नी पर पुलिस ने आठ आठ लाख का इनाम घोषित कर रखा था. तीसरे नक्सली पर तीन लाख और चौथे नक्सली पर एक लाख का इनाम था. सरेंडर करने वाले नक्सलियों को सरकार की पुनर्वास नीति का लाभ दिया जाएगा.20 लाख के चार इनामी नक्सलियों ने डाले हथियार~ दंतेवाड़ा एसपी गौरव राय और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकुमार बर्मन के नेतृत्व में नक्सल प्रभावित दंतेवाड़ा में एंटी नक्सल अभियान चलाया जा रहा है. एंटी नक्सल अभियान के साथ साथ लोन वर्राटू अभियान यानि घर वापस आइए अभियान भी चलाया जा रहा है. लोन वर्राटू अभियान से प्रभावित होकर लगातार हार्डकोर नक्सली हथियार डाल रहे हैं.

## दुमका : वाहन की चपेट में आने से एक ही परिवार की दो बहुओं की मौत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**दुमका:** जिले के हंसडीहा थाना क्षेत्र के महेशखंदा गांव के समीप आज एक अनियंत्रित हाइवा की चपेट में आने से दो युवतियों की मौत हो गई, जबकि एक युवती गंभीर रूप से घायल हो गई. दोनों मृतका शादीशुदा थीं और उनका आपस में गोतनी का रिश्ता था. जबकि इस घटना में एक अन्य युवती भी गंभीर रूप से घायल है. इस घटना से आक्रोशित लोगों ने एनएच 114 ए दुमका - भागलपुर मार्ग को जाम कर दिया. घटना कुरमाहाट स्टेशन के ठीक सामने की है.पुलिस में बहाली के लिए दौड़ का कर रही थी अभ्यास दरअसल दुमका जिले के महेशखंदा हंसडीहा थाना क्षेत्र के महेशखंदा गांव की एक ही घर की दो बहू प्रियंका कुमारी ( 21 वर्ष ) और सोनी कुमारी ( 22 वर्ष ) की इच्छा पुलिस में बहाल होने की थी. इसी की तैयारी लिए पिछले कई दिनों से दोनों दौड़ का अभ्यास कर रही थी. आज दोनों महिला घर के बगल की एक युवती पूजा कुमारी (18 वर्ष ) के साथ जब दुमका - भागलपुर मार्ग पर दौड़ रही थी, उसी वक्त एक अनियंत्रित हाइवा ने तीनों को अपनी चपेट में ले लिया. घटना में प्रियंका कुमारी और सोनी कुमारी की मौके पर मौत हो गई.



## संक्षिप्त खबरें

### निशुल्क 111 श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का किया गया वितरण

**रांची।** श्राद्ध दिवस की पंचमी और गुरु महाराज के जनसेवा के 52 वर्ष पुर्ण होने के उपलक्ष मे ट्रस्ट के द्वारा 1300 श्रद्धालुओ को प्रसाद वितरण कर 168 वाँ निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का सफल संचालन किया गया।पूर्णब्रह्म परमात्मा की अपार कृपा राज श्यामा जी महाराज एवं संत शिरोमणी श्री श्री 1008 स्वामी सदानंद जी महाराज के आशीर्वाद से प्रणामी समाज के सेवाभावी सदस्यों के सहयोग से अभी तक 111 निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का सफलता पूर्वक वितरण कर सफल संचालन किया जा चुका है। 112 वें निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का संचालन संस्था के सदस्य एवम गुरु महाराज के परम भक्तिभावी श्रद्धालु गोयल के जन्मदिवस के सुअवसर पर राँची निवासी उनके माता -पिता विष्णु संगीता गोयल और उनके परिवार के सौजन्य से किया गया।

### मानव स्वभाव पर प्रदूषण का स्थिति आज चरम पर है : ब्रह्माकुमारी निर्मला

**रांची।** ब्रह्माकुमारी निर्मला बहन ने कहा मानव स्वभाव के प्रदूषण का स्थिति आज चरम पर है। वर्तमान समय विश्व और भारत में जो अराजकता पूर्ण परिवेश है वैसी ही स्थिति आज से पांच हजार वर्ष पूर्व महाभारत काल में थी। लोग कहते सुने जाते है कि किसी भी समय यह संसार मटियामेटहो सकता है। हमारे ग्रंथों में भारत को भगवान की अवतार व लीला भूमि कहा गया है। स्वयं भगवान द्वारा कल्प- कल्प भारत के माध्यम से विश्व के नव सृजन का कार्य सम्पन्न होता है व ज्ञानी समुदाय ही इस परम पवित्र कार्य में सहयोगी बनते हैं। ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा सिखाये जा रहे प्राचीन राजयोग से ही मानव जीवन ज्ञान से प्रकाशित होता है।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं की भावनाओं का सम्मान अवश्य होगा : के राजू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ा, अल्पसंख्यक विभाग एवं एलडीएम कोऑर्डिनेटर की बैठक कांग्रेस भवन में रविवार को हुई। इसमें विभागों के राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर के राजू, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, विधायक दल नेता डॉ. रामेश्वर उरांव, पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रदीप कुमार बालमुचू विशेष रूप से उपस्थित थे।




इस अवसर पर के राजू ने कहा कि संगठन के कार्यकर्ताओं की भावनाओं का सम्मान अवश्य होगा। वर्तमान सरकार में कुछ कार्य अधूरे पड़े हैं जिसे पूरा करने की पहल की जाएगी। अनुसूचित जाति आयोग,वक्फ बोर्ड का गठन जैसे कई मुद्दे हैं जो सरकार और संगठन के बीच आवश्यकता अनुसार तालमेल बैठाकर पूरा किया जाएगा। अभी हमारे सामने विधानसभा चुनाव के रूप में एक लड़ाई है जिसे हमें जीतना है।विरोधी झूठ के हथियारों से वार कर रहे हैं जिससे बचकर जनता के बीच सच रखना है। मौके पर प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि संगठन के हर कार्यकर्ता का दर्द समझता हूं और उचित समय आने पर सभी को उनका प्रतिनिधित्व अवश्य मिलेगा।भाजपा घुसपैठ की बात करके चुनाव के समय लोगों को लड़ा कर अपनी राजनीतिक रोटी सेकना चाहती है लेकिन जनता ऐसे मुद्दों को तवज्जो नहीं दे रही है।आम लोगों द्वारा भाजपा के मुद्दों से दूरी बनाने के कारण इनमें बौखलाहट है। पूरी केंद्रीय सरकार और भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री और मंत्रियों की कैबिनेट झारखंड में उतर चुकी है।संगठन के कार्यकर्ताओं को समझना होगा कि चुनाव की अहमियत क्या है। आपसी मतभेदों को परे रखकर चुनावी तैयारी में लगना होगा। कांग्रेस उम्मीदवार सहित गठबंधन को उम्मीदवारों के लिए मजबूती से काम करना है ताकि महागठबंधन सरकार की वापसी अधिक सीटों के साथ हो सके। इस दौरान विधायक दल नेता ने कहा कि 5 वर्षों में सरकार ने कई जनकल्याणकारी कार्य किए हैं। सभी कार्य और योजनाएं जनता के निजी आर्थिक विकास से सीधे जुड़े हैं। विरोधियों के मुद्दों पर ध्यान नहीं देना है बल्कि जनता के बीच सरकार द्वारा किए गए कार्यों को लेकर जाना है। पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रदीप कुमार बालमुचू ने कहा कि कार्यकर्ताओं में उत्साह है,हमें इस उत्साह को बरकरार रखना है । चुनावी जंग को जीतने के लिए निजी हितों को परे रखकर काम करना होगा।

# दुर्गा नवरात्र के पंचमी तिथि से पूजा पंडाल का किया जायेगा अनावरण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** दुर्गा उत्सव के दौरान रांची में विगत कई वर्षों से रांची और आसपास के क्षेत्र में बहुत चर्चित रहा चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति के द्वारा अपने पूजा पंडाल स्थल पर समिति के सभी पदाधिकारी के द्वारा संयुक्त रूप से संवाददाता सम्मेलन को आयोजित किया गया एवं इस संवाददाता सम्मेलन के माध्यम से चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति के द्वारा दुर्गा पूजा के दौरान आयोजित सभी कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी गई। विगत वर्षों के आयोजन से एक कदम आगे बढ़कर इस वर्ष पुनः तत्पर और कटिबंध मां भवानी के भक्तों के बीच आकर्षक पूजा पंडाल मनोरम मां भवानी का दरबार एवं सु मधुर सांस्कृतिक संध्या का आयोजन करने जा रहा है। नवरात्र के पंचमी तिथि से पूजा पंडाल का अनावरण किया जाना है । पूजा पंडाल का अनावरण शहर के विशिष्ट और गान मान्य व्यक्तियों के द्वारा



किया जाएगा साथ ही पूजा पंडाल के अनावरण के दिन पंचमी तिथि को बिहार के सुप्रसिद्ध गायक पवन सिंह के द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। वहीं प्रसिद्ध भजन गायिका शालिनी और सोना सिंह अपने भजनों की प्रस्तुति आए श्रद्धालुओं के बीच करेंगी । नवरात्र के छठे दिन अरविंद अकेला कल्लू के द्वारा भजनों की प्रस्तुति होगी और इनका साथ देने के में अनुपम यादव,शिवानी सिंह, आलोक सिंह, यामिनी सिंह, आस्था सिंह भी भजनों का रसदार प्रस्तुत करेंगी। चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति के द्वारा संध्या में बनारस से आए 11 पुरोहितों के द्वारा काशी विश्वनाथ गंगा आरती के तर्ज पर मां भवानी का महा आरती आयोजित की जानी है ।

आरती के तत्पश्चात महाकाल उज्जैन के प्रसिद्ध भजन गायक गजेंद्र प्रताप सिंह के द्वारा मधुर भजनों की प्रस्तुति की जाएगी। चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति महिलाओं और आए श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षा का हर संभव पुख्ता इंतजाम करेगा पूजा पंडाल के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम स्थल पर भी सीसीटीवी कैमरा लगाए जाएंगे ।

# चादर लेकर बाबा के दर पहुंचे पुलिस अधिकारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** हजरत कुतुबुद्दीन शाह रिसालदार शाह बाबा का 217 वां उर्स ए मुबारक के मौके पर नवीन पुलिस केंद्र, रांची से रिसलदार बाबा की चादर पोसी के लिए जुलूस निकाला गया। जिसमें वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा, रांची नगर पुलिस अधीक्षक राजकुमार मेहता, रांची पुलिस एसोसिएशन के पदाधिकारी, परिचार प्रवर-1, 2, 3, परिचार गण, एवम पुलिसकर्मी उपस्थित थे । वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा ने बताया कि जमाने से पुलिस केंद्र से चादर निकाला जा रहा है, जो बाबा के दर पर लेकर जाते हैं । यह शांति सौहार्द भाईचारगी का प्रतीक है। हम सब मिलकर रहेंगे, साथ ही साथ बाबा की दुआएं हम सब को मिलते रहती है, हम सब इस परंपरा को लगातार आगे बढ़ा रहे हैं, और आगे बढ़ता रहेगा।

# विधायक सीपी सिंह ने बिरसा कॉलोनी में बने पीसीसी रोड का विधिवत उद्घाटन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रांची विधायक सीपीसिंह ने रविवार को मोरहाबादी स्थित बिरसा कॉलोनी (दुलिया डहर) में विधायक मद से निर्मित पीसीसी पथ का विधिवत उद्घाटन किया। विधायक सीपीसिंह के बिरसा कॉलोनी पहुंचते ही लोगों ने उन्हें अंगवस्त्र भेंट कर सम्मनित किया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि वे जनहित से जुड़े कार्य निरंतर कर रहे हैं। संपूर्ण विधानसभा क्षेत्र का सर्वांगिण विकास ही उनका लक्ष्य रहा है। विधायक सी0पी0सिंह ने कहा कि विकास ही हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि समाज के सभी तबकों को मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराए जाने हेतु वे प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहे हैं।



जिस कॉलोनी या सोसाइटी में जागरूक लोग रहते हैं वहां सरकार की योजनाएं ज्यादा पहुंचती है। आम जनता और जनप्रतिनिधियों के बीच आपसी समन्वय हमेशा बेहतर रहना चाहिए। समन्वय एवं संवाद से ही योजनाएं धरातल पर उतरती हैं।मौके पर बिरसा कॉलोनी के अध्यक्ष विनोद सिंह सहित हरीश , अजीत, जनार्दन , सुखदेव, रवि, मनोरंजन, रंजीत, राजेश, गोविंदा, दुबराज, राजेश, ऋतुराज, आकाश, उमेश, कृष्णा, भीम, आनंद, नितेश, इंद्र मणि, मुनेश्वर , पांडु, शशि,सोनू, दीपक, अजय, बासुदेव , कमल, सुनील, अजीत, ओम सहित महिला समिति ग्रुप सोनी, सुमन आशा, नीलम एवं अन्य उपस्थित थे।

# झारखंड हाई कोर्ट के अधिवक्ता के निधन पर सीपीआई ने किया शोक प्रकट

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी रांची जिला परिषद ने पार्टी सदस्य सह झारखंड हाई कोर्ट में अधिवक्ता कॉमरेड अशोक कुमार सिंह के अस्मिक निधन पर गहरा शोक प्रकट किया है।अशोक सिंह न केवल पार्टी वे हाई कोर्ट में अधिवक्ता मोर्चा के भी सदस्य थे एवम हाई कोर्ट में केंद्रीय सरकार के सहायक अधिवक्ता के तौर पर दस वर्षो तक सेवा दिया एवम वर्तमान में राज्य सरकार के हाई कोर्ट के स्टैंडिंग काउंसिल के रूप कार्यरत थे। कॉम अधिवक्ता अशोक कुमार सिंह शुरुआत के अपने स्कूली दिनों से ही सीपीआई के पूर्ण सदस्य के रूप में कार्य कर रहे थे इनका जीवन संघर्षो का जीवन रहा है ।मात्र 63 वर्ष की उम्र में हृदयगति रुक जाने से इनकी मौत हो गई ।इनकेआस्मिक निधन पर जिला सचिव अजय सिंह ने शोक व्यक्त करते हुए कहा की कॉम अशोक सिंह के जाने से एक सच्चा कम्यूनिस्ट और संघर्ष करने बाला साथी खो दिया है । कॉमरेड अशोक सिंह का असमय जाना पार्टी के लिए अपूर्णीय क्षति है ।1984 से सीपीआई के सक्रिय सदस्य रहे है। गरीबों और वंचितों के लिए हमेशा खड़े रहते थे, सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेते थे और सामाजिक जागरूकता अभियान में सक्रिय भूमिका निभाई।पार्टी ने एक योद्धा को खो दिया ।पार्टी उनके शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना प्रकट करती है ।

# सुबोधकांत सहाय को चुनाव कैंपेन कमिटी का अध्यक्ष बनाए जाने पर दीपक लाल ने दी बधाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** छात्र नेता और झारखंड प्रदेश कांग्रेस कार्यकारिणी समिति के विशेष आमंत्रित सदस्य दीपक लाल ने पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय को झारखंड विधानसभा के मद्देनजर गठित कैंपेन कमिटी का चेयरमैन बनाने पर पार्टी आलाकमान के प्रति आभार व्यक्त किया है। दीपक लाल ने कहा है कि श्री सहाय के नेतृत्व में आगामी झारखंड विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी अपने सहयोगी दलों के साथ समन्वय स्थापित कर बेहतर प्रदर्शन करेगी। उन्होंने कहा कि 37



सदस्यीय कैंपेन कमिटी की कमान पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय को सौंपने का निर्णय सराहनीय है। श्री सहाय एक परिपक्व राजनेता हैं। संगठन के प्रति समर्पित हैं। कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता मो.निजाम अली ने ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के निर्देश पर कांग्रेस राष्ट्रीय संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल द्वारा झारखंड विधानसभा चुनाव के मद्देनजर 37 सदस्यीय कैंपेन कमिटी का नेतृत्व पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय को सौंपने के निर्णय को दूरदर्शितापूर्ण बताया है। उन्होंने कहा कि श्री सहाय के नेतृत्व में चुनाव कैंपेन कमेटी बेहतर कार्य करेगी। इससे संगठन सशक्त होगा।

# गठबंधन की सरकार का जाना तय है : संजय सेठ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस, राजद की जो गठबंधन की सरकार झूठ के भरोसे चल रही थी, अब उनकी विदाई का समय आ चुका है। और उसकी सरकार जाना तय है । उक्त बातें रांची लोकसभा के सांसद व केंद्रीय राज्य रक्षा मंत्री संजय सेठ ने कहा । उन्होंने कहा कि जिस तरह से युवाओं को ठगने का काम किया। साथ ही साथ झूठे वादे करके जब सरकार में आई और अपना वादा पूरा नहीं कर पाई तो अब इंटरनेट बंद करके एक नया



बहाना बना रहे। अपने ही युवा पर संदेह पैदा कर रही है । सोचो जब इंटरनेट बंद हो गयी। युवा परीक्षा देने आ रहें हैं, तो उन्हें कितनी कठिनाइयों से गुजरना पड़ा इसकी चिंता झारखंड सरकार को नहीं है। कांग्रेस के इशारे पर इंटरनेट बंद की है। इससे स्पष्ट होता है कि सरकार राज्य चलाने में असफल है।

**गांव में होगा रौशनी :** सेठ ने आगे कहा कि रांची लोकसभा के ग्रामीण क्षेत्रों में जहां पर मंदिर, सरना स्थल, धूम कुडिया , पाठशाला है वहां पर 15 फिट का पॉल लगाया जाएगा जिसमें सोलर के माध्यम से 30 एलईडी बल्ब लगाई जायेगी, ताकि वहां पर रौशनी उपलब्ध हो सके और गांव रौशन हो सके। यह योजना इसी सप्ताह शुरू हो जाएगी, उपायुक्त रांची को यह सूची दे दी गई है।

# तिरुपति में विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय मार्गदर्शक मंडल की आज होगी बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** नई दिल्ली विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय मार्गदर्शक मंडल की बैठक सोमवार को तिरुपति में बुलाई गई है। इस बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए विहिप के अंतर्राष्ट्रीय महा मंत्री बजरंग बागड़ा ने बताया कि आंध्र प्रदेश व तेलंगाना के पूज्य संतों की इस बैठक में हिंदू समाज के समक्ष खड़ी चुनौतियों और उनके समाधानों पर मंथन किया जायेगा। तिरुपति बालाजी मंदिर के प्रसाद में मिलावट व उससे उत्पन्न स्थित पर भी विचार होगा। उन्होंने बताया कि विश्व हिंदू परिषद का सर्वोच्च नीति निर्धारक मंच संतों का है जिसमें केंद्रीय मार्गदर्शक मंडल के सदस्यों के संतों की भूमिका अग्रणी रहती है। इसकी वर्ष में दो बार बैठक होती है। इस बार से हमने अर्धवार्षिक बैठक क्षेत्रश~ करने का निर्णय लिया है और इसकी पहली बैठक आंध्र प्रदेश और तेलंगाना प्रांत के जो संत केंद्रीय मार्गदर्शक मंडल के सदस्य हैं, उनकी यह बैठक, तिरुपति में सोमवार को पूरे दिन चलेगी। बागड़ा ने बताया कि इस बैठक में हिंदू समाज के समक्ष विभिन्न चुनौतियों के बारे में चर्चा होगी और उनके समाधान के बारे में और मुख्यत~ उन समाधानों में संतों की भूमिका के बारे में कुछ निर्णय लिए जाएंगे। साथ ही तिरुपति बालाजी के मंदिर में प्रसाद के विषय में जिस प्रकार की भ्रांतिया और चिंताजनक समाचार पूरे हिंदू समाज को बड़ा व्यथित कर रहे हैं, उसके बारे में भी निश्चित रूप से चर्चा होगी। इस संबंध में पूज्य संतों की भूमिका व उनके नेतृत्व में किस प्रकार का कार्यक्रम आगे किया जाए, इस विषय में भी चर्चा होने की संभावना है। कल इस बैठक में तिरूपति प्रसादम् के विषय में संतों द्वारा प्रस्ताव पारित किए जाने की भी संभावना है।

## बार संचालक गिरफ्तार

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट का आदेश नहीं मानने वालों के खिलाफ रांची पुलिस सख्त कदम उठा रही है। बीते देर रात रांची पुलिस की टीम ने मॉल ऑफ रांची में रेड की। मॉल के अंदर लॉड ऑफ द ड्रिंक्स में पुलिस को देख भगदड़ मच गया। इस दौरान सुखदेवनगर थाना की पुलिस ने बार के मैनेजर मनीष सिंह को गिरफ्तार किया है। छापेमारी टीम का नेतृत्व कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोंय कर रहे थे। इस मामले में सुखदेवनगर थाना में बार के संचालक गौरव वर्णवाल के अलावा मैनेजर समेत अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज हुई है। बताया गया कि रात 11 बजे के बाद बार को बंद रखा जायेगा।

# जेसीआई रांची ने रविवार को जलसा डांडिया नाईट का पोस्टर विमोचन किया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** संस्था के अध्यक्ष विक्रम चौधरी ने बताया की यह जलसा का पांचवा संस्करण होगा। जलसा , शनिवार 5 अक्टूबर , रांची क्लब ( मेन रोड) में आयोजन किया जा रहा है। चौधरी ने जानकारी दी की इस साल डांडिया नाईट में टिकट धारको को बम्पर तम्बोला का टिकट मुफ्त में मिलेगा और तम्बोला में कई इनाम दिया जायेगा। चौधरी ने बताया की जेसीआई रांची हमेशा रांची में कुछ अलग करने का प्रयास करता है और इस बार भी उनका यह कार्यक्रम बाकी सभी से हट कर होगा।



कार्यक्रम में भारत के बेहतरीन 100 डी.ज में सुमार डी जे आन्वी अपने धून से लोगो को झूमाने आ रही है , खास गुजरती डांस ट्रुप भी कार्यक्रम की सोभा बढ़ाएंगे । बेहतरीन साउंड , लाइट इफेक्ट्स , प्रोफेसनल एंकर , लजीज व्यंजन, आकर्षक डेकोरेशन, किड्स जोन इस कार्यक्रम का खास आकर्षण होंगे।संस्था अपने टिकट धारको के लिए सेफ्टी का भी खास ध्यान रख रही है और उसके लिए उचित इंतजाम भी किये है। जलसा के मुख्य पार्टनर प्रतीक ऑटोमोबाइल्स है, साथ ही एसोसिएट पार्टनर एन्हांस प्रोजेक्ट है, फूड पार्टनर गणपती कैटरर , फोटोग्राफी पार्टनर कैलाश स्टूडियो, ज्वैलरी पार्टनर अलंकार ज्वेलरी और मीडिया पार्टनर आईनेक्स्ट है।इस कार्यक्रम में सचिव मयंक अग्रवाल के साथ जलसा के मेंटर अमित खोवाल, प्रोजेक्ट चेयरमैन वरुण जालान एवं मनदीप सिंह, को प्रोजेक्ट को चेयरमैन ऋषभ जालान, ऋषभ अग्रवाल, रश्मीत छाबड़ा, निधि आनंद एवम् संस्था के अन्य सदस्य मौजूद थे।

# जमीअतुल कुरैशी पंचायत ने धूमधाम के साथ निकाला चादर शरीफ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** हजरत कुतुबुद्दीन रिसालदार शाह बाबा रहमतुल्लाह का 217 वां उर्स ए मुबारक के मौके पर जमीअतुल कुरैशी पंचायत कांटा टोली से धूमधाम के साथ चादर शरीफ निकाला गया। चम चम चमकते चादर को बच्चों और बड़ों ने शिद्दत के साथ पकड़ कर चल रहे थे, जो अपने निर्धारित मार्ग से होते हजरत कुतुबुद्दीन रिसालदार शाह बाबा के दरगाह में चढ़ाया गया। चादर निकालने से पहले कांटा टोली कुरैशी मुहल्ला जामा मस्जिद के इमाम ओ खतीब मंजूर हसन बरकाती ने दुआ पढ़ी। इस मौके पर इस मौके पर झारखंड प्रदेश जमीअतुल कुरैश के अध्यक्ष मुजीब



कुरैशी, सदस्य प्रोफेसर कुद्दुस , निसार कुरैशी, जमीअतुल कुरैश पंचायत कांटा टोली के पूर्व सदर फिरोज कुरैशी, सदर गुलाम गैस कुरैशी पप्पू , महासचिव परवेज कुरैशी, उपाध्यक्ष लड्डुन कुरैशी, हाफीज़ शाहिद रजा, आवेश कुरेशी मुन्ना , गफ्फार खां, युनूस कुरैशी, शाम कुरैशी, आफताब कुरैशी , मुस्तफा कुरैशी, मुजाहिद कुरैशी, फैजान कुरैशी, तजमुल कुरैशी, छोटन कुरैशी, नसरुद्दीन कुरैशी , सोनू कुरैशी, गुलाब कुरैशी , बशीर कुरैशी, कौसर , सद्दाम कुरैशी , इलताफ, जावेद, फरहाद कुरैशी, टीपू कुरैशी , कैफ़ी कुरैशी, अरशद कुरैशी, बारीक कुरैशी , बबलू कुरैशी, राजू कुरैशी, शामू कुरैशी, तंजीम, अफताब, जांबाज कुरैशी , जावेद कुरैशी, हादी कुरैशी,सरद मिस्टर , दानिश, सरवर कुरैशी सहित सैकड़ों लोग शामिल थे।

# आरपीएफ ने हटिया स्टेशन से शराब की बोतल किया ज़ब्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**राँची ।** रांची मण्डल मे आरपीएफ मण्डल सुरक्षा आयुक्त पवन कुमार के निर्देश पर ट्रेनों तथा रेलवे स्टेशनों मे शराब तस्करों के खिलाफ लगातार अभियान ऑपरेशन सतर्क के तहत जारी है उसी क्रम मे दिनांक 21.09.2024 को आरपीएफ रांची के सहायक सुरक्षा आयुक्त, ए के सिंह के पर्यवेक्षण में गाड़ी संख्या 18624 के हटिया स्टेशन आगमन पर उपनिरीक्षक दीपक कुमार, फ्लाइंग टीम के एएसआई रवि शेखर साथ में अन्य स्टाफ मिलकर चेक करने पर जनरल डिब्बे के




टॉयलेट् में तीन झोली रखा देखा, चेक करने पर उसके अंदर 43 शराब की बोतलें पाई गई जिसकी अनुमानित क़ीमत 39,000 रुपये आंकी गईद्य उसका कोई मालिक न मिलने पर उन बोतलों को ज़ब्त कर आबकारी विभाग को 22.09.24 को सौप दिया गया।

## एमजी विंडसर की शुरुआती कीमत 13.49 लाख रुपये, 3 अक्टूबर से शुरू होगी बुकिंग



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने हाल ही में लॉन्च की गई एमजी विंडसर की कीमत की घोषणा कर दी है, जिसकी शुरुआती कीमत 13,49,800 रुपये (एक्स-शोरूम) है। इसे भारत की पहली इंटेलिजेंट क्रॉसओवर यूटिलिटी व्हीकल (सीयूभी) के रूप में प्रचारित किया जा रहा है, जिसमें सेडान और एसयूभी दोनों की खूबियाँ हैं। वेरिएंट्स की एक्स-शोरूम कीमतें क्रमशः एक्साइट 13,49,800 रुपये, एक्सक्लूसिव 14,49,800 रुपये, और एसेंस 15,49,800 रुपये हैं। एमजी विंडसर में उद्योग और सेगमेंट में कई नई खूबियाँ शामिल हैं, जैसे आजीवन बैटरी वारंटी (पहले मालिक के लिए), एक बार चार्ज करने पर 332 किलोमीटर की प्रमाणित रेंज और ईएचयूबी बाई एमजी ऐप के माध्यम से एक साल तक मुफ़्त सार्वजनिक चार्जिंग।

## बाबूडीह में धूमधाम के साथ आयोजित होगा शारदीय नवरात्र उत्सव



**तिरुलडीह (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सरायकेला जिला के कुकड़ू प्रखण्ड अंतर्गत ईचाडीह बाबूडीह में श्री श्री सिंहराज सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति का अंतरिम बैठक आयोजित हुआ। बैठक की अध्यक्षता दुर्गापूजा समिति के संरक्षक राज परिवार के सदस्य कल्याण चंद्र सिंह द्वारा किया गया। ईचाडीह बाबूडीह में श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति के तत्वाधान में 1969 से ही दुर्गा पूजा होते आ रही है और हर साल पूजा उपलक्ष में सांस्कृतिक प्रोग्राम का भी आयोजन हो रही है। 13 अगस्त को रात 10 बजे से पुरुलिया के फेमस सिंगर कुंदन कुमार अपने साथी कलाकारों के साथ जलवा बिखेरेंगे। साथ ही साथ झुमूर सम्राट भोलानाथ महतो तथा छौ नाच का भी आयोजन हो रहा है। कल्याण चंद्र सिंह ने कहा की सुश्रृंखल रूप से मां भवानी की पूजा संपन्न कराने के लिए सबका सहयोग और सहभागिता आवश्यक है। मौके पर परीक्षित गोप, कृष्ण चंद्र तांती, रमेश गोप, डॉक्टर दिलीप कुमार, गणेश महतो, बिनोद प्रमाणिक, पिंटू गोप समेत कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित हुए।

## अंशकालीन शिक्षक कर्मचारियों ने मंत्री दीपक बिरुआ से मुलाकात कर सौंपा ज्ञापन



**गम्हरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कल्याण विभाग द्वारा संचालित आवासीय विद्यालय मे नियुक्त अंशकालीन शिक्षक कर्मचारियों ने राज्य के आदिवासी कल्याण मंत्री दीपक बिरुआ से मिल कर उन्हें अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए एक ज्ञापन सौंपा। उंक्त ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने अंशकालीन शिक्षकों का मानदेय बढ़ाने की मांग की बताया कि उनकी नियुक्ति वर्ष 2016 में की गई थी। नियुक्ति के इतने वर्ष बीत जाने के बावजूद भी उन्हें अभी तक मात्र 200/- रुपए प्रति घंटी के दर से ही मानदेय मिलता है और कार्य सप्ताह में पांच दिन ही मिलता है। जब सरकारी छुट्टी रहती है तो उनक मानदेय नहीं मिलता है। झारखण्ड के सभी विभाग के कर्मचारियों को कुछ ना कुछ लाभ मिलता रहा है, लेकिन इन अंशकालीन शिक्षकों को अभी तक कोई भी लाभ नही मिल पाया है। इस कारण उनकी स्थिति दयनीय हो गई है। उनकी मांगों को गम्भीरता से लेते हुए मंत्री ने अगले कैबिनेट में इस पर चर्चा करने का आश्वासन दिया है।

## बोड़ाम में आयोजित रक्तदान शिविर में किया गया संग्रह 121 यूनिट रक्त



**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** आदिवासी हाई स्कूल बोड़ाम में रविवार को एससी, एसटी, ओबीसी माईनोरिटी वेलफेयर सोसाइटी बोड़ाम, बिरसा कृषि विकास ट्रस्ट पागदा एवं एमजीएम हॉस्पिटल ब्लड बैंक के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित रक्तदान शिविर में 121 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। शिविर का उद्घाटन जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो द्वारा बाबा भीमराव अंबेडकर की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस, पूर्व मंत्री दुलाल भुइयां, झामुमो के युवा नेता विजय मछुआ, जेबीकेएसएस के नेता विनोद स्वासी, आदित्य महतो, आशुतोष महतो, विप्लव भुइयां, जादब महतो, गणेश महतो, बनमाली बनर्जी, प्रमुख प्रतिनिधि अंगद सिंह, मुखिया रूपा सिंह, पंचायत समिति सदस्य परमेश्वर महतो, नीलकमल महतो, बबलू स्वर्णकार, शीतल गोप, शिशिर सिंह, धनचंद्र महतो, शिक्षक मजनू अंसारी, निमाई मंडल आदि उपस्थित थे।

## अधिवक्ता सुधीर ने केंद्रीय दुर्गा पूजा कमेटी से पूछा सारा काम जिला प्रशासन का, तो चंदा क्यों ?

**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सोनारी शांति सद्भावना समिति के सचिव सह अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू ने जमशेदपुर दुर्गा पूजा केंद्रीय समिति के पदाधिकारियों को निशाने पर लेते हुए कहा कि सारा काम जिला पुलिस एवं प्रशासन करती है। उन्होंने केंद्रीय समिति के अध्यक्ष और महासचिव से पूछा है कि वह बताएं कि जनहित में या पूजा समिति के हित में उन्होंने कौन से काम किए हैं जो उल्लेखनीय रहे हैं। जब किसी तरह का काम नहीं करना है तो नया सदस्य बनने एवं पूजा समिति से तीन हजार रूपए क्यों लिए जाते हैं और लगभग जमशेदपुर में 400 पूजा समिति से वार्षिक सहयोग शुल्क तीन सौ रुपए क्यों लिया जाता है? जिला प्रशासन ही घाट की साफ सफाई से लेकर व्यवस्था बनाना और टावर बनाने का काम करता है। केंद्रीय समिति के पद धारी सिर्फ वहां प्रशासन के सामने अपना चेहरा चमकाते हैं, संगठन के नाम पर अपने हित साधते हैं। केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति के सदस्यों की तत्परता नहीं होने के कारण गत वर्ष में बेली बोधन वाला घाट में घटना घट चुकी है। शांति समिति के पदधारी एवं सदस्य मनोयोग से माँ के श्रद्धालुओं की सेवा करते हैं। अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू ने अध्यक्ष को सलाह दी है कि समितियों एवं श्रद्धालुओं के हित में जितने काम किया जा रहे हैं उन कामों को सार्वजनिक करें, आय व्यय को भी सार्वजनिक करें और इस प्रकार से चंदा लेने का काम बंद करें। नए सदस्यता एवं वार्षिक सहयोग राशि को लेकर पूर्व अध्यक्ष चंद्रनाथ बनर्जी के द्वारा अपने कार्यकाल में विरोध भी किया गया था परंतु अभी वर्तमान केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति की कार्यशैली से असंतुष्ट होकर एक समानांतर केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति कार्य कर रही है।

## आंगनबाड़ी सेविका पर ग्रामीणों ने लगाया घूस मांगने का आरोप

**जादूगोड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** एक ओर झारखंड सरकार जहां आपके द्वार कार्यक्रम चलाकर गरीब परिवार को लाभ पहुंचाने में जुटी है वही सरकारी नुमाइदे सरकार की योजनाओं को पलीता लगाने में जुटे है। ताजा मामला जादूगोड़ा थाना क्षेत्र के चतरो गांव का है। बीते कई महीने से झारखंड सरकार की मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना ,सर्वजन पेंशन योजना के स्वीकृति पत्र बाटने की जिम्मेदारी अन्य विभागों के अलावे आंगनबाड़ी केंद्र की महिलाओं को भी सौंपी गई है। बदले में सेविका के पति द्वारा लाभुक की स्वीकृति पत्र देने को लेकर जमकर वसूली ही रही है, जिसको लेकर चतरो गांव की महिलाओं ने रविवार को गांव में ही बवाल काटा व स्वीकृत पत्र के बदले में राशि लेने का विरोध जताया। बाद में क्षेत्र के मुखिया धीरेंद्र नाथ टुडू व उपमुखिया भोला नाथ भक्त द्वारा 5000 हजार से एक हजार तक की राशि लौटाने के आश्वासन के बाद मामला शांत हुआ। ग्रामीण विनय महतो ने इस मामले की उपायुक्त से जांच कराने की मांग की है ताकि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई हो सके।

### कदाचारमुक्त एवं शांतिपूर्ण संपन्न हुई झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा

# 37368 परीक्षार्थियों में 51% परीक्षार्थी हुए शामिल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के द्वारा आयोजित झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा का दूसरा व अंतिम दिन शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त संपन्न हुआ। जिला अंतर्गत कुल 82 केन्द्रों में तीन पालियों में आयोजित परीक्षा में कुल 37368 परीक्षार्थियों को आज शामिल होना था जिसमें 19111 परीक्षार्थी परीक्षा में बैठे। उपायुक्त अनन्य मित्तल, वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल समेत अन्य प्रशासनिक-पुलिस पदाधिकारियों ने पूरी परीक्षा प्रकिया का अनुश्रवण किया। वहीं प्रतिनियुक्त प्रशासनिक- पुलिस पदाधिकारियों ने भ्रमणशील रहकर बारीकी से पूरी परीक्षा प्रक्रिया पर नजर रखी तथा जिला स्तरीय कंट्रोल रूम से भी निगरानी रखी गई ।

परीक्षा के सफल संचालन हेतु कुल 82 केन्द्राधीक्षक, 82 स्टैटिक मजिस्ट्रेट के अलावा उड़नदस्ता दल के साथ 4+1 का पुलिस बल व सभी केन्द्रों में 4+1 पुलिस बल को प्रतिनियुक्त किया गया था । इसके अलावा 1000 से ज्यादा वीक्षकों की प्रतिनियुक्ति रही । परीक्षा के मद्देनजर परीक्षा केंद्र के 100 मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा लागू की गयी थी। जिला प्रशासन के द्वारा होटल, रेस्टोरेंट, गेस्टहाउस, लॉज, हॉस्टल आदि में लगातार चेकिंग चलाई गई। सभी परीक्षा केंद्रों में सीसीटीवी कैमरा, बायोमीट्रिक से अटेडेंस की व्यवस्था थी। वहीं पूरी तरह से जांच के बाद ही परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र में प्रवेश कराया गया।

## देवलटांड़ मे फैला डायरिया, दर्जनों हुए बीमार, विधायक पहुंची गांव



प्रभात मंत्र संवाददाता

**ईचागढ़ :** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के देवलटांड़ गांव के बांध टोला में डायरिया फैलने से मुखिया सहित दर्जनों ग्रामीण डायरिया से पीड़ित हैं। मुखिया बीपीन सिंह मुण्डा सिल्ली अस्पताल में इलाजरत है, वहीं दुर्गा चरण महतो व हाराधन सिंह मुण्डा का इलाज सामुदायिक चिकित्सा केंद्र ईचागढ़ में किया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार देवलटांड़ गांव में शनिवार रात से ही दो चार लोगों को उल्टी दस्त का शिकायत हुआ । गांव में कई महिला पुरूष भी डायरिया से पीड़ित हैं। स्थानीय चिकित्सकों के द्वारा भी इलाज किया जा रहा है। वहीं सुचना मिलते ही विधायक सविता महतो गांव पहुंची और ग्रामीणों से डायरिया पीड़ितों के संबंध में जानकारी ली और पीड़ित परिवारों से भी मिले और ओआर एस का वितरण किया। उन्होंने गांव में तत्काल चिकित्सा कैंप लगाने का निर्देश चिकित्सा पदाधिकारी को फोन पर दिया। उन्होंने कहा कि अगर डायरिया का प्रकोप अधिक बड़े तो लगातार चिकित्सा कैम्प लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि दवा, ब्लिचिंग पाउडर व ओआर एस आदि गांव में उपलब्ध कराया जाएगा। वहीं मुखिया बिपिन सिंह मुण्डा ने बताया कि डायरिया का प्रकोप है, गांव में मलेरिया और टायफायड का भी प्रकोप देखा जा रहा है।

## मोहन बागान को नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी के खिलाफ सीजन की पहली जीत की तलाश



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** मोहन बागान सुपर जायंट इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024-25 में अपनी पहली जीत की तलाश में उतरेंगे, जब मैरिनर्स सोमवार, 23 सितंबर को शाम 7:30 बजे विवेकानंद युवा भारती क्रीड़ांगन में नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी की मेजबानी करेंगे। यह इस सीजन में मैरिनर्स का दूसरा घरेलू मैच होगा, क्योंकि उन्होंने पिछले मुकाबले में मुम्बई सिटी एफसी से ड्रा खेला था। वहीं, नॉर्थईस्ट यूनाइटेड ने अपने पहले मैच में अलाएद्दीन एजेरेइ के अंतिम क्षणों के गोल से मोहम्मडन एससी को हराया। हाईलैंडर्स अब मैरिनर्स से भिड़ेंगे, जिन्हें उन्होंने कुछ सप्ताह पहले डूरंड कप 2024 के फाइनल में हराया था। वे कोलकाता में अपनी लगातार तीसरी जीत दर्ज करने के लिए उत्साहित होंगे।

**हमें बेहतर रक्षण करना होगा : जोस**

मोहन बागान सुपर जायंट के स्पेनिश हेड कोच जोस मोलिना अपनी टीम के गोल खाने से चिंतित हैं। उन्होंने कहा, हमें जीतने के लिए बेहतर खेलना होगा और मजबूत डिफेंडिंग करनी होगी। मैं खिलाड़ियों के साथ रोज काम कर रहा हूं ताकि हम गोल न खाएं। हमें ध्यान केंद्रित करना होगा, सकारात्मक रहना होगा और अगले मैचों में हम बेहतर खेलेंगे।

**हम मोहन बागान एसजी के लिए हालात मुश्किल बनाएंगे : जुआन**

नॉर्थईस्ट यूनाइटेड के स्पेनिश हेड जुआन पेड्रो बेनाली ने कहा, मोहन बागान के पिछले कुछ मैच अच्छे नहीं रहे हैं। वे हम पर हावी होने के लिए बेकरार होंगे लेकिन हम उनके सामने यथासंभव मुश्किलें खड़ी करेंगे। खिलाड़ी तैयार हैं।

## झामुमो बोड़ाम प्रखंड कमेटी का हुआ पुनर्गठन, अध्यक्ष बने दीपंकर, सचिव छुटुलाल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पटमदा :** झामुमो पूर्वी सिंहभूम जिला कमेटी के निर्देशानुसार रविवार को बोड़ाम प्रखंड की चिरुडीह सामुदायिक भवन में झामुमो प्रखंड कमेटी की पुनर्गठन हेतु एक सम्मेलन का आयोजन किया गया। बैठक में अतिथि के रूप में विधायक मंगल कालिंदी व चुनाव पर्यवेक्षक के रूप में झामुमो नेता सुनील महतो व बाघराय मार्डी शामिल हुए। सम्मेलन में बोड़ाम प्रखंड के सभी 12 पंचायतों के पंचायत पदाधिकारी के अलावे अन्य लोग उपस्थित हुए। इस दौरान संगठन हित में सर्व सम्मति से प्रखंड कमेटी का पुनर्गठन किया। जिसमें अध्यक्ष के रूप में बोड़ाम प्रखंड के दुन्दु गांव निवासी सह झामुमो के तत्कालीन प्रखंड अध्यक्ष दिवंगत श्यामापद महतो के पुत्र दीपंकर महतो को मनोनित किया। जबकि सचिव के रूप में छुटुलाल हांसदा व कोषाध्यक्ष काजल सिंह को बनाया गया है। मंगल कालिंदी ने कहा कि दिवंगत श्यामापद महतो हमेशा पार्टी संगठन को मजबूत बनाने के लिए काम करते थे। उम्मीद है कि उनके पुत्र दीपंकर महतो भी संगठन हित में काम करेंगे। उन्होंने पंचायत कमेटी के साथ समन्वय स्थापित कर हेमंत सोरेन सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रचार प्रसार लोगों के बीच करते हुए योजनाओं का लाभ उठाने के लिए अपील करें। इस दौरान सुनील महतो व बाघराय मार्डी ने भी संगठन हित में नव निर्वाचित प्रखंड कमेटी को कई टिप्स दिए। मौके पर झामुमो नेता अजय रजक, मानिक महतो, सामद अंसारी समेत सभी पंचायतों के नेता व कार्यकर्ता मौजूद थे।

## कोल्हान प्रमंडल में भाजपा की परिवर्तन यात्रा आज शुभारंभ करेंगे केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** भारतीय जनता पार्टी झारखंड के छह सांगठनिक प्रमंडलों में परिवर्तन यात्रा निकाल रही है। इस क्रम में, कोल्हान प्रमंडल में भाजपा 23 सितंबर से परिवर्तन यात्रा की शुरुआत करने जा रही है। इस यात्रा की शुरुआत बहरागोड़ा विधानसभा क्षेत्र के चित्रवेश्वर धाम में पूजा-अर्चना के बाद प्रारंभ होगी। परिवर्तन यात्रा के तहत बहरागोड़ा शाखा मैदान में सुबह 11 बजे विशाल जनसभा का आयोजन होगा। इस सभा में केंद्रीय कृषि मंत्री एवं झारखंड विधानसभा चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान, भाजपा झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, सांसद विद्युत वरण महतो, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेशानंद गोस्वामी, पुर्वी सिंहभूम जिलाध्यक्ष चंडीचरण साव, प्रदेश उपाध्यक्ष बरकुंवर गागराई, प्रदेश मंत्री नंदजी प्रसाद, प्रदेश प्रवक्ता अजय शाह, विधानसभा के प्रभारी बिनोद सिंह, अभय सिंह समेत कई अन्य नेतागण शामिल होंगे। जनसभा के जरिये आमजनों को झामुमो-कांग्रेस एवं राजद गठबंधन सरकार की विफलताओं और भ्रष्टाचार के खिलाफ जागरूक किया जाएगा। कोल्हान प्रमंडल में परिवर्तन यात्रा का समापन 2 अक्टूबर को चाईबासा में होगा।

## एक्सएलआरआइ जमशेदपुर में हुआ इंडियन मैनेजमेंट कॉन्क्लेव का समापन




प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** एक्सएलआरआइ में दो दिवसीय ( 20-21 सितंबर ) इंडियन मैनेजमेंट कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया. एमबीएयूनिवर्स.कॉम के सहयोग से आयोजित इस कॉन्क्लेव में देश के कई आइआइएम, आइआइटी, एक्सएलआरआइ, एसपी जेआइएमआर जैसे कॉलेजों के साथ ही उबर, एक्सिस बैंक, डेलॉयट समेत देश के अलग-अलग सेक्टर से जुड़े करीब 200 प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया. इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में एआइसीटीई के चेयरमैन डॉ. टीजी सिथाराम जबकि वक्ता के रूप में फ्रांस के प्रसिद्ध केज बिजनेस स्कूल के डायरेक्टर जनरल अलेक्जेंडर डी नेवेल्स मौजूद थे.

इस दो दिवसीय कार्यक्रम का विषय %एमबीए कार्यक्रमों के पुनर्गठन के लिए समकालीन भूमिकाओं और क्षमताओं की पहचान%था. एआइसीटीई के चेयरमैन डॉ. टीजी सिथाराम ने कहा कि हर क्षेत्र में तेजी से बदलाव हो रहा है. इस बदलाव के दौर में यह जरूरी है कि समय-समय पर इंडस्ट्री व समाज की जरूरतों के अनुसार विभिन्न कोर्स डिजाइन किए जाएं. एक्सएलआरआइ के डायरेक्टर फादर एस जॉर्ज ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया साथ ही इंडियन मैनेजमेंट कॉन्क्लेव के महत्व पर बल दिया.

इस कॉन्क्लेव में मैनेजमेंट एजुकेशन पर आधारित कुल 150 रिसर्च पेपर आए थे. हालांकि इनमें से केवल 50 पेपर ही प्रस्तुत करने के लिए चुने गए. 45 से अधिक प्रमुख बी-स्कूलों ने आईएमसी अवार्ड फॉर एक्सीलेंस इन मैनेजमेंट एजुकेशन 2024 में हिस्सा लिया.

इस दौरान टाटा टेक्नोलॉजीज के ग्लोबल एचआर व शिक्षा के अध्यक्ष पवन भागेरिया, आईटीसी के कार्यकारी निदेशक हेमंत मलिक और एएसीएसबी इंटरनेशनल (एशिया पैसिफिक) के प्रबंध निदेशक डॉ. जेफ पेरी, एमबीएयूनिवर्स.कॉम के संस्थापक अमित अग्निहोत्री के अपनी बातों को रखा. वहीं टेक महिंद्रा के चीफ पीपुल ऑफिसर रिचर्ड लोबो, आरएसएम यूएस एलएलपी के मैनेजमेंट कंसल्टिंग को-लीडर गिरिधर एस, और केपीएमजी के शिक्षा निदेशक आशीष महेश्वरी ने अपने विचार रखे. इस चर्चा में एसपी जीआइएमआर मुंबई, एमडीआई गुड़गांव, आईआईएम रांची, टीएपीएमआई मणिपाल, बीआईएम तिरुचिरापल्ली, जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट नोएडॉ, केजे सोमैया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट समेत अन्य संस्थानों के डायरेक्टर शामिल हुए. समापन सत्र में उबर इंडिया और दक्षिण एशिया के अध्यक्ष प्रभजीत सिंह ने सम्मेलन के विषय पर मुख्य वक्तव्य प्रस्तुत किया.

**आईएमसी 2024 सर्वश्रेष्ठ पेपर अवार्ड विजेता**

- गोल्ड कैटेगरी : प्रो. ऐंद्रिला चटर्जी और प्रो. तुलिका शर्मा / रिसर्च पेपर : बिजनेस एथिक्स शिक्षा से व्यापार स्थितियों के लिए सबक का विस्तार : एक प्रयोगात्मक अध्ययन से अधिकार की भूमिका के साक्ष्य।
- सिल्वर कैटेगरी : डॉ. नीथु इस्माइल और डॉ. लिशिन एम जोशी / रिसर्च पेपर :तकनीकी-संचालित स्व-अध्ययन पर विरोधाभासी मानसिकता का प्रभाव : भारतीय प्रबंधन स्नातकों के बीच एक मॉडरेटेड मेडिटेशन मॉडल।
- ब्रॉन्ज कैटेगरी : डॉ. पूजा जैन और डॉ. युक्ति आहूजा / रिसर्च पेपर : प्रबंधन स्नातकों की संवेदनशीलता और स्थिरता साक्षरता के लिए एक अनुभवात्मक अध्ययन।

आईएमसी अवार्ड फॉर एक्सीलेंस इन मैनेजमेंट एजुकेशन 2024 विजेता

- गोल्ड कैटेगरी : प्रो. निखिल और प्रो. सीता, के जे सोमैया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, मुंबई।
- सिल्वर कैटेगरी : प्रो. अशुतोष दत्त, एमआईसीए अहमदाबाद।
- ब्रॉन्ज कैटेगरी : प्रो. सजीथ एन, फ्लेम यूनिवर्सिटी।

## भारतीय महिला फुटबाल महासंघ नई दिल्ली चेयरमैन बने कासिम, अध्यक्ष मुकेश




प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** आज साकची के एक होटल में भारतीय महिला फुटबाल महासंघ नई दिल्ली की वार्षिक आम सभा संपन्न हुई जिसमें देश के अन्य राज्यों के प्रतिनिधिगण भी शामिल हुए। चेयरमैन कासिम अंसारी ने पूर्व कार्यकारिणी को भंग करते हुए नई कार्यकारिणी बनाने का आह्वान किया। देश के अन्य राज्यों जिसमें दिल्ली उत्तर प्रदेश छत्तीसगढ़ मध्य प्रदेश बिहार आसाम बंगाल कर्नाटक अरुणाचल प्रदेश एवं अपने राज्यों से आए हुए प्रतिनिधियों ने आपसी चर्चा के बाद प्रस्ताव एवं सहमति के बाद पदाधिकारीयों का चयन किये। चेयरमैन- मोहम्मद कासिम अंसारी झारखंड, अध्यक्ष- मुकेश शर्मा, उपाध्यक्ष- हेमंत थापा, नोएल जोसेफ, साबिर अहमद खान, अंजू सिंह, संजीव गौड़, रजिया बानो रिजवी, महासचिव- शेख मोहम्मद जावेद, संयुक्त सचिव- अहमद अंसारी, गोपाल प्रसाद, जितेंद्र शर्मा, किपा निबा, इजहार अहमद, नीतू मजूमदार, राजेश थापा, योगिता सिंह, कोषाध्यक्ष- सज्जी टी जॉन, ऑफिस सेक्रेटरी- मोहम्मद जमाल, मीडिया प्रभारी- सुशील कुमार सिंह कार्यकारी सदस्य- सुजीत कुंडू, सबीन खान, सुबासिनी बाग, ओम प्रकाश, मायूस बोरकर, संजय कुमार, जॉय सरकार, अनिल धूल, राजीव रंजन, मनीषा कुमारी, राजकुमार, सुखदेव मंडल, अशरफ हुड्डा, सनी सिंक और संध्या ठक्कर। नए कार्यकारी के अध्यक्ष मोहम्मद कासिम अंसारी ने ग्रामीण एवं देहात स्टार के प्रतिभावान खिलाड़ियों को सहयोग करते हुए जिला राज्य एवं देश स्तर पर खेलने के लिए प्रशिक्षित एवं प्रोत्साहित करने का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम का संचालन सत्यजीत सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन जावेद अंसारी ने दिया।

## 5 वर्षों में जनता को शुद्ध पेयजल नहीं उपलब्ध करा पाए विधायक सरयू राय : डॉ. अजय



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** पूर्व सांसद सह कांग्रेस का वरिष्ठ नेता डा. अजय कुमार ने रविवार को प्रेस बयान जारी कर कहा कि जमशेदपुर पूर्वी के वर्तमान विधायक सरयू राय की उपलब्धियां यह है कि पांच वर्षों में मोहरदा जलापूर्ति योजना की स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ आज भी क्षेत्र के लोगों को दूषित एवं बदबूदार पानी की सप्लाई हो रही है, और विधायक सरयू राय मूकदर्शक बने हुए हैं. क्षेत्र की जनता भी समझ चुकी है कि सरयू राय सिर्फ गाल बजा सकते है लेकिन धरातल पर कुछ भी करना उनके बूते की बात नहीं. क्योंकि पांच वर्ष का समय कम नहीं होता है किसी योजना को धरातल पर उतारने के लिए और मोहरदा जवापूर्ति योजना में तो सुधार ही करना था. अजय कुमार ने कहा कि कुछ वैसा ही हाल जेम्को चौक से साउथ गेट तक जाने वाली सड़क का भी है. पांच वर्षों में इस सड़क की सूरते हाल नहीं बदल पाए सरयू राय. इस क्षेत्र की जनता जान हथेली पर रख कर सफर करती है, लेकिन विधायक बेखबर है. सड़क पर चलने वाले भारी वाहनों के कारण सड़क की स्थिति जर्जर हो गई है, स्ट्रीट लाइट नहीं है. पंचवर्षीय योजना के तहत भी इस सड़क का जीर्णोद्धार नहीं हो पाया. तो आप समझ सकते है कि सरयू राय ने कितना विकास के कार्य किया है.

**पहले बीजेपी ने और अब सरयू राय ने पूर्वी के लोगों को ठगा**

डा. अजय कुमार ने कहा कि 25 वर्षों तक बीजेपी व पूर्व मुख्यमंत्री ने जमशेदपुर पूर्वी के लोगों को मालिकाना के नाम पर ठगा और अब पांच वर्ष सरयू राय ने लोगों के साथ विश्वासघात किया है. आज लोग स्वंय को ठगा महसूस कर रहे हैं. सरयू राय बताएं कि पांच वर्षों में उन्होंने ऐसा कौन सा बड़ा काम किया है. जिसको रेखांकित किया जा सके. वो पांच वर्ष (2014 से 2019) तक मंत्री भी रहे और फिर 2019 से विधायक है. नागरिक सुविधाओं की बात करें तो दैनिक अखबारों में छपी रिपोर्ट सरयू राय की पोल खोलने के लिए काफी है. आज कल्याणनगर, इंद्रानगर जैसी स्लम बस्तियों में लोग नरकीय जीवन जीने को विवश है. एनजीटी मामले में भी सरयू राय ने बस्ती वासियों को अंधेरे में रखा. आज जब लोग मुझसे सहयोग मांग रहे है तो मैं कांग्रेस के एक साधारण कार्यकर्ता की हैसियत से अपनी क्षमता अनुसार जितना बन पड़ रहा है लोगों की सहायता कर रहा हूं, तो यह बात विधायक सरयू राय को खटक रही है.

## बैंक ऑफ बड़ौदा ने शुरू किया परिवेश स्वच्छता की पहल



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बैंक ऑफ़ बड़ौदा क्षेत्रीय कार्यालय जमशेदपुर द्वारा स्वच्छता ही सेवा के तहत स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता मनाते हुए मद्रासी सम्मेलनी मिडिल स्कूल, बिष्टुपुर में स्वच्छता अभियान में स्कूल परिसर एवं स्कूल के आस - पास को पूरी तरह साफ किया गया। इस स्वच्छता अभियान में बैंक की ओर से क्षेत्रीय प्रमुख मनीष प्रकाश सिन्हा, उप क्षेत्रीय प्रमुख सुनील कुमार साहा, क्षेत्रीय कार्यालय के स्टाफ सदस्य सह बैंक की शहरी शाखाओं के स्टाफ सदस्य उपस्थित रह कर अपना श्रमदान किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय प्रमुख ने उपस्थित सभी से आग्रह करते हुए कहा की इसे एक दिन का कार्य नहीं मानकर अपने दैनिक आचरण में स्वच्छता का पालन करने एवं सभी को जागरूक करने हेतु विचार रखें। यह स्वच्छता अभियान (स्वच्छ भारत के लिए पखवाड़ा) के तत्वावधान में आयोजित किया गया, जो 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2024 के दौरान मनाया जा रहा है। इस अभियान का समापन महात्मा गांधी जी की जयंती की स्मृति में आयोजित स्वच्छता दिवस 2024 के साथ होगा।

विचार प्रवाह

संपादकीय

# जल-संधि की समीक्षा

**पाकिस्तान** को 'सिंधु की देन' इसलिए कहा जाता है कि यदि सिंधु नदी पाकिस्तान से गायब हो जाए, तो वह पूरा देश पत्थरों और रेगिस्तान का ढेर हो जाएगा। पाकिस्तान की इस नियति की डोर भारत के हाथ में है। दोनों देशों के बीच 'सिंधु जल संधि' 1960 में हुई थी, जिसकी मध्यस्थता विश्व बैंक के तत्कालीन अध्यक्ष ने की थी। भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू और पाकिस्तान के तानाशाह राष्ट्रपति अयूब खान ने संधि के दस्तावेज पर हस्ताक्षर किए थे। समझौते के अनुसार झेलम, चिनाब, सिंधु नदियों का पानी पाकिस्तान में बहने दिया जाएगा। वह उस पानी का साधिकार उपयोग भी कर सकेगा। सतलुज, ब्यास, रावी नदियों पर भारत का अधिकार होगा। भारत सिंधु नदी के 20 फीसदी पानी का ही उपयोग कर सकता है, जबकि 80 फीसदी पानी पर अधिकार पाकिस्तान का होगा। बीते 6 दशकों से अधिक समय से यह संधि निरंतर लागू है, जबकि इस दौरान कई युद्ध भी हुए हैं। अब भारत सरकार ने पाकिस्तान की हुकूमत को नोटिस भेजा है कि 'सिंधु जल संधि' की सम्यक समीक्षा और परिवर्तन की जरूरत है। यह कड़ा संदेश बीते साल इस्लामाबाद को भेजे गए नोटिस का फॉलोअप है। सिर्फ इसी से पाकिस्तान कराहने और चिलचिलाने लगा है और अंतरराष्ट्रीय मंच पर मुद्दा उठाने की चेतावनी देने लगा है। फिलहाल भारत पाकिस्तान से पानी छीनने की मुद्रा में नहीं है, लेकिन संधि का उल्लंघन करते हुए पाकिस्तान 70 फीसदी तक पानी का इस्तेमाल कर रहा है और भारत 30 फीसदी पानी का उपयोग भी नहीं कर रहा है। दरअसल पाकिस्तान भारत की पनबिजली परियोजनाओं के निर्माण में रोड़े अटकाता रहा है। मामला अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता अदालत तक भी गया है। झेलम नदी पर किशनगंगा पनबिजली प्रोजेक्ट की अनुमति अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता अदालत ने ही भारत को दी थी और चिनाब नदी पर भी पनबिजली का एक प्रोजेक्ट निर्माणाधीन है, लेकिन पाकिस्तान विरोध करता रहा है। जल-संधि के विवादों के निपटान के लिए विश्व बैंक द्वारा नियुक्त तटस्थ विशेषज्ञ की मध्यस्थता तक की नौबत आ सकती है। हालात ऐसे हैं कि यदि भारत कुछ समय के लिए झेलम, चिनाब नदियों के जल-प्रवाह को रोक दे, तो पाकिस्तान त्राहि-त्राहि करने लगेगा। प्यासा मरने और कृषि-संकट के हालात पैदा हो जाएंगे। जब पाकपरस्त आतंकियों ने उरी में आतंकी हमला किया था, तो भारत के प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि खून और पानी साथ-साथ नहीं बह सकते। यह स्थिति आज भी है, क्योंकि भारत तब तक पाकिस्तान के साथ बातचीत करने को तैयार नहीं है, जब तक सीमापार आतंकवाद को रोका नहीं जाता। संवाद और आतंकवाद भी साथ-साथ नहीं चल सकते। ऐसे गतिरोध के मद्देनजर संधि की समीक्षा कैसे संभव है? क्या उसके लिए दोनों का साथ-साथ बैठना अनिवार्य नहीं है? भारत की पर्यावरणीय और आर्थिक चिंताएं और सरोकार भी अंतरराष्ट्रीय हैं। भारत जलवायु-परिवर्तन के वैश्विक समझौतों से भी बंधा है। बीते साल जुलाई में अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता अदालत ने हस्तक्षेप किया और कहा कि वह किशनगंगा और रतले पनबिजली परियोजनाओं पर निर्णय लेने में सक्षम है। भारत असहमत रहा, क्योंकि वह अंतरराष्ट्रीय अदालत के बजाय तटस्थ विशेषज्ञ की मध्यस्थता के पक्ष में था। भारत नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में भी अपनी भूमिका निभाना चाहता है।

> सिंधु नदी पाकिस्तान से गायब हो जाए, तो वह पूरा देश पत्थरों और रेगिस्तान का ढेर हो जाएगा। पाकिस्तान की इस नियति की डोर भारत के हाथ में है। दोनों देशों के बीच 'सिंधु जल संधि' 1960 में हुई थी, जिसकी मध्यस्थता विश्व बैंक के तत्कालीन अध्यक्ष ने की थी। भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू और पाकिस्तान के तानाशाह राष्ट्र पति अयूब खान ने संधि के दस्तावेज पर हस्ताक्षर किए थे। समझौते के अनुसार झेलम, चिनाब, सिंधु नदियों का पानी पाकिस्तान में बहने दिया जाएगा। वह उस पानी का साधिकार उपयोग भी कर सकेगा। सतलुज, ब्यास, रावी नदियों पर भारत का अधिकार होगा। भारत सिंधु नदी के 20 फीसदी पानी का ही उपयोग कर सकता है, जबकि 80 फीसदी पानी पर अधिकार पाकिस्तान का होगा। बीते 6 दशकों से अधिक समय से यह संधि निरंतर लागू है, जबकि इस दौरान कई युद्ध भी हुए हैं। अब भारत सरकार ने पाकिस्तान की हुकूमत को नोटिस भेजा है कि 'सिंधु जल संधि' की सम्यक समीक्षा और परिवर्तन की जरूरत है।

### मुद्रा स्फीति की दर को नियंत्रण में लाने के उद्देश्य से विकसित एवं अन्य कई देश ब्याज दरों को लगातार बढ़ा रहे

# ब्याज दरों को कम करने का चक्र हुआ प्रारम्भ

प्रहलाद सबनानी

> विपरीत जब भी अमेरिका द्वारा यूएस फेड दर में कमी की घोषणा की जाती है तो अन्य विकासशील देशों में अमेरिका एवं अन्य विकसित देशों के संस्थानों एवं नागरिकों का निवेश बढ़ने लगता है क्योंकि इन्हें अमेरिकी वित्तीय संस्थानों एवं सरकार द्वारा जारी किए जाने बांड पर तुलनात्मक रूप से कम आय होने लगती है।

**अमेरिकी** फेडरल रिजर्व के अध्यक्ष जर्मी पोवेल ने दिनांक 19 सितम्बर 2024 को यूएस फेड दर में 50 आधार बिंदुओं की कमी करने की घोषणा करते हुए यूएस फेड दर को 5.5 प्रतिशत से घटाकर कर 5 प्रतिशत कर दिया है। 4 वर्ष पूर्व पूरे विश्व में फैली कोविड महामारी के खंडकाल के पश्चात मुद्रा स्फीति की दर में, पिछले 4 दशकों में, सबसे अधिक वृद्धि दर्ज हुई थी और मुद्रा स्फीति की दर को नियंत्रण में लाने के उद्देश्य से विकसित एवं अन्य कई देश ब्याज दरों को लगातार बढ़ा रहे थे ताकि उत्पादों की मांग बाजार में कम हो तथा उत्पादों की आपूर्ति इस मांग के अनुरूप हो जाए। पिछले 4 वर्षों के दौरान यूएस फेड दर 0 प्रतिशत से बढ़कर 5.50 प्रतिशत तक पहुंच गई थी परंतु अब 4 वर्ष पश्चात यूएस फेड दर को कम करने की घोषणा की गई है।

कई विकसित एवं विकासशील देशों की अर्थव्यवस्थाएं अमेरिका में लागू ब्याज दरों से अत्यधिक प्रभावित होती हैं। जब भी अमेरिका द्वारा ब्याज दरों में वृद्धि की घोषणा की जाती है तो अन्य देशों में अमेरिका एवं अन्य विकसित देशों के संस्थानों एवं नागरिकों द्वारा किया गया निवेश इन देशों से निकलकर अमेरिका में वापिस आने लगता है क्योंकि अमेरिकी वित्तीय संस्थानों एवं अमेरिकी सरकार द्वारा जारी किए जाने बां ड पर उन्हें आकर्षक ब्याज दर मिलने लगती है। इसके विपरीत जब भी अमेरिका द्वारा यूएस फेड दर में कमी की घोषणा की जाती है तो अन्य विकासशील देशों में अमेरिका एवं अन्य विकसित देशों के संस्थानों एवं नागरिकों का निवेश बढ़ने लगता है क्योंकि इन्हें अमेरिकी वित्तीय संस्थानों एवं सरकार द्वारा जारी किए जाने बांड पर तुलनात्मक रूप से कम आय होने लगती है।

इसी विशेष कारण के चलते कई देशों को अमेरिकी फेड रिजर्व के निर्णय को ध्यान में रखते हुए ही अपने देश में भी ब्याज दरों को कम अथवा अधिक करना होता है ताकि उनके देश में अमेरिका एवं अन्य विकसित देशों के संस्थानों एवं नागरिकों द्वारा किया जा रहा निवेश बहुत अधिक प्रभावित नहीं हो।

चूंकि अब यूएस फेड दर में 50 आधार बिंदुओं की कमी की गई है अतः अन्य कई देश भी ब्याज दरों में कमी की घोषणा कर सकते हैं। इससे पूरे विश्व में ही ब्याज दरों को कम करने का




चक्र प्रारम्भ हो सकता है। हालांकि इसकी शुरुआत यूरोपीयन देशों एवं ब्रिटेन द्वारा पूर्व में की जा चुकी है तथा अब विकासशील देश भी ब्याज दरों में कमी की घोषणा शीघ्र ही कर सकते हैं। भारत में भी हालांकि पिछले कुछ समय से मुद्रा स्फीति की दर लगातार नियंत्रण में बनी हुई है परंतु भारतीय रिजर्व बैंक यदि पूर्व में ही ब्याज दरों में कमी की घोषणा करता तो भारत में अमेरिका एवं अन्य विकसित देशों के संस्थानों द्वारा अमेरिकी डॉलर में किये गए निवेश के भारत से निकलने की सम्भावना बढ़ जाती। आज विश्व के कई देश, विशेष रूप से आर्थिक क्षेत्र में, आपस में इतने अधिक जुड़ चुके हैं कि किसी एक देश के आर्थिक क्षेत्र में होने वाले परिवर्तन अन्य देशों के आर्थिक क्षेत्र को भी प्रभावित करते हैं।

अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा यह भी कहा गया है कि केलेंडर वर्ष 2024 में यूएस फेड दर में 25 आधार बिंदुओं की दो बार और कमी की घोषणा की जा सकती है तथा केलेंडर वर्ष 2025 में 100 आधार बिंदुओं की कमी की जा सकती है। इस प्रकार यूएस फेड दर घटकर 3.50 प्रतिशत तक नीचे आ सकती है। यूएस फेड दर में 50 आधार बिंदुओं की कमी की घोषणा के साथ ही 10 वर्षों के लिए जारी अमेरिकी बांड की यील्ड घटकर 3.73 प्रतिशत के स्तर पर आ गई है एवं डॉलर इंडेक्स भी 100.37 के निचले स्तर पर आ गया है। अब अमेरिकी डॉलर पर अंतरराष्ट्रीय बाजार में दबाव बढ़ेगा जिससे अमेरिकी डॉलर का अवमूल्यन हो सकता है। इससे अमेरिकी बाजारों से अब पूंजी निकलकर अधिक आय की तलाश में अन्य इमर्जिंग देशों के शेयर बाजार में जाएगी। इसका सबसे अधिक लाभ भारत को हो सकता है क्योंकि भारत पूर्व में ही MSCI Emerging Market IMI (Investible Market Index) Index में चीन से आगे निकलकर प्रथम स्थान पर आ गया है। इस इंडेक्स में भारत के शेयरों का भार चीन के शेयरों के भार से अधिक हो गया है। विश्व के वित्तीय संस्थान, सोवरेन फंड, पेंशन फंड एवं अन्य निवेशक MSCI के इंडेक्स पर अधिक विश्वास करते हैं एवं अपने निवेश भी इस इंडेक्स में शामिल शेयरों में करते हैं।

दूसरे, अब बहुत सम्भव है कि भारतीय रिजर्व बैंक भी रेपो दर में कमी की घोषणा शीघ्र ही करे क्योंकि अब अमेरिका में अधिक ब्याज दरों का दौर समाप्त हो रहा है। अमेरिका में बढ़ी हुई ब्याज दरों का विपरीत प्रभाव न केवल भारतीय रुपए पर हो रहा था बल्कि अमेरिका एवं अन्य विकसित देशों से भारत में अमेरिकी डॉलर में होने वाले विदेशी निवेश पर भी दबाव बना हुआ था। अब अमेरिका में यूएस फेड दर के कम करने से भारतीय रुपए पर दबाव एवं भारत से विदेशी निवेश के बाहर जाने का डर भी कम हो जाएगा। साथ ही, यदि भारत में भी ब्याज दरों को कम करने का दौर शुरू होता है तो इससे भारतीय उद्योग जगत को फायदा होगा और उनकी लाभप्रदता में वृद्धि होगी जो विदेशी निवेश को भारत में आकर्षित करने में सहायक होगी। भारत का विदेशी मुद्रा भंडार पहिले से ही अपने उच्चतम स्तर 68,900 करोड़ अमेरिकी डॉलर पर पहुंच गया है। अब बदली हुई परिस्थितियों में भारत का शेयर बाजार यदि और अधिक विदेशी निवेश की राशि भारत में आकर्षित करता है तो भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 100,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर को पार कर सकने की क्षमता रखता है। तीसरे, भारत में ब्याज दरों के कम होने से उद्योग जगत द्वारा भारत में उत्पादित वस्तुओं की लागत भी कम हो सकती हैं और भारत में निर्मित उत्पाद अंतरराष्ट्रीय बाजार में प्रतिस्पर्धी बन सकेंगे, इससे भारतीय उत्पादों के निर्यात में वृद्धि होने की सम्भावना बन सकेगी। चौथे, अमेरिकी बाजार में ब्याज दरों के कम होने से विशेष रूप से सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में कार्यरत बहुराष्ट्रीय कम्पनियों की लाभप्रदता में वृद्धि के चलते इन कम्पनियों द्वारा नवाचार के लिए रीसर्च पर खर्च में बढ़ौतरी की जा सकती है, जिसका सीधा सीधा लाभ भारत में सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में कार्य करने वाली कम्पनियों को होने जा रहा है।

दृष्टि कोण

# चिकित्सक आंदोलन व ममता की प्रवृत्ति

**संघीय** ढांचे के तहत बने कानूनों और अदालतों के आदेशों के प्रति अड़ियल रुख अपनाने वाली पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को आखिरकार अपने ही लोगों के सामने घुटने टेकने पर मजबूर होना पड़ा। महिला चिकित्सक से बलात्कार और हत्या के बाद चले आंदोलन से ममता के तेवर ढीले पड़ गए। ममता ने कल्पना भी नहीं की होगी कि पश्चिम बंगाल में यह आंदोलन सरकार की चूलें हिला देगा। केंद्र सरकार और अदालतों के आदेशों के प्रति तीखे तेवर अपनाने वाली ममता इस्तीफा तक देने को तैयार हो गई। ममता की समझ में आ गया कि राजनीतिक द्वेषवश केंद्र सरकार की उपेक्षा की जा सकती है, किन्तु प्रदेश की सत्ता में बने रहने के लिए राज्य के लोगों की नाराजगी सत्ता से बाहर का रास्ता दिखा सकती है। आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में महिला चिकित्सक के साथ कथित बलात्कार और हत्या के मामले में तृणमूल कांग्रेस की सरकार के खिलाफ देश ही नहीं, विदेशों में भी आंदोलन हुए। इस घृणित अपराध के विरोध में ममता सरकार की निष्क्रियता के खिलाफ पश्चिम बंगाल के हर वर्ग ने राज्यव्यापी विरोध प्रदर्शन किया। हड़ताली चिकित्सकों ने मेडिकल शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं के निदेशकों और कोलकाता पुलिस कमिश्नर विनीत गोयल को पद से हटाने की मांग की। ममता बनर्जी ने कुछ ही दिनों पहले कहा था कि वो पुलिस कमिश्नर विनीत गोयल को दुर्गा पूजा तक उनके पद पर बनाए रखेंगी। भारी विरोध के बाद आखिरकार गोयल का तबादला करना पड़ा। हड़ताली चिकित्सकों का कहना है कि अस्पतालों में उनके सुरक्षा इंतजाम पुख्ता किए जाएं। वे मांग कर रहे हैं कि सरकार यह बताए कि 100 करोड़ रुपए का बजट किस प्रकार अस्पतालों में डॉक्टरों की सुरक्षा के लिए खर्च किया जाएगा। उन्होंने अस्पतालों में सुरक्षा उपायों को लागू करने के लिए रेफरल सिस्टम को सुधारने और भर्ती में भ्रष्टाचार पर रोक लगाने की भी बात कही। जूनियर डॉक्टर मेडिकल कॉलेजों में छात्र संघ चुनाव कराए जाने और संस्थानों की नीतियों में उनका रिप्रेजेंटेशन बढ़ाने की मांग कर रहे हैं। वे चाहते हैं कि छात्र संघ चुनाव के माध्यम से उनकी आवाज को प्रमुखता दी जाए ताकि उनकी समस्याओं का समाधान हो सके। पश्चिम बंगाल में अराजकता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि महिला चिकित्सक से दुष्कर्म और हत्या के बाद अराजक तत्वों ने अस्पताल पर हमला कर दिया। चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ और मरीजों को अपनी जान बचाकर भागना पड़ा। असामाजिक तत्वों ने अपराध के घटनास्थल पर तोड़-फोड़ की और अपराध के सबूत मिटाने का प्रयास किया। इस मामले में मेडिकल कॉलेज और पुलिस प्रशासन परोक्ष तौर पर आरोपियों के पक्ष में खड़ा नजर आया। दुष्कर्म और हत्या को आत्महत्या का मामला बता कर रफा-दफा करने का प्रयास किया गया। पुलिस और प्रशासन के पक्षपातपूण रवैये के बाद अदालत के आदेश से मामला केंद्रीय जांच ब्यूरो को सौंपा गया। इसके बाद हर तरफ ममता सरकार के खिलाफ विरोध का स्वर बुलंद हुआ। भारी विरोध के बाद ममता को समझ में आ गया कि केंद्र की भाजपा गठबंधन सरकार की खिलाफत करने की तरह इस आंदोलन से नहीं निपटा जा सकता। पश्चिम बंगाल की कम्युनिस्ट सरकार के प्रति विरोध और प्रदर्शन से सत्ता हासिल करने वाली ममता बनर्जी ने इसे अपना हथियार बना लिया। केंद्र सरकार के खिलाफ शायद ही ऐसा कोई मौका हो, जब ममता सरकार ने विरोध नहीं किया हो। इसी प्रवृत्ति का परिणाम है कि महिला चिकित्सक की मौत से पनपे आंदोलन को दबाने-कुचलने की कोशिश की गई। राहुल गांधी की ही तरह ममता बनर्जी, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हर मामले में विरोध करती रही हैं। भारत और बांग्लादेश के बीच गंगा और तीस्ता नदी के जल बंटवारे के मुद्दे पर ममता बनर्जी का आरोप है कि केंद्र की मोदी सरकार ने बांग्लादेश के साथ बातचीत में पश्चिम बंगाल सरकार को शामिल नहीं किया है। ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक पत्र भी लिखा। तीन पेज के लेटर में ममता ममता बनर्जी ने कहा कि पश्चिम बंगाल सरकार से पूछे बिना इस तरह की एकतरफा बातचीत हमें मंजूर नहीं है। इसी तरह राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना और प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत फंड जारी करने की मांग को लेकर राज्य विधानसभा परिसर में धरना दिया गया।

कुछ अलग

# प्रदर्शनों की धरती !

**बचपन** से हम यह पढ़ते सुनते आए हैं कि यह देवभूमि है और देवी देवताओं की धरती है। हमारे शिक्षकों ने भी हमें यही बताया था। हमारे शिक्षक यह कहा करते थे कि इस प्रदेश में देवी देवता निवास करते हैं और यहां के लोग बहुत शांतिप्रिय हैं। लेकिन अब जाकर यह नया खुलासा हुआ है कि यह देवभूमि प्रदर्शनों की भूमि भी है। खुलासा खुद हुकूमत ने किया है। इसलिए इस खुलासे ने बहुत बड़ी कन्फ्यूजन खड़ी कर दी है। शिक्षकों की काबिलियत दांव पर लगा दी है। शक हो रहा है कि कहीं हमारे शिक्षक भांग पीकर स्कूल में नहीं आते थे और हमें गुमराह करते थे। अगर यह प्रदर्शनों की भूमि है तो हमें बचपन से अब तक प्रदर्शनों में भाग लेने का मौका क्यों नहीं दिया गया? हमारे साथ ऐसी साजिश क्यों हुई? हमारा बचपन और जवानी बर्बाद क्यों की गई? हमारा धरती पर आना बेकार क्यों कर दिया गया। हमें गलत गाइड क्यों किया गया कि हम देवभूमि में रह रहे हैं। हमें मिसगाइड करने वाले शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी होना चाहिए। अगर ऐसे शिक्षक रिटायर हो चुके हैं तो उनकी पेंशन रोकी जानी चाहिए। अगर वे भगवान को प्यारे हो चुके हैं तो भी बैक डेट में नोटिस जारी किया जा सकता है। हुकूमत ऐसा कर सकती है। हुकूमत के पास बहुत बड़ी पावर होती है। नोटिस देना हुकूमत का बाएं हाथ का खेल होता है। क्योंकि हुकूमत का दांया हाथ बिजी रहता है, इसलिए हुकूमत बाएं हाथ से नोटिस जारी करती रहती है। हुकूमत ने जब से यह बताया है कि यह प्रदर्शनों की धरती है तो खुदा कसम अपने शिक्षकों से मेरा भरोसा उठ गया है। कहते हैं कि दूध का जला छाछ भी फूंक फूंक कर पीता है, इसलिए हुकूमत पर भी एकदम से भरोसा नहीं कर पा रहा हूं। जब से हुकूमत ने यह बताया है कि यह तो प्रदर्शनों की धरती है, तब से दिमाग में घंटियां बज रही हैं। अब इस धरती को नमन करूं या न करूं, इसको लेकर मैं बहुत कंफ्यूज हूं। बंदा कंफ्यूज हो तो अंट-शंट भी सोचने लगता है। यही मेरे साथ भी हो रहा है। मैं शाम को चार पैग मार कर भी इतना कंफ्यूज कभी नहीं हुआ जितना हुकूमत के खुलासे से हो रहा हूं। जहां गली में चार आदमियों को खड़े देखता हूं तो मुझे लगता है कि यह सब प्रदर्शनकारी हैं और प्रदर्शन की तैयारी कर रहे हैं। बीच-बीच में मन में यह आवेग उठने लगता है कि मैं भी इनके बीच पहुंच जाऊं और दो-चार नारे लगाकर फिर वापस आकर बाथरूम में नहाने चला जाऊं। नहाने से दिमाग ठंडा रहता है। गली में खेलते बच्चों को आपस में उलझते देखता हूं तो मुझे लगता है कि नई पीढ़ी प्रदर्शन की जबरदस्त तैयारी कर रही है और आने वाले दिनों में स्कूलों-कॉलेजों में बड़े स्तर पर प्रदर्शन हुआ करेंगे। क्योंकि हुकूमत ने खुद स्वीकार किया है कि यह प्रदर्शनों की धरती है, इसलिए बच्चों को प्रदर्शनों की पूरी छूट होगी। बच्चे घर में भी कोई डिमांड पूरी न होने पर प्रदर्शन कर सकते हैं और मां-बाप बच्चों का कुछ नहीं बिगाड़ पाएंगे क्योंकि बच्चे भी यही दलील देंगे कि हम प्रदर्शनों की धरती में रह रहे हैं और प्रदर्शन करना हमारा जन्मसिद्ध मौलिक अधिकार है। हो सकता है आने वाले टाइम में हुकूमत यह अध्यादेश भी जारी कर दे कि जिन विद्यार्थियों ने ज्यादा प्रदर्शनों में हिस्सा लिया होगा, उन्हें वार्षिक परीक्षा में अतिरिक्त अंक दिए जाएंगे। ऐसे विद्यार्थी भविष्य में अच्छे नेता बनकर भी उभरेंगे और प्रदेश का मान सम्मान बढ़ाएंगे। प्रदर्शनों से ही क्रांतियां आती हैं और क्रांतियों से इतिहास बनता है। इसलिए नया इतिहास रचने के लिए हमें नित नए प्रदर्शन की रूपरेखा अपने मन में तैयार रखनी चाहिए। लोग प्रदर्शन में बिजी रहेंगे तो हुकूमत की नाकामियों की तरफ किसी का ध्यान नहीं जाएगा।

देश दुनीया से

# दुनिया में शांति की संस्कृति का विकास हो

> हिंसा के खिलाफ जागरूकता फैलाने और शांतिपूर्ण समाधानों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 21 सितंबर को अंतरराष्ट्रीय शांति दिवस मनाया जाता है, जिसे विश्व शांति दिवस के रूप में भी जाना जाता है। यह दिन समाज पर युद्ध और संघर्ष के परिणामों पर विचार करने के साथ-साथ शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व के प्रति अपने समर्पण की पुष्टि करने का भी अवसर प्रदान करता है। यह दिन पूरी दुनिया में हर किसी को यह स्मरण कराता है कि बेहतर और अधिक न्यायपूर्ण दुनिया के लिए शांति सबसे जरूरी है। विश्व में शांति को बढ़ावा देने और प्रोत्साहित करने के लिए इस दिन की शुरुआत संयुक्त राष्ट्र ने 1981 में की थी, जिसका मुख्य उद्देश्य हिंसा के बजाय संवाद और समझ के माध्यम से संघर्षों को हल करने के महत्व को उजागर करना है।

**पूरे** विश्व में युद्ध और हिंसा के खिलाफ जागरूकता फैलाने और शांतिपूर्ण समाधानों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 21 सितंबर को अंतरराष्ट्रीय शांति दिवस मनाया जाता है, जिसे विश्व शांति दिवस के रूप में भी जाना जाता है। यह दिन समाज पर युद्ध और संघर्ष के परिणामों पर विचार करने के साथ-साथ शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व के प्रति अपने समर्पण की पुष्टि करने का भी अवसर प्रदान करता है। यह दिन पूरी दुनिया में हर किसी को यह स्मरण कराता है कि बेहतर और अधिक न्यायपूर्ण दुनिया के लिए शांति सबसे जरूरी है। विश्व में शांति को बढ़ावा देने और प्रोत्साहित करने के लिए इस दिन की शुरुआत संयुक्त राष्ट्र ने 1981 में की थी, जिसका मुख्य उद्देश्य हिंसा के बजाय संवाद और समझ के माध्यम से संघर्षों को हल करने के महत्व को उजागर करना है। यह व्यक्तियों, समुदायों और राष्ट्रों के बीच शांति और सद्भाव को बढ़ावा देने और विकसित करने का एक विश्वव्यापी उत्सव है। हालांकि हर साल इस दिवस का विषय बदलता रहा है, लेकिन प्रत्येक विषय का मुख्य उद्देश्य सदैव लोगों से संघर्ष समाधान, हिंसा में कमी और आपसी समझ एवं सहयोग के माहौल के निर्माण के लिए पुरजोर काम करने का आग्रह करना ही रहा है। शांति दिवस समस्त मानवता को सभी मतभेदों से ऊपर उठकर शांति के लिए प्रतिबद्ध होने तथा शांति की संस्कृति के निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित करता है। पिछले कुछ वर्षों में प्रत्येक अंतरराष्ट्रीय शांति दिवस का विषय अलग-अलग रहा है, जो विश्व शांति के लिए बदलती चुनौतियों को दर्शाते हुए संघर्ष समाधान, सहयोग और न्याय के विविध विषयों पर प्रकाश डालता रहा है। शांति दिवस के 15 वर्षों के विषयों को देखें तो 2010 का विषय था 'शांति और विकास के लिए युवा'। 2011 में यह 'शांति और लोकतंत्र : अपनी आवाज बुलंद करें' विषय के साथ मनाया गया। 2012 में 'टिकाऊ भविष्य के लिए टिकाऊ शांति', 2013 में 'शांति शिक्षा पर ध्यान', 2014 में 'शांति का अधिकार', 2015 में 'शांति के लिए साझेदारी : सभी के लिए सम्मान', 2016 में 'सतत विकास लक्ष्य : शांति के लिए आधारशिला', 2017 में 'शांति के लिए एक साथ : सभी के लिए सम्मान, सुरक्षा और गरिमा', 2018 में 'शांति का अधिकार-70 पर मानव अधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा', 2019 में 'शांति के लिए जलवायु कार्रवाई', 2020 में 'कोविड-19 के प्रभाव पर ध्यान केंद्रित करते हुए, एक साथ शांति को आकार देना', 2021 में 'समतापूर्ण और टिकाऊ विश्व के लिए बेहतर ढंग से उबरना', 2022 में 'नस्लवाद को खत्म करें, शांति स्थापित करें' और 2023 में 'शांति के लिए कार्य : वैश्विक लक्ष्यों के लिए हमारी महत्वाकांक्षा' विषय के साथ अंतरराष्ट्रीय शांति दिवस मनाया गया। इस वर्ष संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा दुनिया के सभी हिस्सों में शांति को बढ़ावा देने के लिए शांति की संस्कृति पर घोषणा और कार्यक्रम को अपनाए जाने की 25वीं वर्षगांठ है और ऐसे में 2024 के अंतरराष्ट्रीय शांति दिवस के लिए 'शांति की संस्कृति का विकास करना' विषय निर्धारित किया गया है, जो इस वर्ष के लिए शांति के लिए किए जा रहे प्रयासों को दर्शाता है। यूनेस्को (संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन) का संविधान इस धारणा से शुरू होता है कि 'युद्ध मनुष्यों के दिमाग में शुरू होते हैं, इसलिए शांति की रक्षा मनुष्यों के दिमाग में ही की जानी चाहिए।' यह वह धारणा है, जिसने इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय शांति दिवस के लिए थीम और लोगो को तैयार किया है। दरअसल बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और लंबे समय से चले आ रहे संघर्षों वाली दुनिया में अब शांति के विचार, शांति की संस्कृति, औपचारिक और अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से, देशों और पीढियों में बच्चों और समुदायों के दिमाग में विकसित किए जाने की आवश्यकता है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 1999 में शांति की संस्कृति के लिए कई आवश्यक मूल्य निर्धारित किए, जिनमें जीवन, मानवाधिकारों और मौलिक स्वतंत्रताओं के प्रति सम्मान, शिक्षा, संवाद और सहयोग के माध्यम से अहिंसा को बढ़ावा देना, संघर्षों के शांतिपूर्ण समाधान के लिए प्रतिबद्धता, समाज के सभी स्तरों और राष्ट्रों के बीच स्वतंत्रता, न्याय, लोकतंत्र, सहिष्णुता, एकजुटता, सहयोग, बहुलवाद, सांस्कृतिक विविधता, संवाद, समझ का पालन करना इत्यादि शामिल थे। अनुवर्ती प्रस्तावों में, महासभा ने टकराव के स्थान पर बातचीत को चुनने तथा एक-दूसरे के विरुद्ध नहीं बल्कि मिलकर काम करने के महत्व को भी स्वीकार किया। अंतरराष्ट्रीय शांति दिवस की स्थापना सर्वप्रथम 1981 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा की गई थी। महासभा ने सर्वसम्मति से संयुक्त राष्ट्र के प्रस्ताव 36/37 द्वारा स्थापित इस दिन को 'सभी देशों और लोगों के बीच शांति के आदर्शों को स्मरण करने और मजबूत करने' के लिए समर्पित करने का आह्वान किया था। दो दशक बाद 2001 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने सर्वसम्मति से अंतरराष्ट्रीय शांति दिवस को अहिंसा और युद्धविराम की अवधि के रूप में नामित करने के लिए मतदान किया।

आप का नजरीया

# वो हमारे लिए जोखिम उठाता

**फिर** जोखिम भरे कार्य ने एक युवक को मौत के घाट उतार दिया। विद्युत लाइनों की मरम्मत में कितने शमशान घाट दौड़ रहे, यह अगर मालूम हो जाए तो शायद हमारे घर बिजली ही न आए। बत्तीस वर्षीय उदय राम मंडी के द्रंग को रोशनी देते हुए ऐसी लापरवाही का शिकार हुआ, जिसमें बिजली बोर्ड की पद्धति गुनहगार है। मरने वाला सरकारी नौकर नहीं था, लेकिन आउटसोर्स की जिम्मेदारी में फर्ज निभा रहा था। काम करते हुए को किसने मारा, इसका जवाब विद्युत विभाग के ओहदेदारों को देना होगा, लेकिन इससे पूर्व जोखिम भरे कार्यों में संलिप्त लोगों की सुरक्षा के अति उच्च मानदंड बनाने होंगे। हमें चौबीस घंटे की चौकसी में कानून व्यवस्था का कोई सिपाही चाहिए। जलापूर्ति के लिए सुबह ही कोई फिटर स्रोत पर चाहिए। हमारे सफर को गति देते रात्रि भी बस सेवा का चालक-परिचालक चाहिए और विद्युत आपूर्ति के चौबीसों घंटे कोई न कोई कर्मचारी चाहिए, लेकिन समाज ने कभी सोचा कि हमारे लिए कौन जोखिम उठा रहा है। क्या कभी हमने पुलिस के सिपाही से पूछा कि खुले आसमान के नीचे वह कितने घंटे गुजारता है ताकि ट्रैफिक जाम न हो और कानून-व्यवस्था के हर इंतजाम में महकमा बदनाम न हो। कभी देखना वीआईपी ड्यूटी बजाते उसकी नसों में रक्त का कितना दबाव भरता है। नंगी तारों से खेलते लाइनमैन की हथेली के घाव देखना कि वहां हर जख्म की मर्यादा में हमारे घर का अंधेरा दूर होता है। जो लोग सर्दियों की जमीं हुई पाइपों से खींच कर हमारे घर तक पानी लाते हैं, उनकी ड्यूटी का कोहराम सुनना। ऐसे में जबकि प्रदेश के सारे पुष्प नेताओं पर कुर्बान हैं, नीतियों से गुजारिश है कि वे जोखिम के लिए तत्पर रोजगार को एक सम्मानित व सुरक्षित आधार दें। जो रात को वाहन चलाते हुए हमें मीलों दूर मंजिल तक पहुंचाते हैं, उन्हें दिन में सुकून की नींद का उपचार चाहिए। इसी तरह पुलिस महकमे के हर दायित्व में एक सिपाही की प्रतिष्ठा, उसके ड्यूटी चार्ट व ड्यूटी के निर्धारित घंटों में मिलेगी। ऐसा नहीं कि जो लोग निजी क्षेत्र में काम कर रहे हैं, उनके जोखिम कम हैं, लेकिन सार्वजनिक सेवा के क्षेत्र में जब हर घर को और हर घर को बिजली का वादा करते हैं, तो वहां फिटर से लाइनमैन तक के साहसिक कार्य को सरकार का आश्वासन और कार्य पद्धति का सख्त अनुशासन चाहिए। विडंबना यह है कि समाज के स्वागत द्वार, मंच और अभिभाषण हमेशा नेताओं के आगे दंडवत होते हैं, लेकिन जिस माइक से कोई विशिष्ट अतिथि बोल पाता है उसके पीछे एक मुस्तैद कहानी का पात्र 'मिस्टर लाइनमैन' होता है। मंडी से हम शुरुआत कर सकते हैं। बिजली की तारें मौत की तारें क्यों बनी, क्या इस बहस के अंजाम में सख्त कार्रवाई होगी। अंततः इस अभागे व्यक्ति का हमारी व्यवस्था में क्या मूल्य होगा। एक छोटा सा हर्जाना या जांच बैठाने का बहाना। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि बिजली की नंगी तारों पर रोजगार को चुनना कितना साहसपूर्ण कार्य है। उदय राम के अभिभावक हर बल्ब में अपने बेटे का दायित्व समझते रहे होंगे। ऐसे प्रोफेशन में युवा शक्ति का साहस और दिलेरी देखी जा सकती है, लेकिन इन्हें सुरक्षित कवच देने में हमारी लापरवाही अकसर एक टीस-एक मातम दे जाती है।

# जिले में जेएसएससी-सीजीएल की कुल 14 परीक्षा केन्द्रों पर शांतिपूर्ण व कदाचार मुक्त हुआ सम्पन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** जिले में 21 और 22 सितम्बर को दो दिन झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित झारखण्ड सामान्य योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा को जिला प्रशासन द्वारा शांतिपूर्ण एवं कदाचार मुक्त वातावरण में सम्पन्न कराया गया । जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्र ने बताया कि 21 सितम्बर शनिवार एवं 22 सितम्बर रविवार को कुल 14 केन्द्रों यथा एसएस प्लस टू हाई स्कूल चतरा, एसएस प्लस टू गर्ल हाई स्कूल चतरा, रामेश्वर लाल खंडेलवाल सरस्वती विद्यामंदिर चतरा, उपेंद्रनाथ वर्मा इंटर कॉलेज चतरा, नजेरथ विद्या निकेतन हाई स्कूल चतरा, इंदुमती टीबरेवाल सरस्वती विद्या मंदिर हाई स्कूल चतरा, चतरा कॉलेज चतरा, आरडीएस इंटर कॉलेज चतरा, नजेरथ विद्या निकेतन मिडिल हाई स्कूल चतरा, पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय चतरा,



डीएभी पब्लिक स्कूल चतरा, यूपीजी हाई स्कूल आरा चतरा, गंगा स्मारक प्लस टू हाई स्कूल गिद्धौर, मिडिल स्कूल गिद्धौर में 8:30 बजे से 10:30 बजे तृतीय पत्र, दुतीय पाली में 11:30 बजे से 1:30 बजे दुतीय पत्र, तृतीय पाली में 3 बजे से 5 बजे तक प्रथम पत्र कुल तीन पाली में परीक्षा शांतिपूर्ण व कदाचार मुक्त वातावरण में सम्पन्न कराया गया । जिसमें 21 सितम्बर को पहले दिन कुल 5148 अभ्यर्थियों को शामिल होना था जिसमें 2487 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए 2661 अभ्यर्थी अनुपस्थित पाए गए। वहीं दूसरे दिन कुल 5079 अभ्यर्थियों को शामिल होना था जिसमें 2553 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए वहीं 2526 अभ्यर्थी अनुपस्थित पाए गए। परीक्षा के सफल संचालन हेतु दोनो दिन उपायुक्त ने जिले के अधिकारियों के साथ विभिन्न केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया। इसके अलावे जिले के वरीय अधिकारियों द्वारा भी प्रश्न पत्र के केन्द्रों तक ले जाने प्रश्न पत्र खोलने, प्रतिनियुक्त स्टैटिक मजिस्ट्रेट, प्रतिनियुक्त ऑब्जर्वर, प्रतिनियुक्त स्टैटिक पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल, गश्ती सह उड़नदस्ता दण्डाधिकारी, गश्ती पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल, संबंधित केन्द्राधीक्षक के कार्यो की मॉनिटरिंग की जा रही थी। सभी परीक्षा केन्द्रों में 24 अभ्यर्थियों की संख्या पर एक के अनुपात में सीसीटीवी अधिष्ठापित की गई थी। झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा जारी गाईडलाइन का अक्षरशः अनुपालन कराते हुए परीक्षा सम्पन्न कराया गया। झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित झारखण्ड सामान्य योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा देने आए अभ्यर्थियों ने बताया कि अभ्यर्थियों को परीक्षा देने में किसी भी प्रकार की समस्या न हो इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा पारदर्शी तरीके से पूरी तैयारी की गई थी और हमलोगों ने शांतिपूर्ण वातावरण में परीक्षा दिया। पहले हमलोगों को डर सा बना रहता था कि कहीं पेपर लीक से संबंधित मामला प्रकाश में न आ जाय लेकिन इसके लिए भी परीक्षा के समय अवधि के दौरान राज्य सरकार द्वारा इंटरनेट सुविधाएं बंद की गई जिससे पेपर लीक से संबंधित मामला या भ्रांतियां रोकने में कहीं न कहीं इस तरह का निर्णय सफल देखा गया।

## एस.एस.पब्लिक स्कूल नावाडीह के प्रधानाचार्य शिक्षा मंत्री और वित्त मंत्री के द्वारा हुए सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**प्रतापपुर :** शिक्षा के क्षेत्र में नावाडीह में अलख जला रहा है एस एस पब्लिक स्कूल, प्रखंड के नावाडीह के प्रधानाचार्य भागीरथ कुमार गुप्ता को वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव और शिक्षा मंत्री बैजनाथ राम से किए गए सम्मानित पासवा के द्वारा रांची में आयोजित एक दिवसीय शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया था जिसमें प्रतापपुर प्रखंड के नावाडीह के एस.एस पब्लिक स्कूल नावाडीह विद्यालय के प्रधानाचार्य भागीरथ कुमार गुप्ता को रांची में पासवा के द्वारा झारखंड के वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव एवं झारखंड के शिक्षा मंत्री बैजनाथ राम के द्वारा भागीरथ कुमार गुप्ता को एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया।विद्यालय के प्रधानाचार्य के सम्मानित होने से विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षिकाएं में हर्ष व्याप्त है।वही शिक्षक आकाश कुमार, विक्की कुमार, अंकित कुमार सुषमा कुमारी, पूजा कुमारी, रंजू कुमारी खुशबू कुमारी ने बधाई दिया है।

## कस्तूरबा विद्यालय में जल सहिया ने चलाया स्वच्छता अभियान, बच्चों ने ली स्वच्छता की शपथ




**कुन्दा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार को कस्तूरबा आवासीय बालिका विद्यालय कुन्दा में जिला जल एवं स्वच्छता समिति चतरा के निर्देशानुसार जल सहिया के द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान विद्यालय के बच्चों को स्वच्छता के महत्व के बारे में बताया गया और उन्हें स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। इस अभियान का उद्देश्य बच्चों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना और उन्हें अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित करना है। जल सहिया ने बच्चों को स्वच्छता के महत्व के बारे में विस्तार से बताया और उन्हें अपने दैनिक जीवन में स्वच्छता का पालन करने के लिए प्रोत्साहित किया। मौके पर कस्तूरबा आवासीय बालिका विद्यालय वार्डन इंदु भारती, जलसहिया, रूपा सिन्हा, पिंकी देवी, सरिता देवी, सुनीता वर्मा, समेत कई छात्राएं उपस्थित थी।

## चालक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री सत्यानंद से सामान्य वेतन भुगतान करने को लेकर सौंपा ज्ञापन



**चतरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला वन विभाग चालक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने आज झारखंड सरकार के श्रम एवं कौशल विकास मंत्री से मुलाकात कर एक ज्ञापन सौंपा। दैनिक वेतन चालक संघ ने अपने ज्ञापन में कहा है कि हम वर्षों से वन विभाग में चालक के पद पर कार्यरत हैं। वन विभाग, चतरा दक्षिण एवं चतरा उत्तर वन प्रमंडल के अधीन चालक हैं। रांची में 17200.00 रुपये और हजारीबाग में 16016.00 रुपये प्रति माह दिया जा रहा है। जबकि चतरा में 14560.00 रुपये प्रतिमाह भुगतान किया जा रहा है। इस प्रकार हमें प्रति माह लगभग 3000.00 रुपये कम भुगतान किया जा रहा है। ज्ञापन में अनुरोध किया गया है कि जितना वेतन रांची व हजारीबाग में दिया जा रहा है, उतना ही वेतन चतरा में भी दिया जाए।

# शिक्षा मंत्री और वित्त मंत्री ने डीपीएस स्कूल के संचालक को किया सम्मानित




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** रांची के मोरहावादी स्थित दीक्षांत मंडप में रविवार को शिक्षक सम्मान समारोह कार्यक्रम मे बेहतर शिक्षा देने के लिए दिल्ली पब्लिक स्कूल कोसहा टंडवा के संचालक कर्ता राजकुमार को सम्मानित किया गया। साथ ही शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव और शिक्षा मंत्री ने सराहना भी की। समारोह में उपस्थित मुख्य अतिथि राज्य के शिक्षा मंत्री बैजनाथ राम तथा डॉ रामेश्वर उरांव के द्वारा विद्यालय के संचालक राजकुमार साव तथा प्राचार्य एम. सी.मुखर्जी को मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया।

## महिला के प्रसव के बाद नर्स को पैसे नही मिलने पर कई घंटों तक नर्स ने प्रसूति महिला को बनाया बंधक, परिजनों ने लगाया आरोप

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुन्दा :** सरकार जहाँ एक ओर स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए करोड़ो खर्च कर रही हैं तो वही दूसरी ओर प्रसव के बाद प्रसूति महिला के परिजनों के द्वारा नर्स को पैसा नही मिलने के कारण प्रसूति महिला को कई घण्टो तक बंधक बना कर सरकार को चुनौती दे डाली है।यह मामला प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुन्दा का हैं।सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रखण्ड क्षेत्र के कुन्दा पंचायत के बैरियाचक गाँव निवासी विक्रम भारती के पत्नी सोनिया देवी को प्रसव पीड़ा के बाद शनिवार को कुन्दा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया जहाँ नर्स प्रियंका कुमारी ने उक्त महिला को प्रसव कराई,महिला ने एक पुत्री को जन्म दी।लेकिन ताज्जुब की बात यह है कि नर्स प्रियंका कुमारी के द्वारा प्रसूति के परिजन से प्रसव कराने के एवज में पंद्रह सौ रुपये की मांग



करने लगी, परिजनों ने पैसा नही होने के बात कह कर छुटी करने को कहा लेकिन नर्स ने कोई बात नही सुनी और ममता वाहन नही होने के हवाला देकर बात को टालते गई।तब जा कर महिला के परिजनों ने अपने ही गाँव के एक युवक से पैसा की मांग किया हालांकि युवक ने पैसा नही दिया।फिर परिजनों ने उसी युवक को सारी पीड़ा सुनाया तब जाकर युवक ने नर्स के पास सात सौ रुपये देने का गारंटर बना उसके बाद प्रसूति महिला को अस्पताल से छूटी दी गई।पूर्व में भी इस तरह का एक और मामला टिकैतबांध के महिला के साथ भी हुई थी।पिछले कई बार पैसा लेने का आरोप नर्स पर लग चुकी हैं।लेकिन आज तक इसके ऊपर कोई भी कार्रवाई नही हुई हैं।जिससे इनका मनोबल बढ़ता जा रहा है।सबसे बड़ी बात यह हैं कि उक्त नर्स को कुन्दा से तबादला कर दिया गया हैं,फिर भी कुन्दा में ही जमे हुई हैं।वही सबसे मजे की बात तो यह है कि प्रसव बिहार में होती हैं और जन्म प्रमाण पत्र कुन्दा अस्पताल से निर्गत किया जाता हैं।इसमें प्रसूति महिला को मिलने वाली राशि व ममता वाहन की राशि का भी बंदरबाट कर गबन कर लिया जाता हैं।कुन्दा जैसे सुदूरवर्ती क्षेत्र होने के कारण इनके खिलाफ़ कोई आवाज भी नही उठा पाते है।इनकी सारे कारनामे की जानकारी पूर्व व वर्तमान चिकित्सा पदाधिकारी को हैं।फिर भी कोई कार्रवाई नही की गई है।हालांकि पुनः एक बार चिकित्सा प्रभारी से इस संदर्भ में पक्ष लेने की कोशिश की गई परंतु उन्होंने फोन नहीं उठाया।

## अपनी मांग को लेकर पंचायत समिति सदस्य आज करेंगे प्रखंड कार्यालय में तालाबंदी

**बरवाडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरवाडीह प्रखंड सह अंचल कार्यालय मे सोमवार को पंचायत समिति सदस्यों के द्वारा पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत मांगों को लेकर तालाबंदी की जाएगी। उक्त जानकारी प्रखंड प्रमुख सुशीला कुमारी व उप प्रमुख बिरेन्द्र जायसवाल ने दी। उन्होंने कहा कि पांच सूत्री मांग को लेकर तीन दिन पूर्व मांग पत्र बीडीओ रेशमा रेखा मिंज को सौंपा गया था। जिसमे मुख्य रूप से प्रभारी एमओ अरविंद कुमार रवि और प्रभारी एजीएम सर्वेश सिंह को प्रभार मुक्त करने की मांग की गई थी। वही इस सम्बंध में प्रमुख सुशीला कुमारी ने बताया कि डीलरों के द्वारा लगातार शिकायत के बावजूद कार्रवाई नही होना कई सवाल खड़ा करता है। साथ ही उन्होंने बताया कि जब तक हमारी पांचों मांगे पूरी होगी आंदोलन किया जाएगा।

# प्रकाश राम ग्रामीण खोज फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** प्रकाश राम ग्रामीण खोज फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन रविवार को बालूमाथ उच्च विद्यालय के मैदान में लातेहार विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक प्रकाश राम ने पिता काटकर एवं फुटबॉल में किक मारकर व कबूतर उड़ाकर किया। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक प्रकाश राम ने कहा कि हमारा सोच है कि लातेहार विधानसभा क्षेत्र के जितने भी फुटबॉल खिलाड़ी हैं उसके बीच भव्य मैच का आयोजन करा कर उनकी प्रतिभा को निखारने का कार्य करें। इस टूर्नामेंट में लगभग दो सौ टीम ने अपना रजिस्ट्रेशन करा लिया है।इसके लिए यह मैच का आयोजन कराया जा रहा है ।इस मैच के छह टीम के विजेता को पुरस्कृत किया जाएगा ।विजेता छः टीमों के सभी खिलाड़ियों को अपने निजी खर्चे से विशेष रूप से कैंप लगाकर प्रशिक्षण देने का कार्य करूंगा ।आयोजन समिति के अध्यक्ष प्रेम प्रसाद गुप्ता ने कहा कि इस टूर्नामेंट में पूर्व



विधायक प्रकाश राम के सौजन्य से प्रथम विजेता टीम को 51 000 द्वितीय को 25000 तृतीय स्थान पर रहने वाले टीम को 15 000 चतुर्थ स्थान पर रहने वाले टीम को 10 000, पाचवा स्थान पाने वाली टीम को 7000 एवं छठा स्थान पाने वाले टीम को 5000 एवं सील्ड पुरस्कार के रूप में दिया जाएगा। सभी खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए पूर्व विधायक के तरफ से जर्सी व फुटबॉल दिया जा रहा है।वहीं मंच को संचालन भाजपा जिला महामंत्री अमलेश सिंह, भाजपा वरिष्ठ नेता गिरधारी यादव, आयोजन समिति के कोषाध्यक्ष संजय यादव, निर्मल सिन्हा समेत कई लोगों ने संबोधित करते हुए खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया।


## श्रद्धालुओं ने तिरुपति बालाजी मंदिर के पवित्रता को नष्ट करने पर किया जल सत्याग्रह किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** लातेहार के श्रद्धालु सनातन प्रेमियों ने तिरुपति बालाजी मंदिर में विधर्मियों द्वारा पवित्रता को नष्ट करने के विरोध में जल सत्याग्रह किया है। इस धरने का आयोजन लातेहार के ओंरगा नदी के किनारे मुख्य परोहित संतोष मिश्रा, स्थानीय भक्त वत्सल और कई सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों द्वारा किया गया।इस धरने में सभी ने एकजुट होकर यह विरोध जताया कि आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री रेडी द्वारा किए गए तुष्टीकरण की नीति के तहत विधर्मी तत्वों को बालाजी मंदिर समिति में शामिल किया गया है। इसके साथ ही, अशुद्ध धातुओं के खरीद-फरोख्त से मंदिर की पवित्रता को क्षति पहुंचाई गई है।यह कदम हिंदू समाज को आहत कर रहा है और सभी परोहित इस मुद्दे को लेकर चिंतित हैं। हम सभी श्रद्धालु संकल्प लेते हैं कि हिंदू विरोधी गतिविधियों के खिलाफ संगठित होकर उचित जवाब देंगे। हम समाज के सभी वर्गो से अपील करते हैं कि इस मुद्दे पर जागरूकता बढ़ाएं और हिंदू संस्कृति की रक्षा के लिए एकजुट हों। तिरुपति बालाजी का मंदिर हमारी आस्था का प्रतीक है, और इसे किसी भी प्रकार की अशुद्धता से मुक्त रखना हमारी प्राथमिकता है।

## बारिश से गिरे घर की मुआवजे को लेकर पीड़ित ने स्थानीय प्रशासन से मदद की गुहार लगाई



**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बारिश से घर गिरने के कारण पीड़ित व्यक्ति ने मुआवजे की मांग को लेकर प्रशासन से गुहार लगाई है। बरवाडीह प्रखंड के चुंगरु निवासी समलु उरांव पिता रुपन उरांव का बिते दिनों भारी बारिश से घर पुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है।पीड़ित का कहना है कि लगातार भारी बारिश की वजह से उनका घर क्षतिग्रस्त हो गया और उन्हें आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ा है। उन्होंने स्थानीय प्रशासन से अपील की है कि उन्हें उचित मुआवजा दिया जाए ताकि वे अपने घर की मरम्मत कर सकें और अपने परिवार को सुरक्षित स्थान पर रख सकें। वहीं समाजसेवी अनिरुद्ध गिरी ने कहा कि मैं प्रभावित परिवारों के साथ हु,अधिकारियों से अपेक्षा जा रही है कि वे पीड़ित की स्थिति का संज्ञान लें और तत्काल राहत उपायों पर विचार करें। इस संबंध में बरवाडीह अंचलाधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि प्रभावित परिवारों की मुआवजे को लेकर हमलोग कार्य में जुटे हुए हैं। और प्रक्रियाओं के संबंध में बता दी गई है जैसे आवेदन प्राप्त होती है, संबंधित अधिकारियों द्वारा क्षति का निरीक्षण किया जाएगा और सरकारी प्रावधानों के अनुसार आपदा से दी जाने वाली मुआवजा वितरित किया जाएगा। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूरा करने का प्रयास किया जाएगा ताकि प्रभावित लोगों को राहत मील सके।

# आंदोलनकारीयों के हक़ अधिकार दिलाने को लेकर एक अक्टूबर को दिया जाएगा धरना : सत्येंद्र सिंह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** झारखंड आंदोलनकारी के हक अधिकार दिलाने को लेकर रविवार को लातेहार जिला मुख्यालय के समीप वासाओड़ा में जिला अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह के अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान श्री सिंह ने कहा कि देश आजाद करने में झारखंड आंदोलनकारी का मुख्य योगदान रहा है इसके बावजूद भी आंदोलनकारी को सरकार के द्वारा किसी प्रकार की कोई सुविधा नहीं दी गई है। आगे उन्होंने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि 24 वर्ष गुजर जाने के बावजूद भी झारखंड आंदोलनकारी का चिन्हित करण का काम अभी तक बाकी है। जबकि आंदोलनकारी के बेटे के हाथों में झारखंड का बागडोर होने के बावजूद भी आंदोलनकारी को अपने हक अधिकारों के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है।आगे उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार के द्वारा झारखंड आंदोलनकारी के मान-



सम्मान हेतु 50 हजार रुपए मासिक पेंशन, जेल की बाध्यता समाप्त करने, अंतिम से अंतिम आंदोलनकारी को चिन्हित करने, आंदोलनकारी के बच्चों को मानक शिक्षा चिकित्सा नौकरी में प्राथमिकता देने, लातेहार जिला स्थित दो पावर प्लांट तथा सभी कॉल ब्लॉक चालू करने सहित अन्य मांगों के समर्थन में आगामी एक अक्टूबर को लातेहार जिला मुख्यालय के समीप धरना प्रदर्शन किया जाएगा। लातेहार जिले के उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री को एक ज्ञापन सौंपा जाएगा ताकि आंदोलनकारीयों के हक अधिकार को दिलाया जा सके मौके पर कई लोग मौजूद थे।

## छिपादोहर स्वास्थ्य उपकेन्द्र मरम्मति में अनियमितता, ग्रामीणों ने उपायुक्त से किया पुनर्निर्माण की मांग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** बरवाडीह प्रखंड के छिपादोहर स्वास्थ्य उपकेंद्र की मरम्मत में अनियमितताओं को लेकर ग्रामीणों ने उपायुक्त से शिकायत की है। ग्रामीणों का आरोप है कि मरम्मत कार्य में मानकों का पालन नहीं किया गया, और घटिया सामग्री का उपयोग किया गया है। इस अनियमितता से न केवल स्वास्थ्य उपकेंद्र की स्थायित्व पर प्रभाव पड़ा है, बल्कि स्वास्थ्य सेवाओं पर भी इसका सीधा असर हो रहा है। समाजसेवी रामचलितर प्रसाद ने बताया कि मरम्मति का कार्य में देख रेख के लिए मुझे रखा गया था लेकिन पोखरीकला निवासी सलीम पिता समसुदीन जो इस कार्य का संवेदक था, उन्होंने अपने मनमानी ढंग से काम करवाया और जैसे तैसे काम करके चला गया?।जिसका नतीजा है कि इस बरसात में फिर से छत टपकने लगा जो स्थिति पहले थी वही स्थिति बना रह गया। मरम्मति के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति किया गया है। ग्रामीणों ने




इस मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है ताकि संवेदक के खिलाफ उचित कार्रवाई की जा सके और स्वास्थ्य उपकेंद्र का सही ढंग से पुनर्निर्माण हो। दिये गये आवेदन में उपेन्द्र ठाकुर, रामचलितर प्रसाद, मुन्ना कुमार गुप्ता, राजकुमार प्रसाद, अरुण कुमार, विजय कुमार प्रसाद सहित दर्जनों लोगों का नाम अंकित है।

## जिले में दुसरे दिन भी सभी केन्द्रों में निष्पक्ष व कदाचार मुक्त परिक्षा हुई संपन्न : एसपी




**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा (जेएसएससी) की परीक्षा दूसरे दिन रविवार को निष्पक्ष एवं कदाचार मुक्त संपन्न हो गया। हालांकि इसमें परीक्षार्थियों की मौजूदगी काफी कम रही। समाहरणालय के सभागार में पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने एक प्रेसवार्ता में इसकी जानकारी देते हुए बताया कि जिले के कुल 18 परीक्षा केंद्रों में परीक्षा ली गयी। निबंधित परीक्षाथियों की संख्या 3948 थी।प्रथम व द्वितीय पाली में 933 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी है। जिसका प्रतिशत 23.63 रहा है। जबकि 3015 अभ्यर्थी अनुपस्थित थे।तृतीय पाली में कुल 929 अभ्यर्थियो ने परीक्षा दी। जिसका प्रतिशत 23.53 है। जबकि 3019 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि दंडाधिकारियों, उड़नदस्ता दल को सभी केंद्रो पर तैनात किया गया था।केंद्रो पर मूलभूत सुविधाओं व सुरक्षा के दृष्टिकोण से सीसीटीवी कैमरा लगाया गया था। परीक्षा सुबह 8.30 बजे से शाम पांच बजे तक हुई। प्रेस वार्ता में अपर समाहर्ता रामा रविदास, जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार, डीपीआरओ डा चंदन व गोपनीय शाखा प्रभारी श्रेयांश और जिला शिक्षा अधीक्षक गौतम साहू समेत कई अधिकारी उपस्थित थे।

# कटकमदाग मैदान में हुआ नमो फुटबॉल टूर्नामेंट का भव्य आगाज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कटकमदाग :** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने सांसद बनने के बाद पहली बार संपूर्ण हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में सांसद खेल महोत्सव- 2024 के तहत नमो फुटबॉल टूर्नामेंट के आयोजन का संकल्प लेकर चरणबद्ध तरीके से आयोजन करवा रहें हैं। इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए रविवार को हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र के कटकमदाग प्रखंड स्थित कटकमदाग मैदान से नमो फुटबॉल टूर्नामेंट का भव्य आगाज हुआ। यहां टूर्नामेंट के उद्घाटन पर बतौर मुख्य अतिथि हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल और विशिष्ठ अतिथि के रूप में हजारीबाग जिला परिषद के अध्यक्ष उमेश प्रसाद मेहता, भाजपा नेता श्रद्धानंद सिंह, शेफाली गुप्ता सहित अन्य गणमान्य लोग शामिल हुए और मशाल जलाकर, खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर और फुटबॉल में किक मारकर इस टूर्नामेंट का आगाज कराया। यहां पहुंचने पर स्थानीय नमो फुटबॉल टूर्नामेंट आयोजन समिति की ओर से सांसद मनीष जायसवाल सहित अन्य आगंतुक अतिथियों का जबरदस्त स्वागत और अभिनंदन किया गया। स्वागत में सबसे पहले स्थानीय महिलाओं ने आम्र- पात्र का माला और मुकुट पहनाकर, तिलक-चंदन लगाया और आरती उतारी। जिसके बाद आकर्षक ढोल नगाड़े के हैरतअंग्रेज करतब के साथ नमो जर्सी से लैस टूर्नामेंट में शामिल होने वाले सभी टीमों के खिलाड़ियों ने ताली बजाकर और मार्च पास्ट कर अभिनंदन किया। इस टूर्नामेंट में कटकमदाग प्रखंड क्षेत्र की कुल 44 टीमों ने अबतक रजिस्ट्रेशन कराया है। टूर्नामेंट में निर्णायक की भूमिका में शशिकांत शर्मा, संदीप बंसल और निशांत राज हैं। टूर्नामेंट का पहला मैच खुद बनाम सिरसी टीम के बीच खेला गया। इससे पहले इस मैदान में जमुवारी और फतहा टीम की बालिका फुटबॉल टीमों के बीच दोस्ताना मुकाबले हुआ जिसके रोमांच का आनंद दर्शकों ने खूब उठाया। इस टूर्नामेंट के अध्यक्ष सुनील कुमार यादव, उपाध्यक्ष सुरेंद्र गुप्ता, तुलसी प्रसाद कुशवाहा, विकास यादव, सचिव अरुण कुमार राणा, कोषाध्यक्ष दीपक पंडित, प्रवेशकर्ता सुनील मालाकार, व्यवस्थापक आशीष कुमार गुप्ता, सिद्धार्थ कुमार, धनेश्वर कुमार, परमेश्वर कुमार, मनीष कुमार, सुनील कुमार, हीरामन साव, कौलेश्वर कुमार साव हैं ।

## बेलतू में सड़क निर्माण व विद्यालय के चाहरदिवारी निर्माण का अंबा प्रसाद ने रखी आधारशिला



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केरेडारी :** शनिवार देर शाम को बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद ने बेलतू पंचायत के बेलतू पुलिस पिकेट से जमीरा पनघट तक पथ निर्माण व नव प्राथमिक विद्यालय घोड़चरी की आधारशिला जिला परिषद सदस्य गीता देवी, मुखिया जितनी देवी, 20 सूत्री अध्यक्ष अर्जुन राम, विधायक प्रतिनिधि सुरेश साव व पंचायत समिति सदस्य पूनम देवी की गरिमामय उपस्थिति में पूजा अर्चना करके शिलान्यास की! बेलतू पहुंचने पर सर्वप्रथम स्थानीय मुखिया जितनी देवी के नेतृत्व में ग्रामीणों ने विधायक अंबा का जोरदार तरीके से ढोल नगाड़ों एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया! इस दौरान ग्रामीणों में काफी हर्ष का माहौल था !ग्रामीणों ने कहा कि विधायक अंबा लगातार क्षेत्र में विकास कर रही है जिसके कारण क्षेत्र में विकास की नई अध्याय लिखी जा रही है! विधायक अंबा ने कहा कि क्षेत्र का विकास करना मेरा पहला लक्ष्य है इसलिए आज पूरे विधानसभा क्षेत्र में सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है और आगे भी क्षेत्र में इसी तरह कार्य किया जाएगा! साथ ही विधायक ने सभी ग्रामीणो से कहा कि सड़क निर्माण मे गुणवत्ता से कोई समझौता नही करना है सड़क अगर ठीक से नही बनता है तो ग्रामीण उस काम को खुद आगे आ कर सही से काम कराने का कार्य करे! मौके पर पंचायत अध्यक्ष मिथिलेश रवि पूर्व पंचायत अध्यक्ष मकसूद आलम, उल्फत अंसारी राम लखन पासवान प्रदीप कुमार राम लोकनाथ राना अय्यूब अंसारी सुधीर गुप्ता तपेश्वर साव नीलम प्रसाद मनोवर आलम बबलू कुमार शीतल राम सहित बड़ी संख्या में महिला पुरुष मौजूद थे!

## 24 सितंबर को बरही प्रखंड मैदान में होने वाले प्रस्तावित परिवर्तन जनसभा में उमड़ेगी भीड़



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** आगामी 24 सितंबर को बरही प्रखंड मैदान में आयोजित होने वाले प्रस्तावित परिवर्तन जनसभा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए भाजपा कार्यालय में एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष भगवान केशरी व संचालन विजय यादव ने किया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव उपस्थित थे। बैठक में पार्टी के प्रमुख नेताओं और कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की गई और आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। प्रस्तावित जनसभा में अनुमान लगाया जा रहा है कि इस कार्यक्रम में लाखों की संख्या में भीड़ जुटने की उम्मीद है।कार्यक्रम के आयोजन को सफल बनाने और जनता के बीच पार्टी की स्थिति को और मजबूत करने के लिए पार्टी कार्यकर्ताओं ने पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ काम करने का संकल्प लिया है। बैठक के दौरान पूर्व विधायक मनोज यादव ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने का वादा किया। पूर्व विधायक मनोज यादव ने कहा कि यह आयोजन बीजेपी के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है, जिससे पार्टी की जमीनी पकड़ को और मजबूत किया जा सकेगा। बैठक में जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, जिला परिषद सदस्य प्रीति गुप्ता, रिंकी विश्वकर्मा, बरही पूर्वी मंडल अध्यक्ष विजय यादव, मंडल अध्यक्ष भगवान केसरी, पूर्व मंडल अध्यक्ष अमित साहू, प्रखंड महामंत्री नवल किशोर सिंह, प्रखंड उपाध्यक्ष बिपिन सिन्हा, धनवार मुखिया राजेन्द्र प्रसाद, ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष मनोज साव, सहित अन्य भाजपाई मौजूद थे।

## ग्रामीणों की जन-समस्याओं से रूबरू हुए जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही (हजारीबाग) :** प्रखंड अंतर्गत विजैया पंचायत के ग्राम खुटवाटांड में ग्रामीणों की जन समस्यायो को जानने जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव पहुँचे। मौके पर विभागीय अधिकारियों से बात कर उनकी समस्याओं को रखा। साथ ही ग्रामीणों की आश्वस्त किये की वे जल्द पानी की समस्याओं को दूर करेंगे। वहीं रास्ते मे आने के क्रम में चतरो व बरसोती नदी का पुल का भी उन्होंने निरीक्षण किया। मौके पर ग्रामीणों में रामदेव यादव, चितरंजन यादव, संतोष यादव, सकलदेव यादव, सीकेन्द्र यादव, बुलाकी चौधरी, बालेश्वर चौधरी, सुखदेव चौधरी, शम्भू चौधरी, उमेश चौधरी, रामशरण यादव, मिथलेश चौधरी, बासुदेव चौधरी, गीता देवी, सरिता देवी, पूजा देवी, कौशल्या देवी, पूनम देवी, कुंती देवी, सुमित्रा देवी, रेखा देवी, राधा देवी, मिना देवी, रीना देवी, संजू देवी आदि उपस्थित थे।

## अनुप्रिया फाउंडेशन के संस्थापिका अनुप्रिया ने चलाया जनसंपर्क अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**दारू :** आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों में सभी दलों के नेता और नेत्री अपना दम खम जनता के बीच दिखाना शुरू कर दिए है । इसी क्रम में रविवार को अनुप्रिया फाउंडेशन की संस्थापिका सह कांग्रेस पार्टी नेत्री अनुप्रिया ने सदर प्रखंड के सिलवार कला,रोला, हुटपा पंचायत तथा दारू प्रखंड के दारू पंचायत के ग्राम बक्सीडीह और भटभीघा आदि कई गांवो का दौरा किया जहाँ पर ग्रामीणों ने उनका भव्य स्वागत किया । जनसंपर्क अभियान के तहत महिला समूह, तथा ग्रामीणों के साथ चर्चा कर उनकी मूलभूत समस्याओं को जाना और सभी के साथ सामंजस्य बनाकर उपरोक्त समस्याओं का त्वरित समाधान करने का विश्वास दिलाया।0 लोगों ने बताया कि उनके बीच राशन कार्ड,, अबुआ आवास योजना, रोजगार , बिजली, स्वच्छ पेयजल एवं सड़क के साथ साथ-साथ नशा का व्यापक समस्या है , उक्त समस्याओं का अगर निवारण हो जाए तो उनका जीवन स्तर बेहतर हो सकता है। अनुप्रिया ने सभी को प्रोत्साहित करते हुए अनुप्रिया फाउंडेशन से जुड़ने की सलाह दी और बताया कि जितनी अधिक संख्या में लोग फाउंडेशन से जुड़ेंगे, उतने ही तेजी से समस्याओं का समाधान भी संभव होगा। मौके पर आशीष श्रीवास्तव, प्रदीप मंडल, विनीता प्रसाद, प्रवीण पाण्डेय, सुरेश कुमार, सुमन वर्मा, , नारायण दास,दिनेश कुमार, प्रमोद पासवान, उपेंद्र पासवान, सुरेंद्र पासवान , उषा देवी, अंजली देवी, उर्मिला कुमारी सहित सैकड़ों लोग शामिल थे।

## अं. ब्रा.महासंघ के बिष्णुगढ प्रखंड अध्यक्ष बने संजीत



**टाटीझरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** अंतर्राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ प्रदेश अध्यक्ष सुनिल कुमार पाण्डेय कि अध्यक्षता में 22 सितंबर को विष्णुगढ़ काली मंदिर प्रांगण में बैठक किया गया। जहां सर्वसम्मति से संजीत मिश्रा को विष्णुगढ़ प्रखण्ड अध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया । संजीत मिश्रा प्रखण्ड अध्यक्ष का दायित्व संभालते ही प्रदेश कमिटी व जिला कमिटी का धन्यवाद देते हुए कहा कि वे पूरे जोश खरोश के साथ संगठन के विस्तार के लिए पूरे प्रखंड में कार्य करेंगे । साथ ही आगामी 29 अक्टुबर को राम मंदिर में भव्य बैठक का आयोजन किया जाएगा जिसमें प्रखंड के सारे विप्र बंधु उपस्थित रहेंगे । उन्होंने संगठन को तन मन धन से सीचकर समाज को आगे बढ़ाने की बातें कही साथ ही उन्होंने कहा की प्रदेश व जिला ने उनपर जो विश्वास जताया है उस पर वे खरा उतरेंगे । प्रदेश अध्यक्ष सुनिल कुमार पाण्डेय ने नव नियुक्त प्रखण्ड अध्यक्ष को बधाई देते हुवे संगठन के कार्य उपलब्धि और आगामी रणनीति पर विस्तार पूर्वक बताए , मौके पर प्रदेश महासचिव वीरेंद्र शास्त्री ,प्रदेश प्रवक्ता पुरेन्द्र पाण्डेय , प्रदेश संगठन मंत्री बटेश्वर मिश्रा , प्रदेश संगठन मंत्री युवा प्रकोष्ठ रौशन पाण्डेय , प्रदेश मीडिया प्रभारी संदीप पाण्डेय , हजारीबाग जिला अध्यक्ष प्रवेश पाण्डेय , युवा जिला अध्यक्ष पवन जिगर पाण्डेय, प्रदेश संरक्षक नकुल पाण्डेय , ओमप्रकाश पाण्डेय , श्रीराम प्रसाद पाण्डेय , संजय वैध समेत अन्य कई लोग मौजूद थे।

## डॉ आरसी मेहता ने नगर निगम क्षेत्र में किया जनसंपर्क



**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सदर विधानसभा के कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी डॉ आरसी मेहता के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं के साथ कदमा, रामनगर, ओकनी, नवाबगंज इत्यादि वार्ड में जनसंपर्क अभियान चलाये। इस दौरान सैकड़ो लोगो से मिले और सरकार द्वारा दी जा रही योजनाओं का जिक्र करते हुए सैकड़ो लोगो से रूबरू हुए. इस मौके पर डॉ आरसी मेहता ने कहा की मइयाँ सम्मान योजना से 1000 रुपए मिल रहा है जिससे घर बार चलाने मे मदद मिल जाती है.कच्चे खपरेला मकान वालो के लिए सरकार की योजना अबुवा आवास मिला है जिससे छत का मकान बनाने का सपना पूरा होगा.सखी सहायता समूह से जुडी माताए बहनो ने भी कहा की लोन लेकर सिलाई से, ब्यूटी पार्लर खोलकर, राशन दुकान देकर घर की आर्थिक स्तिथि मजबूत कर रही हु.कई नौजवान ने बताया की नियुक्ति होने पर सरकारी नौकरी कर रहा हु।दर्जनों किसानो ने बताया की सरकार ने किसानो का 2 लाख तक लोन माफ़ करके बहुत बड़ा काम किये हैं. कई किसान आत्महत्या करने से बचे.ग्रामीण क्षेत्र के लोगो की 200 यूनिट बिजली निशुल्क करना काबिले तारीफ बताया ,गंभीर बीमारी से जूझ रहे लोगो के लिए सरकार ने 10 लाख रूपये तक मदद करने की योजना को लोगो ने सराहा. कांग्रेस विधि प्रकोष्ठ अध्यक्ष एडवोकेट संजय रविदास ने इस मौके पर कहा कि पुनः गठबंधन सरकार बनने पर ऐसे ही अनेको योजना सुचारु ढंग से जन कल्याण हेतु संचालित किया जायगा. कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ भुनेश्वर संजय रविदास रामचंद्र राम कुलदीप भुइयां राकेश गुप्ता सुरेश रविदास नवीन सिंह मालती देवी विजय राम सुनील राम पिंकी कुमारी संयुक्त देवी रूम मौसी आदित्य कुमार मनोहर राम, भोलाराम इत्यादि सैकड़ो लोगों ने भाग लिया।

## आजसू पार्टी के चूल्हा प्रमुख कार्यक्रम में उमड़ी भारी भीड़, सरकार ने जो वादा किया उसे पूरा नहीं किया : सुदेश महतो




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** प्रखंड के प्लस टू हाई स्कूल खेल मैदान में आयोजित बड़कागांव विधानसभा स्तरीय चूल्हा प्रमुख सम्मेलन सह शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। अध्यक्षता जिला अध्यक्ष परमेश्वर महतो व संचालन प्रखंड प्रवक्ता तपेश्वर कुमार तापस ने किया। मौके पर लगभग 25000 से भी अधिक संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित होकर आजसू पार्टी सुप्रीमो सुदेश महतो, सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी, गोमिया विधायक डॉक्टर लंबोदर महतो, बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशन लाल चौधरी को ढोल नगाड़े ताशा पार्टी के साथ जमकर स्वागत किया। मौके पर सुदेश महतो ने राज्य सरकार पर जमकर जुबानी हमला किया, और सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाया। कहा की पांच सालों में सरकार ने जो भी वादे जनता से किए थे, उनमें से एक भी वादा सरकार पूरा नहीं कर सकी। हेमंत सरकार सत्ता में आने से पूर्व पांच लाख युवाओं को नौकरी देने का वादा किया था। इन पांच सालों में 25 लाख नौकरी कहां गई।झारखंड मुक्ति मोर्चा के शब्दकोश में विकास शब्द ही नहीं है। राज्य में सिर्फ और सिर्फ खनिज-संपदा की लूट हो रही है। पहाड़ों, बालू, कोयला को इन लोगों ने नष्ट कर बेच डाला। इतिहास रहा है अलग झारखंड निर्माण आंदोलन के दौरान झारखंडियों के छाती पर कांग्रेस ने गोली चलाया है। झारखंड प्रदेश विस्थापन का दंश झेल रहा है परंतु सबसे बड़ा विस्थापन का मुद्दा बड़कागांव में है, और यहां के स्थानीय प्रतिनिधि और सरकार इन मुद्दों को सिर्फ और सिर्फ मुद्दा बना कर रख रही है। मैं बड़कागांव के गोंदलपूरा के जनता का आभार प्रकट करता हूं कि वे इस भ्रष्टाचारी सरकार के खिलाफ पिछले 500 दिनों से लगातार आंदोलन पर बैठे हैं । यह जो वर्तमान सरकार मईया योजना लेकर महिलाओं को सम्मान देने की बात कर रही है इनको पता नहीं है कि महिलाओं को पंचायत चुनाव में 50त्न आरक्षण देने का काम आपका बेटा सुदेश महतो ने किया है। इसके साथ ही बड़कागांव प्लस टू हाई स्कूल खेल मैदान में चूल्हा प्रमुख के महिला- पुरुष कार्यकर्ताओं को शपथ दिलाई गई। विधानसभा चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं को तैयारी में जुट जाने का आह्वान किया। और कहा कि इस बार चुक नहीं होना चाहिए इस भ्रष्टाचारी सरकार को उखाड़ के फेंक देंगे तभी हमारे बड़कागांव और झारखंड का संपूर्ण विकास हो सकता है। कहा बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र में पिछले 20 वर्षों से लगातार रोशन लाल चौधरी आपकी सेवा करते आ रहे हैं यहां तक की पिछले 10 वर्षों से बड़कागांव गुरुचट्टी में अपना मकान बनाकर रहकर आप लोगों की समस्याओं को समाधान कराने का प्रयास किया है।

## एनएमएल पकरी बरवाडीह के सहयोग से आंख जांच शिविर का आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** एनएमएल पकरी बरवाडीह ने जागृति महिला संघ के सहयोग से अपग्रेडेड हाई स्कूल महटीकरा में आंख जांच शिविर का आयोजन किया गया। जांच शिविर में छात्रों को मुफ्त आंख जांच और परामर्श की सुविधा दी गई। पूरे दिन चलने वाली इससे घर में आस पास के गाँव के 140 से अधिक छात्रों को आवश्यक आंख देखभाल सेवाएं प्रदान की गई। यह पहल पीबीसीएमपी और लेडीज़ क्लब की सामुदायिक कल्याण और स्वास्थ्य सेवा के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता को और मजबूत करती है। कार्यक्रम का उद्घाटन जागृति महिला संघ की अध्यक्षा तज़ीन फ़ैज ने किया। उन्होंने औपचारिक दीप जलाकर शिविर का उद्घाटन किया। तत्पश्चात छात्रों के द्वारा अतिथियों का स्वागत गीत से की गई, जिसके बाद एस.के. सेनापति, डीजीएम सीएसआर, ने इस पहल के महत्व पर प्रकाश डाला। स्कूल के प्राचार्य और चिकित्सा विशेषज्ञों की टीम ने आंखों के स्वास्थ्य पर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। डॉ. कबीर पाधान, सीएमओ, ने आंखों की समस्याओं की प्रारंभिक पहचान और उपचार के महत्व पर जोर दिया और ग्रामीण स्वास्थ्य सेवा के प्रति परियोजना की प्रतिबद्धता को भी उजागर किया। तज़ीन फ़ैज, जागृति महिला संघ की अध्यक्षा ने परियोजना के समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया और महिला संघ द्वारा किए जा रहे प्रयासों का ज़िक्र करते हुए कहा कि हमने निरंतर सामुदायिक कल्याण प्रति प्रतिबद्ध हैं। कार्यक्रम का समापन ग्रुप फोटोग्राफ और चिकित्सा टीम के साथ बातचीत के साथ हुआ।

## कोयली निवासी कुंदन कुमार यादव का अग्निवीर जीडी में हुआ चयन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही (हजारीबाग) :** प्रखंड अंतर्गत बेंदगी पंचायत के कोयली गांव निवासी कुंदन कुमार यादव का चयन अग्निवीर जीडी में हुआ है। जिससे पूरे गांव समेत पंचायत में खुशी का लहर है। बता दे की कुंदन कुमार प्रखंड के रसोईया धमना पंचायत में संचालित जेएमएस राइजिंग पब्लिक स्कूल में शिक्षक का कार्य करता था। इस बाबत विद्यालय के प्राचार्य साक्षी कुमार ने बताया कि विद्यार्थी के लिए कोई भी लक्ष्य बड़ा नहीं होता, हारता वही है जो दिल से लड़ा नहीं होता, इस वाक्य को चरितार्थ कर दिखाया शिक्षक कुंदन यादव ने। वही विद्यालय के निदेशक संजय कुमार ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कुंदन कुमार को अपने देश की सेवा करते हुए और ऊंचे पद पर जाने के लिए प्रेरित किया।

## हजारीबाग निगम क्षेत्र के विष्णुपुरी में सांसद ने किया सामुदायिक भवन का उद्घाटन

- **सामुदायिक भवन के निर्माण से क्षेत्र के लोगों को सामुहिक कार्य में होगा सहूलियत : मनीष जायसवाल**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** सांसद मनीष जायसवाल ने रविवार को हजारीबाग नगर निगम क्षेत्र के विष्णुपूरी (वार्ड संख्या 24) में विधायक निधि की राशि 13,10,200 रुपए से नवनिर्मित सामुदायिक भवन का विधिवत् उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि शामिल होकर नारियल फोड़कर और शिलापट्ट का अनावरण कर किया। उल्लेखनीय है की विष्णुपुरी क्षेत्र वासियों के विशेष आग्रह पर उन्होंने विधायक रहते हुए अपने विधायक निधि की राशि इस सामुदायिक भवन निर्माण के लिए दी थी जिससे यहां एक विशाल सामुदायिक भवन का निर्माण कराया गया। मौके पर सांसद मनीष जायसवाल ने बताया की इस सामुदायिक भवन के निर्माण से आसपास के क्षेत्र के लोगों को सामाजिक कार्य प्रयोजन में सहूलियत हो सके।इस दौरान सांसद मनीष जायसवाल ने नगर निगम क्षेत्र के वार्ड संख्या 24 स्थित विष्णुपूरी के स्थानीय लोगों से उनकी वर्तमान समस्या भी जानी और उसके निराकरण का भरोसा भी जताया । यहां शुभकामना शादी घर में स्थानीय लोगों के साथ चौपाल लगाकर उनकी समस्या जानी और निदान का भरोसा जताया । मौके पर विशेषरूप से संजय सिंह, दीपक वर्मा, राकेश कुमार, सल्लू वर्मा, विकास वर्मा, अश्विनी देव, सुबोध गुप्ता, भोला सिंह, लक्ष्मण सोनी, संदीप वर्मा, राजन कुमार, अमरजीत कुमार, मुकेश सोनी, योगेंद्र सिंह, सुबोध ओझा, जयनारायण मेहता, अनिरुद्ध मिश्रा, बबन तिवारी, पंकज सिन्हा, मनोज वर्मा, रंजन चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें ।


## फ्रेंड्स क्लब नॉक आउट फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ भव्य आयोजन, कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह रहे मुख्य अतिथि



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** सिलवार पंचायत के सिलवार कला गांव में फ्रेंड्स क्लब नॉक आउट फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह सम्मिलित हुए। इस अवसर पर सिलवार पंचायत के ग्रामीणों ने ढोल-नगाड़ों के साथ मुन्ना सिंह का भव्य स्वागत किया। मुन्ना सिंह ने फीता काटकर टूर्नामेंट का उद्घाटन किया और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। पहले मैच में रेड आर्मी और सरजोम बगान एफसी के बीच कड़ा मुकाबला हुआ, जिसका संचालन रेफरी शांशी कुमार दास, प्रकाश गुप्ता, और बबलू राम ने किया। इस आयोजन के दौरान सिलवार पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि उमेश प्रसाद ने मुन्ना सिंह का माला पहनाकर और गुलदस्ता देकर सम्मान किया। कार्यक्रम में उपस्थित सदर प्रखंड के उप प्रमुख रविकांत सिंह, जिला परिषद सदस्य सुनिता देवी, और प्रतिनिधि महेंद्र राम विहारी ने भी टूर्नामेंट की सराहना की और खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। मुख्य अतिथि मुन्ना सिंह ने अपने संबोधन में कहा, खेल हमारे युवाओं के जीवन में अनुशासन, स्वास्थ्य और नेतृत्व क्षमता को बढ़ाने का एक महत्वपूर्ण साधन है। इस तरह के आयोजन युवाओं को सही दिशा देने के साथ-साथ उन्हें प्रदेश और देश का नाम रौशन करने का अवसर प्रदान करते हैं । उन्होंने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी और कहा कि वह हमेशा खेल और युवाओं को प्रोत्साहित करने के लिए तत्पर रहेंगे। कार्यक्रम में अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ, रुक्मिणी देवी (मुखिया, सिलवार पंचायत), रवि रजक (वार्ड सदस्य), सरोज देवी (मुखिया, सिंदूर पंचायत), पप्पू यादव (मुखिया, बैहरी पंचायत), सुजीत सिंह, दिनेश यादव, और कई अन्य लोग उपस्थित रहे । इस भव्य आयोजन से पूरे क्षेत्र में खेल भावना और युवा प्रोत्साहन का संदेश गया, जिससे ग्रामीणों और खिलाड़ियों में भारी उत्साह देखा गया।

## विधायक अम्बा प्रसाद ने रोचाप में किया पथ निर्माण का शिलान्यास



**पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद ने पालू पंचायत के अंतर्गत ग्राम रोचाप में डोकाटांड़ से टोकीसुद रेलवे स्टेशन तक पथ निर्माण का शिलान्यास किया। शिलान्यास से पहले सर्वप्रथम ग्रामीणों ने विधायक अंबा को जोरदार तरीके से ढोल नगाड़ों एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया।तथा ग्रामीणों में काफी हर्ष का माहौल था ग्रामीणों ने कहा कि विधायक अंबा लगातार क्षेत्र में विकास कर रही है जिसके कारण क्षेत्र में विकास की नई अध्याय लिखी जा रही है। विधायक अंबा ने कहा कि क्षेत्र का विकास करना मेरा पहला लक्ष्य है इसलिए आज पूरे विधानसभा क्षेत्र में सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है और आगे भी क्षेत्र में इसी तरह कार्य किया जाएगा।साथ ही विधायक ने सभी ग्रामीणो से कहा कि सड़क निर्माण मे गुणवत्ता से कोई समझौता नही करना है सड़क अगर ठीक से नही बनता है तो ग्रामीण उस काम को खुद आगे आ कर सही से काम कराने का कार्य करे। मौके पर विधायक प्रतिनिधि कृष्णा सिंह, नईम अंसारी,हरिदास साव, वार्ड सदस्य कृष्णा सिंह, सकरुल्लाह अंसारी, मोबीन खान, आबिद खान, इमरान अंसारी, शांति देवी, मनिता देवी, बिन्दिया देवी, मेनका देवी, मीरा देवी,संजु देवी एवं दर्जनों महिला पुरुष उपस्थित थे।

## 10 दिनों के अंदर हो समस्या का समाधान नहीं तो होगा उग्र आंदोलन : मोर्चा

**पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पीवीयूएनएल विस्थापित-प्रभावित संघर्ष मोर्चा की बैठक कटिया सरना काली मन्दिर में हुई। बैठक की अध्यक्षता कुमेल उरांव तथा संचालन किशोर कुमार महतो ने किया बैठक में मोर्चा के द्वारा 19/09/2024 से घेरा डालो-डेरा डालो आंदोलन के मद्देनज़र गत् 17 सितम्बर 2024 को पीवीयूएन प्रबंधन द्वारा बुलाये गए वार्ता के दौरान हुई चर्चा की विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई और बताया गया की पीवीयूएनएल प्रबंधन ने 10 दिन का समय मांगा है आदि प्रमुख मुद्दों पर 10 दिनों के अन्दर ठोस पहल कर समस्या समाधान नही किया जाता है और अगर इस बार भीविस्थापित-प्रभावितों को छला गया तो मोर्चा अपने पूर्व घोषणा के अनुसार उग्र आंदोलन करेगा। बैठक में राजा राम प्रसाद, अब्दुल क्यूम अंसारी, प्रदीप महतो, कौलेश्वर महतो, प्रिय नाथ मुख़र्जी, नंदकिशोर महतो, प्रकाश कुमार, राजेश कुमार, शशि, रमेश महतो, रॉकी मुंडा, राकेश मुंडा, कुलेश मुंडा, संतोष उरांव, मनु मुंडा, छोटु करमाली, संदीप, रिंकू देवी, बिना देवी, अनीता देवी,चिंता देवी, असलम, जय किशोर पाहन, रमीज़ इक़बाल, सुमेल उरांव, जितेन्द्र उरांव, मोहन मुंडा आदि काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## कुजू क्षेत्र के जाने माने शिक्षक एवं समाजसेवी देवी प्रसाद के निधन पर कायस्थ महासभा ने जताया शोक



**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ अखिल भारतीय कायस्थ महासभा रामगढ़ जिला के उपाध्यक्ष तथा भाजपा नेता प्रो प्रदीप सिन्हा के पूज्य पिता देवी प्रसाद के निधन पर रामगढ़ जिला अध्यक्ष अरुण कुमार सिन्हा ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि देवी बाबु कायस्थ समाज के अग्रणीय अभिभावक रहे हैं। उनका समाज के लिए दिए योगदान अविस्मरणीय है। आज उनके निधन का समाचार सुनकर कायस्थ परिवार स्तब्ध है। कायस्थ परिवार के सभी सदस्य स्वर्गीय देवी प्रसाद के निधन पर गहरा शोक जताया है। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के सभी सदस्यों ने शोक प्रकट करते हुए कहा कि देवी बाबु के निधन से समाज को बहुत बड़ी क्षति हुई है। हम सभी उनके मार्गदर्शन से वंचित हो गए हैं। ईश्वर उनके पवित्र आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दे और परिजनों को दुःख सहने की शक्ति प्रदान करे ! शोक व्यक्त करते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता रंजीत कुमार सिन्हा, रणंजय कुमार उर्फ कुंद्धू बाबु, अमित कुमार सिन्हा, बामेस्वर प्रसाद, राजीव पामदात्त , विनोद श्रीवास्तव, डॉक्टर संजीव कृष्ण जमुवार , डॉ के चंद्रा, डॉ उदय श्रीवास्तव ,अधिवक्ता अनुज कुमार सिन्हा ,डॉक्टर राजेश कुमार सिन्हा, वीरेंद्र कुमार सिन्हा,सूर्यवंश श्रीवास्तव, सहित महासभा के सभी सदस्य ने कहा कि इस दुःख की घड़ी में जिला उपाध्यक्ष प्रो प्रदीप कुमार सिन्हा के साथ खड़ा हैं।

## टाटानगर पटना बंदे भारत एक्सप्रेस का बरकाकाना में हुआ स्वागत



**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** टाटानगर से पटना वाया बरकाकाना साप्ताहिक ट्रेन के बरकाकाना रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर तीन पर आगमन के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित की गई। आयोजन में बतौर मुख्य अतिथि हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जयसवाल शामिल हुए। उपस्थित रेलवे अधिकारियों ने मुख्य अतिथि मनीष जयसवाल का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया।कार्यक्रम के दौरान सैकड़ों स्थानीय लोग एवम भाजपा नेता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित एडीआरएम ने वंदे भारत से जुड़ी बातों को साझा करते हुए रेलवे द्वारा बरकाकाना रूट में नए वंदे भारत चलाने को लेकर केन्द्र सरकार सहित स्थानीय सांसद मनीष जयसवाल के प्रति आभार व्यक्त किया।मुख्य अतिथि सांसद मनीष जयसवाल ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि लोगों की परेशानियों के मद्देनजर रेलवे द्वारा बरकाकाना रूट में लगातार नई नई ट्रेनों की शुरुवात की जाती रही है और आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने अमृत भारत योजना के तहत बरकाकाना स्टेशन में हो रहे कार्य से संबंधित बातो को साझा किया।समारोह के दौरान मुख्य अतिथि मनीष जयसवाल एवम उपस्थित रेलवे अधिकारियों द्वारा हरी झंडी दिखाकर वंदे भारत को पटना के लिए रवाना किया ।

## पूर्व विधायक ने अपने निजी कार्यालय में लोगों की विभिन्न प्रकार समस्याओं से हुई अवगत



**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार को रामगढ़ विधानसभा की पूर्व विधायक ममता देवी ने गोला मठवाटांड स्थित अपने निजी कार्यालय में लोगों की विभिन्न प्रकार समस्याओं से अवगत हुई एवं उस समस्याओं के निदान हेतु जिन विभाग की समस्या थी उस समस्या से संबंधित विभाग के पदाधिकारियों से बात की एवं लोक हित में समस्याओं का समाधान निराकरण जल्द से जल्द करने का आदेश प्रेषित की, इन सभी बातों एवं पूर्व विधायक का जनता के प्रति सम्मान को देखकर समस्याएं लेकर आए जनमानस काफ़ी प्रसन्नता पूर्वक अपने घर को वापस हुए, और पूर्व विधायक ममता देवी के प्रति आभार प्रकट किये ।

## रामगढ विधानसभा क्षेत्र का सर्वांगीण विकास ही हमारा लक्ष्य : सुनीता चौधरी

**रजरप्पा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चितरपुर प्रखंड के मायल पंचायत अंतर्गत गाँवादेवती के ललकी तालाब व केन्दुवाटंड खुटेहेर टोला तालाब में गार्डवाल निर्माण एवं सेवई उत्तरी पंचायत के गोवार टोला के छाता तालाब में विधायक मद से लगभग 30 लाख की लागत से सीढ़ी निर्माण कार्य का शिलान्यास रविवार को मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी के द्वारा विधिवत रूप से नारियल फोड़कर एवं शिलापट्ट अनावरण कर किया गया। मौके पर उन्होंने कहा कि रामगढ़ विधानसभा के विकास पर उनका पूरा ध्यान है। सरकारी योजना धरातल पर उतरे और इसका लाभ आम जनता को मिले, यही उनकी कोशिश है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र का सर्वांगीण विकास ही हमारी एकमात्र लक्ष्य है। कोई भी गांव विकास की रोशनी से अछूता नहीं रहेगा। कहा कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े हर व्यक्ति का समुचित विकास कर उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाना मेरा लक्ष्य है। वही उन्होंने संवेदक को गुणवत्तापूर्ण गार्डवाल निर्माण कार्य करने का निर्देश भी दिया। इससे पूर्व उनके यहां पहुँचने पर मुख्य अतिथि का बुके देकर एवं माला पहनाकर स्वागत किया गया। मौके पर सरिता देवी, टुशीला देवी, महेंद्र महतो, देवकी महतो, प्रवीण कुमार, मुटुकधारी महतो, संजीत महतो, मंजीत महतो, घनश्याम महतो, तरुण कुमार, मनीष कुमार, तुशनी देवी सहित कई मौजूद थे।

### श्रीवास्तव गिरोह के अपराधीयो ने आशीर्वाद आउटसोर्सिंग कंपनी में दी दस्तक

# अपराधियों ने हथियार लहराते हुए कंपनी के साइट पर ड्रिल मशीन का काम कराया बंद, दहशत में मजदूर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**उरीमारी :** सीसीएल बरकासयाल क्षेत्र के उरीमारी परियोजना के साउथ में कार्य कर रही आशीर्वाद (रियल एस्टेट एंड ट्रांसपोर्टिंग प्राइवेट लिमिटेड) आउटसोर्सिंग कंपनी में रविवार को सुबह लगभग साढ़े सात बजे से आठ बजे के बीच एक मोटरसाइकिल पर सवार आए दो नकाबपोश अपराधियों ने आउटसोर्सिंग कंपनी के साइट पर दस्तक दी और हथियार लहराते हुए काम को बंद करने कि चेतावनी दी। वहीं अपराधियों ने खुद को श्रीवास्तव गिरोह का बताया है। अपराधियों ने साइड पर काम कर रहे मजदूरों व साइट इंचार्ज को अपने बॉस से बात करने व मैनेज करने कि बात कही। बात नहीं करवाने व मानने पर बुरा अंजाम भुगतने के लिए तैयार रहने को कहा गया। जिसके बाद अपराधी गंधौनिया होते हुए उरीमारी मुख्य सड़क कि ओर भाग निकले। वहीं सुत्रो के मुताबिक माने तो अपराधियों कि संख्या दो से अधिक थी। खदान के शुरुआती सतह पर एक बाइक से रैकी किया जा रहा था। तो दुसरे साइट पर अन्य अपराधियों ने प्रवेश किया। और घटना को अंजाम देकर फरार हो गए। वहीं इस घटना के बाद आउटसोर्सिंग कंपनी में काम करने वाले मजदूर व साइट इंचार्ज दहशत में हैं। वहीं अपराधियों के दस्तक के बाद आशीर्वाद आउटसोर्सिंग कंपनी में पुरी तरह सन्नाटा पसर गया।आउटसोर्सिंग कंपनी के वाहन चालक वाहन को साइट पर छोड़कर भाग खड़े हुए।

**अपराधियों को मनोबल सातवें आसमान पर,पुलिस को दी खुली चुनौती**

उरीमारी क्षेत्र में अपराधियो का मनोबल सातवें आसमान पर है। अपराधीयो ने पुलिस को खुलीं चुनौती दी है। आउटसोर्सिंग में पहुंचने से पहले उरीमारी ओपी व पोटंगा में पुलिस पिकेट को पार करके अपराधी आउटसोर्सिंग कंपनी में दाखिल हो गये।इस बात से यह प्रतित होता है कि पुलिस से अपराधियों को कोई भय नहीं है। यही कारण है कि अपराधी बैखोफ होकर आउटसोर्सिंग के साइट पर घुस कर काम को बंद करा दे रहे हैं।

**उरीमारी में लेवी को लेकर अपराधी संगठन व नक्सली देते रहे हैं दस्तक**

उरीमारी में अपराधियों के निशाने पर आउटसोर्सिंग कंपनीयां, ठेकेदार,कोयला व्यवसाय,डिओ हॉलडर, ट्रांसपोर्टर अपराधियों के निशाने में रहे हैं। जब जब कोई नई कंपनी का काम शुरू होता है तो अपराधिक संगठन व नक्सली संगठन लेवी व रंगदारी को लेकर दस्तक देते हैं। कंपनीयों के साथ साठ-गाठ होने के बाद कंपनी का काम शुरू होता है।

## पंच मंदिर परिसर में रावण दहन को लेकर हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गोला :** रविवार पंच मंदिर परिसर में एक आवश्यक बैठक रावण दहन को लेकर की गई । प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी रावण दहन का कार्यक्रम किए जाने की सहमति कमिटी के सभी सदस्यों एवं सभी ग्रामीणों ने जताई । सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है की इस वर्ष रावण दहन सुचारू रूप से हो को लेकर कमिटी का गठन किया गया ,तथा सदस्यो एवं ग्रामीणों ने सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए सभी को अच्छे से तथा शांति पूर्ण ढंग से कार्य करने को लेकर दिशा निर्देश दी गई । नव नियुक्त पदाधिकारियों का चयन इस प्रकार किया गया । अध्यक्ष उपेंद्र कुमार महतो, महासचिव मुकेश कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष देवेंद्र तिवारी , उपाध्यक्ष धीरेन कुमार महतो, सहकोषाद्यक्ष दीपक कुमार महतो, उपसचिव सत्यम साव, संगठन सचिव अजय चौधरी , सरक्षक सुनील राज चक्रवर्ती, भागवत तिवारी , देववर्त सोनी, रमेश महतो ,रामाधार तिवारी , मनोज कुमार महतो, रंजित चौधरी ,कृपासिंदू महतो, शंकर महतो, कलेंदर साव,राजेंद्र साव,राजेश महतो, राजेश सोनी, लड्डू सिंह,लेबिन महतो, दीपक महतो, कुंदन महतो, शुभम पांडे ,महेंद्र महतो,शुभास कुमार ,रोशन कुमार आदि उपस्थित थे।

## उपायुक्त का कार्यालय, हजारीबाग
## (जिला भू-अर्जन शाखा)
## प्रपत्र VII
## समाहर्त्ता या समुचित सरकार

**अधिघोषणा (अधिनियम–30/2013 की धारा–19(1) के अधीन)**
**अधिघोषणा सं0:– 1641/भू0अ0, हजारीबाग। दिनांक:– 11.09.2024**

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ यथा अडानी इन्टरप्राईजेज लि0, गोन्दुलपारचूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ यथा अडानी इन्टरप्राईजेज लि0, गोन्दुलपारा कोयला खान परियोजना हेतु ग्राम गाली, थाना बडकागॉव, थाना संख्या 144, अंचल बडकागॉव, जिला हजारीबाग में कुल 175.45 एकड़ यानि 71.00 हेक्टेयर भूमि अपेक्षित है।

इसलिए अधिघोशणा किया जाता है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू–खण्ड है, जो मानक माप से कमोवेश 175.45 एकड़ यानि 71.00 हेक्टेयर है और जो ग्राम गाली, थाना बड़कागॉव, थाना संख्या 144, अंचल बड़कागॉव, जिला हजारीबाग में है, जिसका विवरण निम्नलिखित है–

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे प्लॉट सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखण्ड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 76 | 14 | 71 | नीज | टांड–III | 0.18 | कोल्हा गंझु, भोला गंझु पिता स्व0 गुलू गंझु वो नान्दो गंझु पिता स्व0 नगवा गंझु जाति भोगता साकिन देह। | प्लॉट–46 | प्लॉट–67 | प्लॉट–70 | प्लॉट–72 |
| 77 | 8 | 72 | नीज | टांड–III | 0.26 | मनोज कुमार, भौसले, दीलीप कुमार भौसले पिता स्व0 देवकी नन्दन राउत वो उदय शंकर राउत, प्रेम राउत, दया राउत, टिंकु राउत, रविशंकर राउत पिता स्व0 मथुरा राउत वो हिना कुमारी, जेडी कुमारी, सुमित राउत पिता स्व0 तारा राउत वो अरूण राउत, अजय राउत,, आनंद कुमार, अभय कुमार, पप्पु कुमार माता स्व0 सुमित्रा देवी(पति पुरन चन्द्र) वो शुशीला देवी पति स्व0 मानकी राम (पति रघुनन्दन प्रसाद जाति कुरमी सा0 देह ब हिस्सा बराबर। | प्लॉट–46 | प्लॉट–73 | प्लॉट–71 | प्लॉट–85 |
| 78 | 29 | 73 | नीज | धान–III | 0.24 | अनुप गोस्वामी वो अशोक गोस्वामी पिता स्व0 बैजनाथ गोस्वामी वो मो0 रेखा देवी पति स्व0 बैजनाथ गोस्वामी अर्जुन गोस्वामी वो गिरिजा गोस्वामी पिता स्व0 गोबिन्द गोसाई वो सहदेव गोसाई पिता स्व0 लटन गोस्वामी साकिन गाली। | प्लॉट–72 | प्लॉट–187 | प्लॉट–66 | प्लॉट–74 |
| 79 | 29 | 73/1 | नीज | धान–III | 0.24 | पारसनाथ गंझु, बालदेव गंझु, बोधन गंझु पिता स्व0 नेमा गंझु साकिन गाली। | प्लॉट–72 | प्लॉट–187 | प्लॉट–66 | प्लॉट–74 |
| 80 | 9 | 74 | नीज | धान–III | 0.24 | पारसनाथ गंझु, बालदेव गंझु, बोधन गंझु पिता स्व0 नेमा गंझु वो बंधु गंझु पिता स्व0 मेघन गंझु जाति भोगता सा0 देह। | प्लॉट–73 | प्लॉट–186 | प्लॉट–73 | प्लॉट–75 |
| 81 | 6 | 75 | नीज | धान–III | 0.25 | जयनन्दन गंझु पिता स्व0 धनी गंझु वो मनी गंझु पिता गोपी गंझु वो दिपक गंझु, महेन्द्र गंझु, गिरधारी गंझु, सुधीर गंझु पिता स्व0 कुलेश्वर गंझु वो धनेश्वर गंझु पिता महावीर गंझु वो मधवा गंझु पिता स्व0 चरण गंझु वो मो0 अकली पति स्व0 ननकू गंझु जाति भोगता सा0 देह। | प्लॉट–76 | प्लॉट–186 | प्लॉट–74 | प्लॉट–77 |
| 82 | 6 | 76 | नीज | धान–III | 0.32 | जयनन्दन गंझु पिता स्व0 धनी गंझु वो मनी गंझु पिता गोपी गंझु वो दिपक गंझु, महेन्द्र गंझु, गिरधारी गंझु, सुधीर गंझु पिता स्व0 कुलेश्वर गंझु वो धनेश्वर गंझु पिता महावीर गंझु वो मधवा गंझु पिता स्व0 चरण गंझु वो मो0 अकली पति स्व0 ननकू गंझु जाति भोगता सा0 देह। | प्लॉट–72 | प्लॉट–75 | प्लॉट–73 | प्लॉट–77 |
| 83 | 29 | 77 | नीज | धान–III | 0.52 | अनुप गोस्वामी वो अशोक गोस्वामी पिता स्व0 बैजनाथ गोस्वामी वो मो0 रेखा देवी पति स्व0 बैजनाथ गोस्वामी अर्जुन गोस्वामी वो गिरिजा गोस्वामी पिता स्व0 गोबिन्द गोसाई वो सहदेव गोसाई पिता स्व0 लटन गोस्वामी साकिन गाली। | प्लॉट–84 | प्लॉट–185 | प्लॉट–76 | प्लॉट–81 |
| 84 | 10 | 78 | नीज | धान–III | 0.14 | लीलु राणा, टेकन राणा पिता स्व0 जदु बडही वो भुनेश्वर राणा पिता स्व0 सिबल राणा वो विशुन राणा पिता स्व0 खधुवा बडही वो सुरेश राणा, धनेश्वर राणा, महेश राणा, अशोक राणा पिता स्व0 किशुन राणा वो राजेश राणा, अनुज राणा, विक्की राणा पिता स्व0 विजय राणा वो गणेश शर्मा, महेन्द्र राणा, अरूण राणा पिता स्व0 मिठु राणा वो जगदेव राणा पिता स्व0 भुगली राणा वो मुलीया देवी, डोमनी देवी, नगीया देवी पिता स्व0 जागो राणा वो कोमल राणा पिता स्व0 सिबल राणा जाति बडही सा0 गोन्दलपुरा। | प्लॉट–79 | प्लॉट–184 | प्लॉट–77 | प्लॉट–88 |
| 85 | 10 | 79 | नीज | धान–III | 0.17 | जासो देवी पति तुलसी राणा सा0 गोन्दलपुरा। | प्लॉट–80 | प्लॉट–78 | प्लॉट–77 | प्लॉट–88 |
| 86 | 10 | 80 | नीज | धान–III | 0.16 | लीलु राणा, टेकन राणा पिता स्व0 जदु बडही वो भुनेश्वर राणा पिता स्व0 सिबल राणा वो विशुन राणा पिता स्व0 खधुवा बडही वो सुरेश राणा, धनेश्वर राणा, महेश राणा, अशोक राणा पिता स्व0 किशुन राणा वो राजेश राणा, अनुज राणा, विक्की राणा पिता स्व0 विजय राणा वो गणेश शर्मा, महेन्द्र राणा, अरूण राणा पिता स्व0 मिठु राणा वो जगदेव राणा पिता स्व0 भुगली राणा वो मुलीया देवी, डोमनी देवी, नगीया देवी पिता स्व0 जागो राणा वो कोमल राणा पिता स्व0 सिबल राणा जाति बडही सा0 गोन्दलपुरा। | प्लॉट–81 | प्लॉट–79 | प्लॉट–77 | प्लॉट–88 |
| 87 | 10 | 81 | नीज | धान–III | 0.19 | लीलु राणा, टेकन राणा पिता स्व0 जदु बडही वो भुनेश्वर राणा पिता स्व0 सिबल राणा वो विशुन राणा पिता स्व0 खधुवा बडही वो सुरेश राणा, धनेश्वर राणा, महेश राणा, अशोक राणा पिता स्व0 किशुन राणा वो राजेश राणा, अनुज राणा, विक्की राणा पिता स्व0 विजय राणा वो गणेश शर्मा, महेन्द्र राणा, अरूण राणा पिता स्व0 मिठु राणा वो जगदेव राणा पिता स्व0 भुगली राणा वो मुलीया देवी, डोमनी देवी, नगीया देवी पिता स्व0 जागो राणा वो कोमल राणा पिता स्व0 सिबल राणा जाति बडही सा0 गोन्दलपुरा। | प्लॉट–82 | प्लॉट–80 | प्लॉट–77 | प्लॉट–88 |
| 88 | 10 | 81/1 | नीज | धान–III | 0.04 | मो0 शान्ति पति मीठु राणा सा0 गोन्दलपुरा। | प्लॉट–82 | प्लॉट–80 | प्लॉट–77 | प्लॉट–88 |
| 89 | 10 | 81/2 | नीज | धान–III | 0.04 | केदार महतो पिता फिरंगी महतो साकिन गोन्दलपुरा। | प्लॉट–82 | प्लॉट–80 | प्लॉट–77 | प्लॉट–88 |
| 90 | 10 | 82 | नीज | धान–III | 0.11 | लीलु राणा, टेकन राणा पिता स्व0 जदु बडही वो भुनेश्वर राणा पिता स्व0 सिबल राणा वो विशुन राणा पिता स्व0 खधुवा बडही वो सुरेश राणा, धनेश्वर राणा, महेश राणा, अशोक राणा पिता स्व0 किशुन राणा वो राजेश राणा, अनुज राणा, विक्की राणा पिता स्व0 विजय राणा वो गणेश शर्मा, महेन्द्र राणा, अरूण राणा पिता स्व0 मिठु राणा वो जगदेव राणा पिता स्व0 भुगली राणा वो मुलीया देवी, डोमनी देवी, नगीया देवी पिता स्व0 जागो राणा वो कोमल राणा पिता स्व0 सिबल राणा जाति बडही सा0 गोन्दलपुरा। | प्लॉट–83 | प्लॉट–81 | प्लॉट–77 | प्लॉट–88 |
| 91 | 10 | 83 | नीज | धान–III | 0.12 | लीलु राणा, टेकन राणा पिता स्व0 जदु बडही वो भुनेश्वर राणा पिता स्व0 सिबल राणा वो विशुन राणा पिता स्व0 खधुवा बडही वो सुरेश राणा, धनेश्वर राणा, महेश राणा, अशोक राणा पिता स्व0 किशुन राणा वो राजेश राणा, अनुज राणा, विक्की राणा पिता स्व0 विजय राणा वो गणेश शर्मा, महेन्द्र राणा, अरूण राणा पिता स्व0 मिठु राणा वो जगदेव राणा पिता स्व0 भुगली राणा वो मुलीया देवी, डोमनी देवी, नगीया देवी पिता स्व0 जागो राणा वो कोमल राणा पिता स्व0 सिबल राणा जाति बडही सा0 गोन्दलपुरा। | प्लॉट–84 | प्लॉट–82 | प्लॉट–77 | प्लॉट–88 |
| 92 | 10 | 84 | नीज | धान–III | 0.14 | लीलु राणा, टेकन राणा पिता स्व0 जदु बडही वो भुनेश्वर राणा पिता स्व0 सिबल राणा वो विशुन राणा पिता स्व0 खधुवा बडही वो सुरेश राणा, धनेश्वर राणा, महेश राणा, अशोक राणा पिता स्व0 किशुन राणा वो राजेश राणा, अनुज राणा, विक्की राणा पिता स्व0 विजय राणा वो गणेश शर्मा, महेन्द्र राणा, अरूण राणा पिता स्व0 मिठु राणा वो जगदेव राणा पिता स्व0 भुगली राणा वो मुलीया देवी, डोमनी देवी, नगीया देवी पिता स्व0 जागो राणा वो कोमल राणा पिता स्व0 सिबल राणा जाति बडही सा0 गोन्दलपुरा। | प्लॉट–85 | प्लॉट–83 | प्लॉट–77 | प्लॉट–87 |
| 93 | 8 | 85 | नीज | धान–III | 0.19 | मनोज कुमार, भौसले, दीलीप कुमार भौसले पिता स्व0 देवकी नन्दन राउत वो उदय शंकर राउत, प्रेम राउत, दया राउत, टिंकु राउत, रविशंकर राउत पिता स्व0 मथुरा राउत वो हिना कुमारी, जेडी कुमारी, सुमित राउत पिता स्व0 तारा राउत वो अरूण राउत, अजय राउत,, आनंद कुमार, अभय कुमार, पप्पु कुमार माता स्व0 सुमित्रा देवी(पति पुरन चन्द्र) वो शुशीला देवी पति स्व0 मानकी राम (पति रघुनन्दन प्रसाद जाति कुरमी सा0 देह ब हिस्सा बराबर। | प्लॉट–86 | प्लॉट–84 | प्लॉट–72 | प्लॉट–87 |
| 94 | 8 | 86 | नीज | परती कदीम | 0.12 | मनोज कुमार, भौसले, दीलीप कुमार भौसले पिता स्व0 देवकी नन्दन राउत वो उदय शंकर राउत, प्रेम राउत, दया राउत, टिंकु राउत, रविशंकर राउत पिता स्व0 मथुरा राउत वो हिना कुमारी, जेडी कुमारी, सुमित राउत पिता स्व0 तारा राउत वो अरूण राउत, अजय राउत,, आनंद कुमार, अभय कुमार, पप्पु कुमार माता स्व0 सुमित्रा देवी(पति पुरन चन्द्र) वो शुशीला देवी पति स्व0 मानकी राम (पति रघुनन्दन प्रसाद जाति कुरमी सा0 देह ब हिस्सा बराबर। | प्लॉट–96 | प्लॉट–85 | प्लॉट–72 | प्लॉट–95 |
| 95 | 8 | 87 | नीज | टांड–III | 1.12 | मनोज कुमार, भौसले, दीलीप कुमार भौसले पिता स्व0 देवकी नन्दन राउत वो उदय शंकर राउत, प्रेम राउत, दया राउत, टिंकु राउत, रविशंकर राउत पिता स्व0 मथुरा राउत वो हिना कुमारी, जेडी कुमारी, सुमित राउत पिता स्व0 तारा राउत वो अरूण राउत, अजय राउत,, आनंद कुमार, अभय कुमार, पप्पु कुमार माता स्व0 सुमित्रा देवी(पति पुरन चन्द्र) वो शुशीला देवी पति स्व0 मानकी राम (पति रघुनन्दन प्रसाद जाति कुरमी सा0 देह ब हिस्सा बराबर। | प्लॉट–96 | प्लॉट–94 | प्लॉट–85 | प्लॉट–89 |
| 96 | 7 | 88 | नीज | धान–III | 0.675 | कैला करमाली, रघु करमाली पिता स्व0 बिडा करमाली वो कमल करमाली, महेश करमाली पिता स्व0 धरम करमाली वो गोवर्धन करमाली पिता हरखु करमाली वो सिदर करमाली, प्रभु करमाली, हरि करमाली पिता स्व0 रामधनी करमाली वो राजकुमार करमाली, अशोक करमाली पिता स्व0 नान्दो करमाली वो कैलाश करमाली, सुरेश करमाली पिता स्व0 जिबल करमाली वो नीतु करमाली पिता स्व0 निर्मल करमाली वो मसोमात पारो पति स्व0 सुखलाल करमाली वो मुखलाल करमाली पिता स्व0 झंगु करमाली वो रतनलाल करमाली, सुरेश करमाली, कैलाश करमाली पिता स्व0 नन्दु करमाली वो जदु करमाली पिता स्व0 शमलाल करमाली वो मनोज करमाली, कन्हैया करमाली पिता स्व0 बाबुलाल करमाली वो अरूण करमाली, बागेश्वर करमाली, बिके करमाली पिता स्व0 लक्ष्मण करमाली वो मोहन करमाली, चोहन करमाली पिता स्व0 रामलाल करमाली जाति लोहरा सा0 गोन्दलपुरा। | प्लॉट–87 | प्लॉट–183 | प्लॉट–81 | प्लॉट–90 |
| 97 | 7 | 88/1 | नीज | धान–III | 0.135 | वितनी देवी पति रामधनी करमाली सा0 गोन्दलपुरा। | प्लॉट–87 | प्लॉट–183 | प्लॉट–81 | प्लॉट–90 |
| 98 | 14 | 89 | नीज | धान–III | 0.81 | कोल्हा गंझु, भोला गंझु पिता स्व0 गुलू गंझु वो नान्दो गंझु पिता स्व0 नगवा गंझु जाति भोगता साकिन देह। | प्लॉट–87 | प्लॉट–182 | प्लॉट–88 | प्लॉट–90 |
| 99 | 31 | 90 | नीज | धान–III | 0.45 | खेदु गंझु पिता महाबल गंझु जाति भोगता सा0 देह। | प्लॉट–94 | प्लॉट–181 | प्लॉट–89 | प्लॉट–91 |
| 100 | 28 | 91 | नीज | धान–III | 0.6 | नारायण गोप पिता स्व0 खिरोधर गोप वो रमन गोप पिता स्व0 झमन गोप वो धनेश्वर गोप पिता स्व0 महादेव गोप जाति ग्वाला सा0 गोन्दलपुरा। | प्लॉट–94 | प्लॉट–180 | प्लॉट–91 | प्लॉट–92 |
| 101 | 2 | 92 | नीज | धान–III | 1.66 | नारायण गोप, लीलू गोप, खेदु गोप, बंसत गोप, उपेन्द्र गोप पिता स्व0 जोधी गोप वो चुरामन गोप, सहदेव गोप, पारसनाथ गोप पिता स्व0 तेजो गोप वो सुकरी देवी पिता स्व0 जागो गोप सा0 गोन्दलपुरा। | प्लॉट–94 | प्लॉट–179 | प्लॉट–91 | प्लॉट–142 |
| 102 | 2 | 93 | नीज | धान–III | 0.16 | नारायण गोप, लीलू गोप, खेदु गोप, बंसत गोप, उपेन्द्र गोप पिता स्व0 जोधी गोप वो चुरामन गोप, सहदेव गोप, पारसनाथ गोप पिता स्व0 तेजो गोप वो सुकरी देवी पिता स्व0 जागो गोप सा0 गोन्दलपुरा। | प्लॉट–94 | प्लॉट–92 | प्लॉट–94 | प्लॉट–141 |

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों को सुनने और अधिनियम सं0 30/2013 की धारा 15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जॉच के पश्चात् किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या जिनके लिए पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिन्हित किए गए हैं, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नवत है:

ग्राम चन्दौल, थाना बड़कागॉव, थाना सं0 129, अंचल बड़कागॉव, जिला हजारीबाग क्षेत्रफल 161.99 एकड़ यानि 65.55 हेक्टेयर, जिला भूमि अर्जन पदाधिकारी, हजारीबाग के कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है।

पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन योजना के सार नीचे दिये गये है:–

*1- RFCTLARR Act- 2013* के अनुसूची–I के अनुसार भूमि एवं परिसम्पति का मुआवजा:–

(क) भूमि का मुआवजा– प्रति एकड 24,56,986.00 रूपये (गुणाक घटक–2, सोलेशियम 100 प्रतिशत एवं तीन वर्ष की ब्याज की राशि सहित) देय होगा।

(ख) भूमि पर अवस्थित परिसम्पतियों का मुआवजा–संबंधित विभाग के द्वारा मुल्यांकन के पश्चात् मुल्यांकित राशि सोलिशियम सहित अर्थात मुल्यांकित राशि का दोगुना मुआवजा के रूप में प्रदान की जायेगी।

*2- RFCTLARR Act- 2013* के अनुसूची–II के अनुसार पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन संबंधी उपबंध/हकदारियॉ–

| कंडिका | पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन संबंधी उपबंध/हकदारियॉ। | |
|---|---|---|
| 1. | विस्थापन की दषा में आवासन इकाईयों की व्यवस्था:– | |
| | विकल्प | विस्थापित परिवारों को दिये जाने वाले लाभ |
| | विकल्प–1 | • 10 लाख रू0 प्रति परिवार स्वः स्थानांतरण (Self Re- location) की स्थिति में। |
| | विकल्प–2 | • पुनर्वास कॉलोनी में निर्मित मकान। |
| | विकल्प–3 | • पुनर्वास कॉलोनी में उपलब्धता के अनुसार एक प्लॉट। |
| | | • 7,00,000/- रू0 पुनर्वास कॉलोनी में मकान के बदले। |
| 2. | भूमि के लिए भूमि :– लागू नहीं | |
| 3. | विकसित भूमि के लिए प्रस्थापना :–लागू नहीं। | |
| 4. | रोजगार/वार्षिक वृति:– | |
| | ➤ प्रभावित परिवार के एक सदस्य को समुचित प्रशिक्षण एवं कौशल विकास करने के पश्चात् योग्यता, अहर्ता एवं कम्पनी की आवश्यकता अनुसार नियोजित किया जायेगा।अथवा<br>➤ प्रभावित परिवार को एक मुश्त 5,00,000/- (पांच लाख रूपये) देय होगा।अथवा<br>➤ प्रभावित परिवार को नियमानुसार 2,000/- (दो हजार रूपये) प्रतिमाह 20 वर्ष तक वार्षिक वृति देय होगा। | |
| 5. | विस्थापित कुटुंबों के लिए एक वर्ष की अवधि तक जीवन–निर्वाह अनुदान:– | |
| | ➤ प्रत्येक विस्थापित कुटुंबों को एक वर्ष तक 3,000/- रू0 प्रति माह जीवन निर्वाह अनुदान प्रदान किया जायेगा। | |
| 6. | विस्थापित कुटुंबों के लिए परिवहन खर्च:– | |
| | ➤ प्रत्येक विस्थापित कुटुंबों को 50,000/- रू0 प्रति परिवार परिवहन खर्च देय होगा। | |
| 7. | पशुबाड़ा खर्च:– | |
| | ➤ पशुबाडा हेतु प्रत्येक विस्थापित कुटुंम्ब को वित्तीय सहायता के रूप में 35,000/- रू0 देय होगा। | |
| 8. | कारीगरों, छोटे व्यापारियों, छोटी दुकान और कतिपय अन्य को एक बारगी अनुदान:– | |
| | ➤ कारीगर, छोटे व्यापारी, छोटे दुकान रखने वाले या स्वनियोजित व्यक्ति के प्रत्येक प्रभावित परिवार या ऐसे परिवार जिसके स्वामित्वधीन प्रभावित क्षेत्र में गैर–कृषिक भूमि या वाणिज्यक, औद्योगिक या संस्थागत ढांचा है तो ऐसे प्रभावित व्यक्ति को एक बारगी वित्तीय सहायता के रूप में प्रोत्साहन राशि 25,000/- (पच्चीस हजार रूपये) दिया जायेगा। | |
| 9. | मछली पकड़ने का अधिकार:– लागू नहीं। | |
| 10. | एक बारगी पुनर्व्यवस्थापन भत्ता:– | |
| | ➤ प्रत्येक प्रभावित परिवार को एक बारगी पुनर्व्यवस्थापन भत्ता के रूप में 50,000/- (पचास हजार रूपये) एक मुश्त भुगतान किया जायेगा। | |
| 11. | स्टांप शुल्क और रजिस्ट्रीकरण शुल्क:– | |
| | ➤ प्रभावित परिवारों को आबंटित भूमि या मकान के रजिस्ट्रीकरण के लिए संदेय स्टांप शुल्क और अन्य फीस का वहन अडानी इन्टरप्राईजेज लि0 के द्वारा किया जायेगा।<br>➤ प्रभावित परिवारों को आबंटित मकान के लिए भूमि सभी विल्लंगमों से मुक्त होगी।<br>➤ आबंटित भूमि या मकान प्रभावित परिवार की पत्नी और पति दोनों के संयुक्त नाम में हो सकेगा। | |

3. पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन कॉलोनी में अवसंरचनात्मक सुविधाएँ/सहुलियतें एवं संसाधान:– *RFCTLARR Act- 2013* के अनुसूची–III के अनुसार उपलब्ध कराये जायेगें।

अन्य लाभ:– उपर्युक्त मुआवजा/सुविधाओं के अलावा अन्य लाभ भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 के अनुसार प्रभावित परिवारों को प्रदान किया जायेगा।

ह0/–
उपायुक्त सह समुचित सरकार, हजारीबाग।

PR.NO.336455 Land Reforms(24-25):D

# कुम्हार प्रजापति ट्रस्ट द्वारा आनंद सरस्वती बाल निकेतन में सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** रविवार को कुम्हार प्रजापति ट्रस्ट की ओर से आनंद सरस्वती बाल निकेतन कुम्हार मोहल्ला पावरगंज में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यह सम्मान समारोह दो भागों में विभक्त किया गया था पहला शिक्षक कर्मचारी अनुबंध कर्मचारी केंद्र सरकार के सभी कर्मचारी दूसरा सम्मान समारोह विश्वकर्मा सम्मान इसमें जो कुम्हार मिट्टी के चाक उसे कार्य करते हैं उन्हें सम्मानित किया गया। उन्हें अंग वस्त्र देकर और जो कर्मचारी एवं केंद्रीय कर्मचारी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रिंट मीडिया के कुछ साथी आए हुए थे उन्हें दुर्गा सप्तशती का पुस्तक देकर सम्मानित किया गया। इस सम्मान समारोह में कर्मचारीयों को जो सम्मान किया गया उन्हें लगभग 115 लोगों को सम्मानित किया गया एवं विश्वकर्मा सम्मान योजना में लगभग 125 लोगों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दक्ष प्रजापति कि चित्र पर पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। दीप प्रज्वलित सभी माताएं बहने कुछ संरक्षक साथ में जिला अध्यक्ष प्रेम किशोर प्रजापति ने किया। कार्यक्रम का संबोधन दिनेश प्रजापति, कमल प्रजापति, विनोद प्रसाद, इंजीनियर सूरज प्रजापति,होम्योपैथिक डॉक्टर पवन प्रजापति, डेंटल डॉक्टर पवन प्रजापति, डेंटल दिलीप प्रजापति ने संबोधन किया। अपने संबोधन में प्रेम किशोर प्रजापति ने समाज को आगे ले जाना एवं विकास हेतु सभी को आगे बढ़ चढ़कर सनातन समाज को आगे ले जाने में अपने दिशा एवं दशा को प्रदान करें जिससे कि समाज सुधार सके। अवकाश पर आप सैनिक दीपक प्रजापति ने प्रस्ताव रखे हैं कि वर्तमान सभी कर्मचारी एवं अवकाश प्राप्त कर्मचारी एक 1000 देकर समाज को आगे बढ़ाएंगे इसकी पहल करते हुए उन्होंने?1000 समाज को प्रदान किया। इस कार्यक्रम का मंच संचालन प्रमोद प्रजापति एवं महासचिव नागेंद्र प्रजापति ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कमल प्रजापति, देवानंद प्रजापति,दुर्गा महतो, नितेश कुमार, राधेश्याम प्रजापति, कृष्णदेव प्रजापति, अमर प्रजापति, विकास प्रजापति, सरोज प्रजापति, दुर्गा प्रजापति, दिलीप प्रजापति, गजेंद्र प्रजापति, बसंत प्रजापति, संहिता देवी, सविता प्रजापति, संध्या देवी, शशि भूषण प्रजापति, परमेश्वरी माता, निशांत कुमार, रेखा प्रजापति, किरण प्रजापति, अधिक संख्या में ग्रामीण क्षेत्र के महिला पुरुष सभी लोग कार्यक्रम में भाग लिए। कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन कोषाध्यक्ष विनोद प्रजापति ने किया।





# सेवा भारती द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के समीप आज लगातार 119 वां सप्ताह के रविवार को सुबह 7:30 बजे से निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ,डॉ कुमुद अग्रवाल व उपाध्यक्ष अवधेश मित्तल ने संयुक्त रूप से भारत माता के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प चढ़ाकर शुभारंभ किए,और सभी ने भारत माता की जय आदि का जयकारा लगाते हुए नमन किए। आज इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 40 लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवा कर लाभान्वित हुए। हीमोग्लोबिन, यूरिक एसिड, ब्लड ग्रुप, शुगर, बी.पी, वजन, हार्ट बीट, ऑक्सीजन लेवल आदि का निशुल्क जांच किया गया, जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा इस शिविर से स्वास्थ्य संबंधित जांच करवा कर काफी लोगों को अपने कई बीमारियों का पता लगा और उक्त बीमारी का इलाज करवा कर स्वस्थ हो रहे हैं और कहा की जल्द ही माह में एक बार ग्रामीण क्षेत्रों पर भी यह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाई जाएगी।

**सांसद सुखदेव भगत के प्रयास से होगा कोकर पुरनाडीह पथ का निर्माण : आलोक साहू**

# 28 वर्ष पूर्व एनएच कोकर से ग्राम पुरनाडीह तक पथ का ग्रेड वन निर्माण हुआ था, बरसात के दिनों में पैदल चलना होता है मुश्किल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिला के कांग्रेस नेता आलोक कुमार साहू आज कुडू प्रखंड के अंतर्गत चंदलासो पंचायत के पुरनाडीह गांव पहुंचकर वहां के ग्रामीणों से रूबरू हुए। मौके पर श्री साहू ने कहा कि 10 दिन पूर्व गांव के लोग सांसद सुखदेव भगत के आवास आए थे और ह्य कोकर से लेकर पुरनाडीह गांव तक जर्जर सड़क बनाने का आवेदन दिए थे। सांसद के निर्देश पर आज वे इस गांव पहुंचकर वस्तुस्थिति का जायजा लेने आए हैं। सड़क कच्चा एवं जर्जर अवस्था में है। मौके पर ग्रामीणों ने बताया कि ह्य कोकर से पूरनाडीह गांव तक 28 वर्ष पूर्व ग्रेड वन सड़क का निर्माण हुआ था तब से लेकर आज तक इस सड़क का निर्माण नहीं हुआ है। सड़क कच्चा एवं जर्जर अवस्था में है। वर्षा के दिनों में लोगों को पैदल चलना मुश्किल हो जाता है। इसके अलावा ग्रामीणों ने मसना घेराव एवं शेड निर्माण, अबुआ आवास जैसे अनेक समस्याओं से अवगत कराया। मौके पर आलोक कुमार साहू ने कहा कि इतने वर्ष बीत जाने के बावजूद इस सड़क का निर्माण नहीं होना दुर्भाग्यपूर्ण बात है। सांसद जी का संज्ञान में बात आ गया है। सांसद जी के प्रयास से इस सड़क का निर्माण होगा। मौके पर श्री साहू ने लोहरदगा उपायुक्त एवं आरईओ विभाग के कार्यपालक अभियंता से वार्ता कर जर्जर एवं कच्ची सड़क का निर्माण करने की बात कहें।आरईओ विभाग के कार्यपालक अभियंता ने कहा कि कल कनीयअभियंता गांव पहुंचकर इस सड़क की वस्तु स्थिति से अवगत होगा। मौके पर जोगिंदर उरांव, किशन उरांव, बंगाली उरांव, सोमनाथ टाना भगत, महावीर उरांव, राजेंद्र उरांव, फागू उरांव, महावीर उरांव, शनि उरांव, अशोक उरांव, राजपति उरांव, बंधु उरांव, लक्ष्मी उरांव, बाला टोप्पो, बिरसमनी उरांव, बुधनी उरांव, विमला उरांव, उजला उरांव, जसोदा उरांव, सहोदरा उरांव सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।



# जीवन में सबसे जरूरी है खुश रहना : नीरजा अंसारी




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश सह अध्यक्ष झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के न्यायामूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद के निर्देशानुसार और पीडीजे सह डालसा अध्यक्ष श्री राजकमल मिश्रा के मार्गदर्शन में सदर प्रखंड अंतर्गत मनहो गांव में स्थित वृद्धाश्रम में डालसा,लोहरदगा के द्वारा ÷अकेले नहीं है आप÷ कार्यक्रम के तहत लीगल - मेडिको कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें जिला जज द्वितीय नीरजा आसरी, डालसा सचिव राजेश कुमार, सब जज द्वितीय अर्चना कुमारी, प्रधान मजिस्ट्रेट जया स्मिता कुजूर एवं वृद्धाश्रम की संचालिका मनोरमा एक्का उपस्थित रहीं। लीगल - मेडिको कैंप के अवसर पर सदर अस्पताल लोहरदगा की पूरी टीम आरपी साहू के नेतृत्व में उपस्थित वृद्ध जनों एवं महिलाओं का शुगर, बीपी, सर्दी खांसी सहित अन्य चिकित्सीय जांच की गई एवं दवाइयों का वितरण किया गया। साथ ही वृद्ध जनों एवं उपस्थित लोगों के बीच फल एवं मिठाइयों का वितरण किया गया।

# केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति अध्यक्ष इंद्रजीत लकड़ा की अध्यक्षता में विधि व्यवस्था को लेकर हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति लोहरदगा कि बैठक मुद्रीका बैंकट हॉल में केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष इंद्रजीत लकड़ा कि अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसमें मुख्य रूप से केंद्रीय दुर्गा समिति के संरक्षक गण,सभी पूजा पंडाल के अध्यक्ष, सचिव एवं पदाधिकारी गण,योगी सेना आदि प्रबुद्ध जन उपस्थित रहे।बैठक में सभी लोगों ने विचार दिया कि प्रतिमा विसर्जन सामूहिक रूप से दशहरा मेला के अगले दिन एकादशी को विसर्जित किया जाए तथा सभी प्रतिमाएं बाबा मठ के पास 11 से 12:00 बजे अपराह्न तक पहुंच जाए एवं 12:00 बजे शोभायात्रा मुख्य पथ होते गाजे बाजे के साथ मिशन चौक होकर, वीर शिवाजी चौक से मुड़कर स्टेट बैंक होते हुए बड़ा तालाब तथा गुदरी बाजार स्थित तालाब में विसर्जन किया जाने की बात आई। केंद्रीय समिति ने इस वर्ष पंडाल, विद्युत तथा विधि व्यवस्था में प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार रखेगी। साथ ही विधि व्यवस्था में फर्स्ट एड, सीसीटीवी, वॉशरूम, अग्निशमन, वेटिंग एरिया, पेयजल, सुझाव पुस्तिका, व्हीलचेयर, रोड डायरेक्शन एवं कर्णप्रिय ध्वनि से भक्ति गीत बजाने आदि वाले पंडाल को विशेष रूप से पुरस्कृत किया जाएगा। सभी लोगों ने ट्रैफिक को देखते हुए विद्युत गेट की ऊंचाई व चौड़ाई पूर्व से ज्यादा रखने की बात कही।समिति ने मेला स्थल वह शहर के सभी क्षेत्रों में जिला प्रशासन से मिलकर विद्युत की व्यवस्था सुनिश्चित करेगी।

# ग्राम सलगी में फुटबॉल टूर्नामेंट का भव्य समापन समारोह का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** ग्राम सालगी में आयोजित फुटबॉल टूर्नामेंट का भव्य समापन समारोह संपन्न हुआ। इस टूर्नामेंट में स्थानीय प्रतिभाओं ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया और पूरे क्षेत्र से फुटबॉल प्रेमियों को आकर्षित किया। टूर्नामेंट का उद्देश्य ग्रामीण युवाओं को खेल के प्रति प्रोत्साहित करना और सामुदायिक एकता को बढ़ावा देना था। मुख्य अतिथि अभिनव सिद्धार्थ,भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव,ने अपने संबोधन में कहा कि सालगी के नागरिकों और खिलाड़ियों के लिए यह न केवल एक टूर्नामेंट का समापन है,बल्कि एकता और खेल भावना का उत्सव भी है। उन्होंने कहा कि फुटबॉल सिर्फ एक खेल नहीं है,बल्कि यह अनुशासन, नेतृत्व और टीमवर्क सिखाने का एक जरिया है, जो जीवन के हर क्षेत्र में जरूरी है। उन्होंने खिलाड़ियों की तारीफ करते हुए कहा कि उन्हें इन युवा खिलाड़ियों में भविष्य के नेता नजर आते हैं, जो न केवल खेल में बल्कि जीवन के हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि चाहे परिणाम कुछ भी हो, सभी खिलाड़ी विजेता हैं, क्योंकि खेल से मिलने वाले सबक और दोस्ती जीवनभर साथ रहेंगे। अभिनव सिद्धार्थ ने आयोजन समिति को भी धन्यवाद दिया और कहा कि इस प्रकार के आयोजन ग्रामीण युवाओं को खेल में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं। बालक वर्ग में प्रथम पुरुस्कार दरांगाह टोली ने सेन्हा को पेनल्टी शूटआउट में हराकर हासिल किया। वही बालिका वर्ग में प्रथम पुरिष्कार ज्योति क्लब पतलो और द्वितीय पुरुस्कार मसियातु को प्राप्त हुआ।



# नेहरू युवा केंद्र द्वारा भंडरा प्रखंड कार्यालय परिसर में चलाया गया स्वच्छता अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** स्वच्छता ही सेवा है कार्यक्रम के तहत माई भारत नेहरू युवा केंद्र संगठन युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय भारत सरकार,युवा विभाग लोहरदगा एवं युवा ग्रामीण विकास समिति भैसमुंदो के संयुक्त तत्वाधान में भंडरा प्रखंड कार्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान कार्यक्रम सचिव बालकृष्ण सिंह की अध्यक्षता में की गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उदरंगी पंचायत मुखिया परमेश्वर महली वार्ड सदस्य कांति देवी, आनंद सिंह, वासुदेव उराव, विवेक सिंह, अभिषेक सिंह, धरती पहान, राहुल सिंह, सुरेश उराव, चंद्रिका सिंह, बंधु उरांव, उमेश सिंह, रूपेश सिंह, रोहित महतो सहित अन्य सदस्यों के द्वारा स्वच्छता अभियान के तहत सफाई अभियान चलाया गया। कार्यक्रम के बाद सभी ने मिलकर शपथ लिया। मुखिया परमेश्वर महली ने कहा कि हमें मिलजुल कर लोगों मे जागरूकता लाना है ताकि हमारा गांव स्वच्छ रहे, गंदगी को दूर भगाना है गंदगी से बीमारी होती है। गांव घर के साथ-साथ व्यक्तिगत स्वच्छता अभियान जागरूकता कार्यक्रम चलाना है। स्वच्छता को अपनाना है बीमारी दूर भगाना है। प्रधानमंत्री जी के स्वच्छ भारत अभियान को सफल बनाना है। आज हर घर मे शौचालय की व्यवस्था की गई है एवं नल से जल की व्यवस्था की गई है ताकि लोग स्वच्छ जल के लिए इधर-उधर ना भटके और स्वच्छ जल का उपयोग करें। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन वासुदेव उरांव के द्वारा किया गया।

## जनता की सेवा करना ही राजनीति जीवन का पहला उद्देश्य : विधायक भूषण बाड़ा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** कोचेडेगा पेरिस अंतर्गत बेंदोजोर मंडली में विधायक मद से बनने वाले पीसीसी. पथ निर्माण कार्य का विधायक भूषण बाड़ा ने शिलान्यास किया। मौके पर विधायक ने शिलापट्ट का अनावरण किया। कार्यक्रम में पादरी गोविंदा महतो ने विधिवत पूजा सम्पन्न कराई। अपने संबोधन में विधायक ने कहा कि जनता की सेवा राजनीतिक जीवन का पहला उद्देश्य है। इसी उद्देश्य को पूरा करने के लिए राजनीतिक जीवन मे कदम रखा है। आज ईश्वर की कृपा से समूची मानव जाति के कल्याण का कार्य लगातार किया जा रहा है। सभी लोगों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जा रहा। विधायक मद का उपयोग अंतिम गांव में बसे गांवों के विकास में किया जा रहा है। विधायक ने कहा आज विधायक मद का उपयोग अनगिनत गांवों में ग्रामीणों की जरूरतों के अनुसार किया जा रहा है।

# कुरडेग में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के साथ कार्यकर्ता सत्ता परिवर्तन का भरेंगे हुंकार : केदार कश्यप

**कार्यकर्ताओं के हृदय में सत्ता परिवर्तन का जुनून, ऐतिहासिक होगा परिवर्तन यात्रा : सुशील श्रीवास्तव**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** भारतीय जनता पार्टी की आगामी 25 सितंबर से होने वाले परिवर्तन रथयात्रा को लेकर छत्तीसगढ़ के राज्य मंत्री केदार कश्यप ने ठेठईटांगर बोलबा केरसई कुरडेग प्रखंडो का दौरा कर रोड शो एवं सभा स्थल का निरीक्षण किया साथ ही कार्यकर्ताओं को दिशा निर्देश दिया, कुरडेग में बैठक की शुरुआत श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं दिनदयाल उपाध्याय के तश्वीर पर छत्तीसगढ़ के मंत्री केदार कश्यप एवं पूर्व सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर किया। सर्वप्रथम सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव ने छत्तीसगढ़ के मंत्री केदार कश्यप का स्वागत पुष्प गुच्छ एवं अंगवस्त्र ओढ़ाकर किया। मंडल अध्यक्ष सकल राम ने स्वागत उद्बोधन के साथ चर्चा प्रारंभ किया एवं परिवर्तन यात्रा की तैयारियों पर प्रकाश डाला। वहीं मुख्य अतिथि मंत्री केदार कश्यप में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि परिवर्तन यात्रा के दौरान कुरडेग में होने वाले जनसभा में छत्तीसगढ़ के माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी सभा को संबोधित करेंगे इसी सभा से हम सब सत्ता परिवर्तन का हुंकार भरेंगे। झारखंड की जनता अब वर्तमान भ्रष्ट सरकार से तंग आ चुकी है आने वाले विधानसभा चुनाव में जनता झारखंड में भाजपा सरकार चाहती है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा आप सब परिवर्तन यात्रा को सफल बनाने की तैयारी में जुट जाएं।बैठक को संबोधित करते हुए सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव ने कहा कुरडेग में पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री का यह कार्यक्रम ऐतिहासिक होगा आप सभी के हृदय में सत्ता परिवर्तन का जुनून देखने को मिल रहा है निश्चित ही 25 सितंबर को होने वाली जनसभा आप सभी के प्रयास से सफल होगा । मंडल प्रभारी प्रणव कुमार ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि कुरडेग में परिवर्तन यात्रा जनसभा में मुख्य अतिथि के तौर पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं हटिया विधायक नवीन जायसवाल मौजूद रह कर कार्यकर्ताओं को सत्ता परिवर्तन का संकल्प दिलाएंगे। कुरडेग में अतिथियों का आगमन दोपहर 3 बजे माइकल किंडो स्टेडियम में होगा।


## उपायुक्त का कार्यालय, हजारीबाग
## (जिला भू-अर्जन शाखा)

प्रपत्र VII

समाहर्त्ता या समुचित सरकार

अधिघोषणा

(अधिनियम–30/2013 की धारा–19(1) के अधीन)

अधिघोषणा सं0:– 1640/भू0अ0, हजारीबाग। दिनांक:– 11.09.2024

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ यथा अडानी इन्टरप्राईजेज लि0, गोन्दुलपारा कोयला खान परियोजना हेतु ग्राम गोन्दलपुरा, थाना बडकागॉव, थाना संख्या 142, अंचल बडकागॉव, जिला हजारीबाग में कुल 285.715 एकड़ यानि 115.63 हेक्टेयर भूमि अपेक्षित है।

इसलिए अधिघोषणा किया जाता है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू–खण्ड है, जो मानक माप से कमोवेश 285.715 एकड़ यानि 115.63 हेक्टेयर है और जो ग्राम गोन्दलपुरा, थाना बड़कागॉव, थाना संख्या 142, अंचल बड़कागॉव, जिला हजारीबाग में है, जिसका विवरण निम्नलिखित है–

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे प्लॉट सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखण्ड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1431 | 66 | 1375 | नीज | टांड–III | 0.135 | गांगो गोप, विशुन गोप, सहदेव गोप, दशरथ गोप पिता स्व0 नारायण गोप वो झमन गोप पिता स्व0 सुखलाल गोप सा0 देह। | प्लॉट–1374 | प्लॉट–1378 | प्लॉट–1376 | प्लॉट–1373 |
| 1432 | 66 | 1375/I | नीज | टांड–III | 0.135 | सहजु महतो पिता बानो महतो निवास ग्राम गोन्दलपुरा। | प्लॉट–1374 | प्लॉट–1378 | प्लॉट–1376 | प्लॉट–1373 |
| 1433 | 20 | 1376 | नीज | टांड–III | 0.69 | जनेधर गंझु वो फलेन्द्र गंझु वो खिरोधर गंझु वो सुरेन्द्र गंझु पिता स्व0 मोगल गंझु वो अघनु गंझु वो सुखदेव गंझु पिता स्व0 जग्रनाथ गंझु वो विसु गंझु पिता स्व0 तिलु गंझु निवास ग्राम गोन्दलपुरा। | प्लॉट–632 | प्लॉट–1380 | गाली | प्लॉट–1374 |
| 1434 | 58 | 1378 | नीज | टांड–III | 0.08 | श्रीकान्त निराला, इन्द्रनाथ महतो, सिकेन्दर दांगी, बिनोद कुमार दांगी पिता स्व0 रामदयाल महतो वो लखन महतो, भुखल महतो, मिठु महतो पिता स्व0 उदा महतो वो चेतनी कोईरीन माता स्व0 भीखनी कोईरीन वो फिरांगी महतो, बलकु महतो पिता स्व0 अर्जुन महतो सा0 देह। | प्लॉट–1375 | प्लॉट–1379 | प्लॉट–1377 | प्लॉट–1373 |
| 1435 | 58 | 1378/I | नीज | टांड–III | 0.16 | श्रीकान्त निराला, इन्द्रनाथ महतो, सिकेन्दर दांगी, बिनोद कुमार दांगी पिता स्व0 रामदयाल महतो वो लखन महतो, भुखल महतो, मिठु महतो पिता स्व0 उदा महतो वो चेतनी कोईरीन माता स्व0 भीखनी कोईरीन वो फिरांगी महतो, बलकु महतो पिता स्व0 अर्जुन महतो सा0 देह। | प्लॉट–1375 | प्लॉट–1379 | प्लॉट–1377 | प्लॉट–1373 |
| 1436 | 58 | 1379 | नीज | टांड–III | 0.0933 | श्रीकान्त निराला, इन्द्रनाथ महतो, सिकेन्दर दांगी, बिनोद कुमार दांगी पिता स्व0 रामदयाल महतो वो लखन महतो, भुखल महतो, मिठु महतो पिता स्व0 उदा महतो वो चेतनी कोईरीन माता स्व0 भीखनी कोईरीन वो फिरांगी महतो, बलकु महतो पिता स्व0 अर्जुन महतो सा0 देह। | प्लॉट–1378 | प्लॉट–1382 | प्लॉट–1380 | प्लॉट–1365 |
| 1437 | 58 | 1379/I | नीज | टांड–III | 0.1667 | श्रीकान्त निराला, इन्द्रनाथ महतो, सिकेन्दर दांगी, बिनोद कुमार दांगी पिता स्व0 रामदयाल महतो वो लखन महतो, भुखल महतो, मिठु महतो पिता स्व0 उदा महतो वो चेतनी कोईरीन माता स्व0 भीखनी कोईरीन वो फिरांगी महतो, बलकु महतो पिता स्व0 अर्जुन महतो सा0 देह। | प्लॉट–1378 | प्लॉट–1382 | प्लॉट–1380 | प्लॉट–1365 |
| 1438 | 16 | 1380 | नीज | टांड–I | 0.08 | दाशो गोप पिता स्व0 दुलार गोप वो फुलोन गोप पिता स्व0 गोपाल गोप गुजरा गोप पिता स्व0 टेको गोप साकिन देह। | प्लॉट–1376 | प्लॉट–1382 | प्लॉट–1381 | प्लॉट–1379 |
| 1439 | 16 | 1380/I | नीज | टांड–I | 0.08 | सरिता देवी पति रूपेन्द्र यादव निवास ग्राम गोन्दलपुरा। | प्लॉट–1376 | प्लॉट–1382 | प्लॉट–1381 | प्लॉट–1379 |
| 1440 | 7 | 1381 | नीज | टांड–III | 0.17 | नारायण गोप, लीलू गोप, खेदु गोप, बंसत गोप उर्फ किटु गोप वो उपेन्द्र गोप पिता स्व0 जोधी गोप वो चुरामन गोप, सहदेव गोप, पारसनाथ गोप पिता तेजो गोप वो सुकरी देवी पिता जागो गोप साकिन देह। | प्लॉट–1376 | प्लॉट–1382 | ग्राम गाली | प्लॉट–1380 |
| 1441 | 61 | 1382 | नीज | टांड–III | 0.34 | रामेश्वर राणा पिता स्व0 चिन्तामन राणा वो सिकेन्द्र राणा वो धर्मेन्द्र राणा पिता स्व0 नान्हु राणा, मनोज राणा वो सनोज कुमार पिता स्व0 सोहर राणा वो रामपुकार राणा पिता स्व0 सुकर राणा वो झबुवा बडही पिता स्व0 खेमन बडही सा0 गोन्दलपुरा। | प्लॉट–1380 | प्लॉट–1383 | ग्राम गाली | प्लॉट–1383 |
| कुल रकवा (एकड में ) | | | | | 285.715 | | | | | |

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों को सुनने और अधिनियम सं0 30/2013 की धारा 15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जॉच के पश्चात् किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या जिनके लिए पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिन्हित किए गए हैं, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नवत है:

ग्राम चन्दौल, थाना बड़कागॉव, थाना सं0 129, अंचल बड़कागॉव, जिला हजारीबाग क्षेत्रफल 161.99 एकड़ यानि 65.55 हेक्टेयर जिला भूमि अर्जन पदाधिकारी, हजारीबाग के कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है।

पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन योजना के सार नीचे दिये गये है:–

1- *RFCTLARR Act- 2013* के अनुसूची– I के अनुसार भूमि एवं परिसम्पति का मुआवजा:–

(क) भूमि का मुआवजा– प्रति एकड 24,56,986.00 रूपये (गुणाक घटक–2, सोलेशियम 100 प्रतिशत एवं तीन वर्ष की ब्याज की राशि सहित) देय होगा।

(ख) भूमि पर अवस्थित परिसम्पतियों का मुआवजा–संबंधित विभाग के द्वारा मुल्यांकन के पश्चात् मुल्यांकित राशि सोलिशियम सहित अर्थात मुल्यांकित राशि का दोगुना मुआवजा के रूप में प्रदान की जायेगी।

2- *RFCTLARR Act- 2013* के अनुसूची– II के अनुसार पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन संबधी उपबंध/हकदारियॉ–

| कंडिका | पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन संबधी उपबंध/हकदारियॉ। | |
|---|---|---|
| 1. | विस्थापन की दषा में आवासन इकाईयों की व्यवस्था:– | |
| | विकल्प | विस्थापित परिवारों को दिये जाने वाले लाभ |
| | विकल्प–1 | • 10 लाख रू0 प्रति परिवार स्वः स्थानांतरण (Self Re- location) की स्थिति में। |
| | विकल्प–2 | • पुनर्वास कॉलोनी में निर्मित मकान। |
| | विकल्प–3 | • पुनर्वास कॉलोनी में उपलब्धता के अनुसार एक प्लॉट। |
| | | • 7,00,000/- रू0 पुनर्वास कॉलोनी में मकान के बदले। |
| 2. | भूमि के लिए भूमि :– लागू नहीं | |
| 3. | विकसित भूमि के लिए प्रस्थापना :–लागू नहीं। | |
| 4. | रोजगार/वार्षिक वृति:– | |
| | ➢ प्रभावित परिवार के एक सदस्य को समुचित प्रशिक्षण एवं कौशल विकास करने के पश्चात् योग्यता, अहर्ता एवं कम्पनी की आवश्यकता अनुसार नियोजित किया जायेगा। अथवा ➢ प्रभावित परिवार को एक मुश्त 5,00,000/- (पांच लाख रूपये) देय होगा। अथवा ➢ प्रभावित परिवार को नियमानुसार 2,000/- (दो हजार रूपये) प्रतिमाह 20 वर्ष तक वार्षिक वृति देय होगा। | |
| 5. | विस्थापित कुटुंबों के लिए एक वर्ष की अवधि तक जीवन–निर्वाह अनुदान:– | |
| | ➢ प्रत्येक विस्थापित कुटुंबों को एक वर्ष तक 3,000/- रू0 प्रति माह जीवन निर्वाह अनुदान प्रदान किया जायेगा। | |
| 6. | विस्थापित कुटुंबों के लिए परिवहन खर्च:– | |
| | ➢ प्रत्येक विस्थापित कुटुंबों को 50,000/- रू0 प्रति परिवार परिवहन खर्च देय होगा। | |
| 7. | पशुबाड़ा खर्च:– | |
| | ➢ पशुबाडा हेतु प्रत्येक विस्थापित कुटुंम्ब को वित्तीय सहायता के रूप में 35,000/- रू0 देय होगा। | |
| 8. | कारीगरों, छोटे व्यापारियों, छोटी दुकान और कतिपय अन्य को एक बारगी अनुदान:– | |
| | ➢ कारीगर, छोटे व्यापारी, छोटे दुकान रखने वाले या स्वनियोजित व्यक्ति के प्रत्येक प्रभावित परिवार या ऐसे परिवार जिसके स्वामित्वधीन प्रभावित क्षेत्र में गैर–कृषिक भूमि या वाणिज्यक, औद्योगिक या संस्थागत ढ़ांचा है तो ऐसे प्रभावित व्यक्ति को एक बारगी वित्तीय सहायता के रूप में प्रोत्साहन राशि 25,000/- (पच्चीस हजार रूपये) दिया जायेगा। | |
| 9. | मछली पकड़ने का अधिकार:– लागू नहीं। | |
| 10. | एक बारगी पुनर्व्यवस्थापन भत्ता:– | |
| | ➢ प्रत्येक प्रभावित परिवार को एक बारगी पुनर्व्यवस्थापन भत्ता के रूप में 50,000/- (पचास हजार रूपये) एक मुश्त भुगतान किया जायेगा। | |
| 11. | स्टांप शुल्क और रजिस्ट्रीकरण शुल्क:– | |
| | ➢ प्रभावित परिवारों को आबंटित भूमि या मकान के रजिस्ट्रीकरण के लिए संदेय स्टांप शुल्क और अन्य फीस का वहन अडानी इन्टरप्राईजेज लि0 के द्वारा किया जायेगा। ➢ प्रभावित परिवारों को आबंटित मकान के लिए भूमि सभी विल्लंगमों से मुक्त होगी। ➢ आबंटित भूमि या मकान प्रभावित परिवार की पत्नी और पति दोनों के संयुक्त नाम में हो सकेगा। | |

3. पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन कॉलोनी में अवसंरचनात्मक सुविधाऍ/सहुलियतें एवं संसाधन:– *RFCTLARR Act- 2013* के अनुसूची– III के अनुसार उपलब्ध कराये जायेगें।

अन्य लाभ:– उपर्युक्त मुआवजा/सुविधाओं के अलावा अन्य लाभ भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 के अनुसार प्रभावित परिवारों को प्रदान किया जायेगा।

ह0/–

उपायुक्त सह समुचित सरकार,हजारीबाग

PR 336178 Land Reforms(24-25).D

## चलते चलते एक नजर

### गोली का जवाब गोले से दिया जाएगा : शाह



**श्रीनगर** : जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण का मतदान 25 सितंबर को होना है.दूसरे चरण में 26 सीटों पर चुनाव होंगे. इसे देखते हुए रविवार को केंद्र शासित प्रदेश में भाजपा की ओर से बड़े नेताओं ने धुआंधार प्रचार किया. पहले चरण की वोटिंग में लोगों में उत्साह देखा गया. वोटिंग प्रतिशत काफी अच्छी रही. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने प्रचार रैलियों को संबोधित किया. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज दूसरे दिन चुनाव प्रचार अभियान में शामिल हुए. अमित शाह ने नौशेरा में एक जनसभा को संबोधित किया. इस दौरान उन्होंने आरक्षण और आतंकवाद के मुद्दे को लेकर जम्मू-कश्मीर के तीन खानदानों पर जमकर निशाना साधा. उन्होंने कहा, फारूक अब्दुल्ला कहते हैं कि वे अनुच्छेद 370 को वापस लाएंगे. फारूक साहब, कोई भी अनुच्छेद 370 को वापस नहीं ला सकता. अब, बंकरों की जरूरत नहीं है क्योंकि कोई भी गोली चलाने की हिम्मत नहीं कर सकता. अगर वहां गोली आई तो गोली का जवाब गोले से दिया जाएगा. वे शेख अब्दुल्ला का झंडा वापस लाना चाहते हैं. जम्मू-कश्मीर में केवल हमारा तिरंगा लहराएगा. वे चाहते हैं कि हम पाकिस्तान के साथ बातचीत करें. हम आतंकवाद के खत्म होने तक पाकिस्तान के साथ बातचीत के पक्ष में नहीं हैं. वे आतंकवादियों को जेलों से रिहा करना चाहते हैं लेकिन नरेंद्र मोदी सरकार ने आतंकवाद को बहुत गहराई से दफना दिया है. कोई भी आतंकवादी या पत्थरबाज जेल से रिहा नहीं होगा.

### अमृतसर में हरमंदिर साहिब के पास श्रद्धालु ने गार्ड की पिस्तौल छीनकर खुद को गोली मारी

**अमृतसर** : पंजाब के अमृतसर में हरमंदिर साहिब के पास रविवार सुबह एक अज्ञात श्रद्धालु ने सुरक्षा गार्ड की पिस्तौल छीनकर खुद को गोली मार ली. पुलिस के मुताबिक घायल श्रद्धालु को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भेजा गया है.यह घटना श्री दरबार साहिब में शनि मंदिर के बाहर हुई, जिससे आगंतुकों के बीच अफरा-तफरी और तनाव का माहौल बन गया.मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के जज एनएस शेखावत श्री दरबार साहिब में माथा टेकने आए थे. जज के साथ अमृतसर पुलिस और सुरक्षाकर्मियों की एक पायलट गाड़ी तैनात थी. इस दौरान एक श्रद्धालु ने एएसआई अश्वनी कुमार की पिस्तौल छीन ली और उसने खुद को गोली मार ली.मौके पर पहुंचे डीएसपी गगनदीप सिंह ने मीडिया को बताया कि फिलहाल घायल व्यक्ति को इलाज के लिए गुरु नानक देव अस्पताल भेज दिया गया है. पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि श्रद्धालु कौन था और कहां का रहने वाला है. उन्होंने कहा कि फिलहाल इस मामले में कुछ नहीं कहा जा सकता कि इस घटना के पीछे असली वजह क्या थी. हमारी टीमें जांच में लगी हुई हैं.

# ऐतिहासिक होगा महिला सम्मान यात्रा : मंत्री मिथिलेश

**आज श्रीबंशीधर नगर से शुरू होगा दो दिवसीय महिला सम्मान यात्रा**



**कल्पना सोरेन सहित आधा दर्जन विधायक, सांसद व मंत्री होंगे शामिल**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा** : गढ़वा व पलामू में झामुमो का आयोजित दो दिवसीय महिला सम्मान यात्रा ऐतिहासिक होगा। इस यात्रा में गांडेय विधायक कल्पना सोरेन सहित मंत्री बेबी देवी, सांसद जोबा मांझी, राज्यसभा सदस्य महुआ मांझी,विधायक सविता महतो, गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर साहित्य कई अन्य लोग शामिल होंगे। जानकारी देते हुए मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि गढ़वा एवं पलामू में विभिन्न स्थानों पर आयोजित दो दिवसीय ऐतिहासिक महिला सम्मान यात्रा की तैयारी पूरी कर ली गई है। बाबा बंशीधर की नगरी श्रीबंशीधर नगर से इस यात्रा की शुरुआत की जाएगी। मंत्री श्री ठाकुर ने बताया कि 23 सितंबर सोमवार को 11 बजे कल्पना सोरेन एवं अन्य सभी का श्री बंशीधर नगर अनुमंडल के मैदान में हेलीकॉप्टर से आगमन होगा। उसके बाद सड़क मार्ग से 11:30 बजे बाबा बंशीधर मंदिर में पूजा अर्चना, 12:00 बजे बाबा बंशीधर मंदिर के समीप स्थित गढ़ में जलपान, उसके बाद वहां से रोड शो करते हुए सभा स्थल गोसाईबाग के लिए प्रस्थान करेंगी। 12:30 बजे से 3:00 बजे तक गोसाईबाग में सभा होगी। तत्पश्चात 3:30 बजे रमना प्रखंड में स्वागत कार्यक्रम, 4 बजे मेराल हाई स्कूल के मैदान में जनसभा तथा रात्रि 7:30 बजे गढ़वा जिला मुख्यालय स्थित बिरसा मुंडा हेलीपैड पार्क में चौपाल का आयोजन किया जाएगा। गढ़वा परिषदन में रात्रि विश्राम होगा। 24 सितंबर मंगलवार को प्रातः 10:30 बजे मां गढ़देवी मंदिर में पूजा अर्चना के बाद 11 बजे रामासाहू एक्सीलेंस स्कूल के स्टेडियम में जनसभा, दोपहर 12:30 बजे मझिआव में आम सभा, दोपहर 1:30 बजे हैदर नगर में आम सभा, 3 बजे छतरपुर में आम सभा, 4 :10 बजे नावा मोड़ पर स्वागत, 5:00 बजे शाम को पाटन में आम सभा तथा रात्रि 7:45 बजे मेदिनीनगर दलित छात्रावास में रात्रि चौपाल का आयोजन किया जाएगा। मंत्री श्री ठाकुर ने इन कार्यक्रमों में अधिक से अधिक संख्या में लोगों को भाग लेने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यह महिला सम्मान यात्रा राज्य की राजनीति में मिल का पत्थर साबित होगा।

### दुर्गापूजा महोत्सव को सफल बनाने के लिए युवा दस्ता ने किया बैठक

**रांची।** श्री दुर्गापूजा महोत्सव 2024 को सफल बनाने के लिए युवा दस्ता राँची की महत्वपूर्ण बैठक श्री दुर्गा मंदिर , लेक रोड , बड़ा तालाब के प्रांगण में सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से युवा दस्ता के संस्थापक सह मुख्य संग्रक्षक राजीव रंजन मिश्रा , संरक्षक शंकर दुबे , उपेन्द्र रजक एवं गोपाल पारीक उपस्थित थे। बैठक की अध्यक्षता पीयूष आनंद ने की एवं संचालन मनीष साहू ने किया । बैठक में धन्यवाद ज्ञापन शाहिल कुमार के द्वारा दिया गया । बैठक में शामिल सभी नए सदस्यों का स्वागत पट्टा पहनकर किया गया एवं सेवा कार्य का संकल्प दिलाया गया ।

## परिवर्तन किए बगैर राज्य का विकास संभव नहीं है : बाबूलाल मरांडी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** डाल्टनगंज विधानसभा के भंडारिया में परिवर्तन सभा को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने 23 सितंबर को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि झारखंड के विकास कांग्रेस, राष्ट्रीय जनता दल और झारखंड मुक्ति मोर्चा ने रोक है। इसका नेतृत्व हेमंत सोरेन कर रहे हैं झारखंड में परिवर्तन किए बगैर राज्य का विकास संभव नहीं है। लोगों से अपील है की इन लोगों को बदले। परिवर्तन करें और झारखंड में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाएं।प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि झारखंड अलग राज्य गठन के लिए लोग बरसों से आंदोलन कर रहे थे। कभी जयपाल सिंह के नेतृत्व में कभी शिबू सोरेन के नेतृत्व में आंदोलन चला। हालांकि कांग्रेस पार्टी ने झारखंड के लोगों की भावनाओं का कभी ख्याल नहीं किया। कांग्रेस ने पैसा देकर झारखंड आंदोलन को खरीद लिया। आंदोलन करने वाले को लोग पैसे पर बिक गए। झारखंड अलग राज्य भारतीय जनता पार्टी की देन है। भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रधानमंत्री दिवंगत अटल बिहारी वाजपेई की देन है। मरांडी ने कहा कि केंद्र और राज्य में भाजपा की सरकार होने पर झारखंड का विकास तेजी से होगा। आज से 20-25 साल पहले गांव में सड़कें नहीं होती थी। लोग पैदल आना जाना करते थे। बारात भी कोसों दूर पैदल ही जाना पड़ता था। भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने पर गांव-गांव तक सड़कें बन गई। आज लोग गाड़ी से आना-जाना करते हैं।

## प्रशासन गंभीर नहीं : अरुणा शंकर

**प्रथम महापौर एवं चेंबर अध्यक्ष ने अपने निजी खर्च से गोताखोर को बुलाया**



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** 2 दिन पूर्व पानी में डूब जाने से मेदिनीनगर बाजार के व्यवसाई बली साव के पौत्र व बंटी का पुत्र सक्षम का अभी तक नहीं मिल पाने से पूरे बाजार में शोक का माहौल है। कई बार पीड़ित परिवार ने प्रशासन एवं विधायक से अनुरोध किया। गोताखोर बुलाने की गुहार लगाई। लेकिन 2 दिन बीत जाने के बाद भी अब तक कोई भी सहायता नहीं पहुंच पाना प्रशासन पर सवाल खड़ा कर रहा है। इस बीच जैसे ही प्रथम महापौर अरुणा शंकर को जानकारी हुई कि गोताखोर नहीं आ रहा है, तो तुरंत उन्होंने अपने निजी खर्च है दाउदनगर से पांच गोताखोरों को बुलाते हुए बीते रात 10 बजे से सक्षम की खोज शुरू करा दी। जो अभी भी जारी है। व्यवसाईयों ने प्रथम महापौर अरूणा शंकर एवं चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर की सराहना की। कहा कि हम सबों के दुख सुख के साथी यहां के नेता नहीं व्यवसाईयों के दिल में बसने वाले आनंद शंकर एवं अरूणा शंकर हैं। अरुणा शंकर के प्रयास से पुनः सक्षम की तलाश में गोताखोरों द्वारा खोज की जा रही है। वे स्थल पर गई और उन्हें एक दिन और मेहनत करने को कहा। प्रथम महापौर ने कहा कि प्रशासन हाथ पर हाथ रख कर बैठी है। किसी परिवार के मर्म को नहीं समझ रहा। अब भी कोई बाहर से गोताखोर नहीं आया और प्रशासन गंभीरता से नहीं लेगी तो हम सब पूरा बाजार बंद कर इस मुद्दे को गंभीरता से लेंगे।

# वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का पलामू में हुआ जोरदार स्वागत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** वंदे भारत एक्सप्रेस रविवार को पहली बार पलामू से गुजरी. पलामू के डाल्टनगंज और गढ़वा रोड रेलवे स्टेशन पर वंदे भारत एक्सप्रेस का जोरदार स्वागत किया गया.

पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने डाल्टनगंज रेलवे स्टेशन पर वंदे भारत एक्सप्रेस का स्वागत किया, जबकि गढ़वा रोड रेलवे स्टेशन पर स्थानीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने ट्रेन का स्वागत किया.पलामू के रास्ते वंदे भारत एक्सप्रेस के परिचालन को लेकर लंबे समय से मांग उठ रही थी. वंदे भारत एक्सप्रेस सप्ताह में 2 दिन पलामू के इलाके से होकर गुजरेगी. रविवार को वंदे भारत एक्सप्रेस टाटानगर से पलामू होते हुए पटना जाएगी.

वहीं सोमवार को वंदे भारत एक्सप्रेस पटना से पलामू होते हुए टाटानगर जाएगी. डाल्टनगंज रेलवे स्टेशन पर सांसद वीडी राम ने कहा कि वंदे भारत एक्सप्रेस के परिचालन से पलामू के लोगों को काफी फायदा होगा. इस ट्रेन से यात्री पटना और टाटानगर कम समय में पहुंच सकते हैं. यात्रियों की संख्या बढ़ने पर भविष्य में ट्रेन का फेरा बढ़ाया जाएगा.

वंदे भारत का डाल्टनगंज से पटना तक का किराया 1110 रुपये, डाल्टनगंज से गया तक 965 रुपये, डालटनगंज से सोननगर तक 825 रुपये, डाल्टनगंज से टाटा 1060 रुपये, डाल्टनगंज से मुरी 905 रुपये, डाल्टनगंज से चांडिल का किराया 1020 रुपये निर्धारित है.

### होमगार्ड्स के जवान की पासिंग आउट परेड संपन्न

**रांची :** धुर्वा स्थित केंद्रीय प्रशिक्षण संस्थान में रविवार को 217 होमगार्ड्स की पासिंग आउट परेड आयोजित की गयी। कार्यक्रम का नेतृत्व कमांडेंट सीटीआई कौशिक कुमार ने किया। 63 दिवसीय इस प्रशिक्षण में शारीरिक और शस्त्र प्रशिक्षण शामिल था। मुख्य अतिथि के रूप में डीआईजी होमगार्ड्स अजय लिंडा शामिल हुए। प्रशिक्षण की एक महत्वपूर्ण विशेषता यह रही कि पहली बार महिला होमगार्ड्स को इंसास राइफल का प्रशिक्षण और फायरिंग कराई गयी. कई प्रशिक्षुओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, कुछ ने इंसास और .303 राइफल में 10/10 का सटीक निशाना लगाया। पासिंग आउट परेड का नेतृत्व परेड कमांडर अपर्णा कुमारी ने किया। यह पासिंग आउट परेड राज्य के लिए गर्व का क्षण है, जो इन होमगार्ड्स की सेवा और सुरक्षा के प्रति तत्परता को दर्शाती है।

## पीयूष गोयल ने सिंगापुर में इवेंस्ट इंडिया कार्यालय का किया उद्घाटन



एजेंसी

**नई दिल्ली :** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने रविवार को सिंगापुर में इवेंस्ट इंडिया कार्यालय का उद्घाटन किया। इसके साथ ही उन्होंने यहां कुछ चुनिंदा उद्यमियों और निवेशकों के साथ अलग-अलग बैठकें कीं। इस दौरान उन्होंने भारत में निवेश के अवसरों और इन कंपनियों की संभावित योजनाओं के बारे में चर्चा की। गोयल लाओस के दो दिवसीय आधिकारिक दौरे से लौटते हुए सिंगापुर में रूके हुए थे।केंद्रीय वाणिज्य मंत्री गोयल ने कहा कि सिंगापुर में इंवेस्ट इंडिया कार्यालय का उद्घाटन करते हुए गर्व हो रहा है। उन्होंने कहा कि यह भारत और सिंगापुर के बीच आर्थिक संबंधों को मजबूत करने और विशाल निवेश अवसरों को आगे बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण क्षण है। उन्होंने कहा कि ये वैश्विक साझेदारी को बढ़ावा देने और साझा समृद्धि को आगे बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।उन्होंने कहा कि उन्होंने सिंगापुर में सुरबाना जुरोंग के ग्रुप सीईओ सीन चियाओ से मुलाकात की। वाणिज्य मंत्री ने बताया कि भारत के तेजी से विकसित हो रहे शहरी और औद्योगिक बुनियादी ढांचे के क्षेत्र के लिए कंपनी की योजनाओं पर हमारी एक उपयोगी चर्चा हुई। उन्होंने आगे कहा कि भारत वैश्विक स्तर पर अगली पीढ़ी के बुनियादी ढांचे को आकार देने में सुरबाना जुरोंग के साथ मिलकर काम करने की उम्मीद करता है।इससे पहले केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री गोयल ने सिंगापुर स्थित असबाबवाला फर्नीचर निर्माण कंपनी एचटीएल इंटरनेशनल की मुख्य कार्यपालक अधिकारी फुआ मेई मिंग के साथ बैठक की।

## प्राइमरी मार्केट में बढ़ेगी हलचल, अगले 5 दिन में खुलेंगे 11 नए आईपीओ




एजेंसी

**नई दिल्ली :** सोमवार से शुरू हो रहे कारोबारी सप्ताह के दौरान एक बार फिर प्राइमरी मार्केट में काफी हलचल रहने वाली है। इस सप्ताह 11 कंपनियां के आईपीओ लॉन्च होने वाले हैं, जिनमें से दो आईपीओ मेनबोर्ड सेगमेंट के हैं। यानी इनकी लिस्टिंग बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज दोनों जगह पर होगी। इसके साथ ही पिछले सप्ताह खुले 5 आईपीओ में इस सप्ताह भी बोली लगाने का मौका बना हुआ है। इस सप्ताह सोमवार को ही 3 कंपनियों के आईपीओ लॉन्च हो रहे हैं।

इनमें नॉन बैंकिंग फाइनेंस कंपनी मानबा फाइनेंस का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए कल 23 सितंबर को खुलेगा। इसकी क्लोजिंग 25 सितंबर को होगी। आईपीओ के तहत बोली लगाने के लिए 114 से 120 रुपये का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 125 शेयर का है।आईपीओ के जरिए कंपनी 150.84 करोड़ रुपये जुटाना चाहती है। कंपनी के शेयरों की लिस्टिंग बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर 30 सितंबर को होगी।रैपिड वाल्व्स इंडिया का आईपीओ भी सब्सक्रिप्शन के लिए कल ही ओपन होने के बाद 25 सितंबर को क्लोज होगा। कंपनी इस आईपीओ के जरिए 30.41 करोड़ रुपये जुटाना चाहती है। आईपीओ के तहत 210 से 222 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 600 शेयर का है।

कंपनी के शेयर 30 सितंबर को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के एसएमई प्लेटफॉर्म पर लिस्ट होंगेडब्ल्यूओएल 3डी का आईपीओ भी कल खुलने के बाद 25 सितंबर को बंद होगा। इस आईपीओ के जरिए कंपनी 25.56 करोड़ रुपये जुटाना चाहती है।

### पठान तंजीम सदस्यता अभियान का किया गया शुभारम्भ : सदर अयूब राजा खान

**रांची।** पठान तंजीम रांची के द्वारा जनाब तौकीर खान साहब के आवास पर पठान तंजीम सदस्यता अभियान किया गया जिसमे पटलखुदवा, इस्लाम नगर, मिल्लत कॉलोनी, आजाद बस्ती, कांटा टोली और अन्य क्षेत्र लोगों ने सदस्यता अभियान में शामिल हुवे लगभग सैकड़ो को सदस्यता अभियान में जोड़ा गया और सदस्यता अभियान प्रत्येक रविवार को रांची शहर के विभिन्न विभिन्न क्षेत्र में किया जाएगा। सदस्यता अभियान में जिनका नाम इस क्षेत्र से छूट गया हैं आप सीधा तौकीर भाई और शकील भाई से संपर्क कर सकते हैं। कार्यक्रम में उपस्थित सदर अयूब राजा खान, वसीम ख़ान, रिजवान खान, तौसीफ खान, शाहिद अख्तर टुकलू ,तौकीर खान , नन्हू भाई, शकील अहमद,आरिफ खान,अकील खान,मंसूर खान, जुनैद हाफिज,अन्य लोगों मौजूद थे।

## चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति इस वर्ष काशी के गंगा घाट थीम बना रही पंडाल




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची:** चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति के इस बार काशी के गंगा घाट थीम पर पंडाल बना रहा है। समिति के अध्यक्ष रमेश सिंह ने रविवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि इस दौरान काशी के प्रसिद्ध घाटों को दिखाया जाएगा। साथ ही एक महल का निर्माण भी होगा, जिसमें मां भवानी का दरबार सजेगा। घाट पर साधु का भी सिलिकॉन का प्रतिमा रहेगा, जो पूजा करते दिखेंगे। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भी आरती करते हुए सिलिकॉन कि जिवंत प्रतिमा रहेगी। इस बार मां कि प्रतिमा भी सिलिकॉन की रहेगी। इस बार पूजा का बजट लगभग 40 लाख रूपया रखा गया है। सिंह ने बताया कि इस वर्ष फिर से मां भवानी के भक्तों के बीच आकर्षक पूजा पंडाल मनोरम मां भवानी का दरबार एवं मधुर सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जाएगा। नवरात्र के पंचमी तिथि से पूजा पंडाल का अनावरण किया जाना है। पंचमी तिथि को बिहार के सुप्रसिद्ध गायक पवन सिंह के द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा।

वहीं प्रसिद्ध भजन गायिका शालिनी और सोना सिंह अपने भजनों की प्रस्तुति श्रद्धालुओं के बीच करेंगी। जबकि नवरात्र के छठे दिन अरविंद अकेला कल्लू के द्वारा भजनों की प्रस्तुति होगी और इनका साथ देने के में अनुपम यादव,शिवानी सिंह, आलोक सिंह, यामिनी सिंह, आस्था सिंह भी एक से बढ़कर एक भजनों को प्रस्तुत करेंगी। सप्तमी की संध्या में बनारस से आए 11 पुरोहितों के द्वारा काशी विश्वनाथ गंगा आरती के तर्ज पर मां भवानी की महाआरती आयोजित की जाएगी। दशमी को महाकाल उज्जैन के प्रसिद्ध भजन गायक गजेंद्र प्रताप सिंह द्वारा मधुर भजनों की प्रस्तुति की जाएगी। चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति महिलाओं और आए श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षा का हर संभव पुख्ता इंतजाम करेगा। पूजा पंडाल के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम स्थल पर 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरा लगाए जाएंगे।